✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 262 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 18 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार विधान परिषद् के सभापति कक्ष में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलते स्पेश एप्लीकेशन सेंटर, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के निदेशक निलेश एम. देसाई

### एआई समिट में बिहार ने 468 करोड़ निवेश पर किए हस्ताक्षर

# आईआईटी पटना बनेगा इनोवेशन का केंद्र, नौकरियों की लगेगी झड़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/पटना।** बिहार अब देश का अगला बड़ा टेक्नोलॉजी हब बनने की राह पर है। दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे दुनिया के सबसे बड़े एआई (इम्र) इवेंट में बिहार सरकार ने बाजी मार ली है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह की मौजूदगी में राज्य के लिए 468 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को हरी झंडी मिली है। इस पूरे प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खबर यह है कि आईआईटी पटना में 250 करोड़ रुपये की लागत से एक शानदार रिसर्च पार्क बनाया जाएगा। इसके अलावा 60 करोड़ रुपये खर्च करके बिहार एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। इसमें टाइगर एनालिटिक्स जैसी बड़ी कंपनियां और आईआईटी पटना मिलकर काम करेंगे। सरकार का लक्ष्य है कि इस निवेश के जरिए राज्य में 10 हजार से ज्यादा डायरेक्ट नौकरियां पैदा की जाएं। 50 हजार युवाओं को ऐसी स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे वे दुनिया की किसी भी बड़ी टेक कंपनी में काम कर सकें।




उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि राज्य की नई सेमीकंडक्टर और जीसीसी नीतियों की वजह से रेड साइबर और सीआईपीएल जैसी कंपनियां बिहार में निवेश करने के लिए आगे आई हैं। समिट में बिहार का अपना एक विशेष पवेलियन बनाया गया है, जहां 135 देशों के प्रतिनिधि राज्य की प्रगति देख रहे हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के अनुसार यह निवेश बिहार की अर्थव्यवस्था को बदलने वाला साबित होगा। अब बिहार के टैलेंटेड युवाओं को नौकरी के लिए बेंगलुरु या हैदराबाद भागने की जरूरत नहीं होगी बल्कि उनके अपने राज्य में ही विश्वस्तरीय अवसर उपलब्ध होंगे। इस मौके पर बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेंद्र, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, कृषि विभाग के निदेशक सौरभ यादव, आईआईटी, पटना के प्रोफ़ेसर प्रीतम कुमार और आईआईटी, पटना के निदेशक प्रोफ़ेसर टीएन सिंह भी मौजूद थे।

## 50 हजार घूस लेते जिला कृषि पदाधिकारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जले में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई (एसयूभी) ने बड़ी कार्रवाई की है। 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए जिला कृषि पदाधिकारी और उसके ड्राइवर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह ट्रैप कार्रवाई मंगलवार को एसयूभी, बिहार द्वारा की गई जिससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। दरअसल निगरानी विभाग को एक परिवादी द्वारा लिखित शिकायत दी गई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि हिमांशु कुमार, जो अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सह प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के पद पर तैनात हैं, खाद दुकान की जांच के नाम पर लाइसेंस रद्द करने का भय दिखाकर 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया कि यह रकम उनके ड्राइवर रामबाबू राय के माध्यम से ली जानी थी। शिकायत मिलने के बाद एसयूभी ने मामले की गोपनीय जांच और सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद निगरानी के पुलिस उपाधीक्षक बिंदेश्वर प्रसाद और निगरानी डीएसपी सुधीर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और तय योजना के अनुसार आज को कार्रवाई को अंजाम दिया। एसयूभी की टीम ने जैसे ही रिश्वत की रकम का लेन-देन शुरू हुआ, मौके पर छापा मार दिया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार और उनके ड्राइवर रामबाबू राय को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। निगरानी डीएसपी सुधीर कुमार ने बताया कि अधिकारी रिश्वत की राशि अपने ड्राइवर के माध्यम से ले रहे थे, जिसे सबूतों के साथ जब्त किया गया है। एसयूभी की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## तिलक से लौटने के दौरान हादसे में तीन चचेरे भाइयों की मौत

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के ज़िले के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के कटहरपुल के पास सड़क हादसे में तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों भाई दोस्त की बहन के तिलक से लौट रहे थे तभी सड़क हादसे में उनकी दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं एक की हालात नाज़ुक बताई जा रही है, जिसका इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा है। दरअसल एकंगरसराय-जहानाबाद मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार कार सामने से आ रही गाड़ी को चकमा देने की कोशिश में अनियंत्रित हो गई और सीधे पुल के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में जहानाबाद जिले के टेनी बिगहा गांव निवासी तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सोनू कुमार (21), रोहित कुमार (22) और उद्देश्य कुमार (18) के रूप में हुई है। तीनों मसौढ़ी में एक दोस्त की बहन के तिलक समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। हादसे में 19 वर्षीय सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया।

## छात्रों से भरी बस ने ट्रक में मारी टक्कर, दो शिक्षकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के परसथुआ थाना क्षेत्र के सोहसा पेट्रोल पंप के निकट आरा-मोहनिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 319 पर बीती रात लगभग साढ़े बारह बजे छात्रों को लेकर राजगीर जा रही बस ओवरटेक करने के क्रम में ट्रक से टकरा गई। इस घटना में दो शिक्षकों की मौत हो गई जबकि पांच शिक्षक व 11 छात्र गंभीर रूप से जख्मी हैं। मृत शिक्षक पुनीत कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले के मणिहान थाना क्षेत्र के बगहवा गांव के तथा संजय कुमार राय कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के भैंसहट गांव के निवासी थे। दोनों चैनपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बढ़ौना में कार्यरत थे। पुलिस घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस ले गई जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी छात्रों व शिक्षकों को रेफर कर दिया गया। ट्रक रात में ही भाग गया तथा चालक भी बस छोड़कर भाग निकला। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि चैनपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बढ़ौना के छात्रों का परिभ्रमण दल मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत राजगीर जा रहा था। बस जैसे ही परसथुआ थाना क्षेत्र के सोहसा पेट्रोलपंप से आगे बढ़ी तभी चालक ओवरटेक के क्रम में ट्रक में टक्कर मार दी। इसमें शिक्षक पुनीत कुमार सिंह व संजय कुमार राय की मौत हो गई। घायलों में प्रधानाध्यापक विपिन बिहारी पांडेय, सहायक शिक्षिका ललिता कुमारी, लोरिक सिंह, ज्योति कुमारी, सियानंद पटेल समेत 11 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत रत्न जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व विधायक अनिल कुमार, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद, जननायक स्व.



कर्पूरी ठाकुर के परिजन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भारत रत्न जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकरी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई तथा भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित गीत, भजन-कीर्तन एवं निर्गुण गीत की प्रस्तुति की गई।

## देवकुंड केंद्रीय विद्यालय में इसी सत्र से होगी पढ़ाई शुरू : उपेंद्र कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देवकुंड केंद्रीय विद्यालय में इसी सत्र से पढ़ाई की शुरुआत हो जाएगी। यह जानकारी राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार की शाम औरंगाबाद में दी। वह एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औरंगाबाद आए थे। यहां प्रबुद्ध नागरिकों और पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री कुशवाहा ने बताया कि देवकुंड केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी उन्होंने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री रहते हुए की थी और उन्हें प्रसन्नता है कि अब जाकर इस विद्यालय की स्थापना का सपना पूरा हो रहा है और 2026 में यहां पढ़ाई शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि देवकुंड और गोह क्षेत्र काफी पिछड़ा क्षेत्र रहा है। यहां केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से लोगों को काफी फायदा होगा और शिक्षा के विस्तार में सहायता मिलेगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि उन्हें लगातार राष्ट्रीय राजमार्ग 139 की बदहाली के बारे में पता चला रहा है और वह मानते हैं कि इस सड़क का फोरलेन किया जाना बेहद आवश्यक है । उन्होंने कहा कि वे इस बारे में हर संभव प्रयास करेंगे और केंद्रीय परिवहन मंत्री से भी मिलकर विशेष अनुरोध करेंगे कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी फोर लेन किया जाए ताकि यहां होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस बात की समीक्षा की जाएगी कि औरंगाबाद में एयरपोर्ट बनाया जाना उपयुक्त होगा कि नहीं। उन्हें स्थानीय बुद्धिजीवियों ने बताया कि औरंगाबाद के आसपास कोई एयरपोर्ट नहीं है। अगर यहां एयरपोर्ट बनता है तो बिहार के औरंगाबाद, अरवल, रोहतास कैमूर तथा गया के दक्षिणी पश्चिमी भाग झारखंड के उत्तरी भाग के लोगों को काफी सुविधा होगी। श्री कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने गया से दिल्ली के लिए स्लीपर वंदे भारत ट्रेन की मांग की थी जो जल्द पूरी हो जाएगी। इसका स्टॉपेज औरंगाबाद के एएन रोड पर भी होगा।

### एनएच-139 को फोरलेन बनाने के लिए किया जाएगा प्रयास



## सरकारी जमीन की सूचना देने वालों को मिलेगा सम्मान : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार ने प्रदेश में जमीन विवाद को जड़ से खत्म करने और सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए एक बड़ा मास्टरप्लान तैयार किया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विधान परिषद में बजट बहस के दौरान स्पष्ट कर दिया है कि अब भू-माफियाओं के खिलाफ सीधी और निर्णायक जंग होगी। बिहार सरकार ने भूमि विवाद और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के मामलों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विधान परिषद में बजट पर जवाब देते हुए घोषणा की कि राज्य के सभी सर्किल



में सक्रिय भूमाफियाओं की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक सर्किल से कम से कम दो बड़े भूमाफियाओं की सूची तैयार करें और उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। सरकार का उद्देश्य सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त रखना और आम लोगों को भूमि विवाद से राहत देना है। डिप्टी सीएम ने जनता को सरकार के साथ जोड़ने के लिए एक अनूठी पहल की घोषणा की है।अब जो भी जागरूक नागरिक अपने अंचल में सरकारी जमीन की पहचान करने या अतिक्रमण की जानकारी देने में प्रशासन की मदद करेंगे, सरकार उन्हें विशेष समारोह आयोजित कर सम्मानित करेगी। इस पहल को प्रशासनिक निगरानी मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर जवाबदेही बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। विजय सिन्हा ने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य हर हाल में सरकारी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इतना ही नहीं, जिन अंचलों से भूमि विवाद की सबसे अधिक शिकायतें आएंगी, उपमुख्यमंत्री स्वयं वहां जाकर जमीनी हकीकत की समीक्षा करेंगे और ऑन-द-स्पॉट समस्याओं का समाधान निकालेंगे। राजस्व विभाग में कामकाज को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने डिजिटल व्यवस्था को पूरी तरह अपना लिया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि एक जनवरी से पुराने 'चिरकुट' आधारित दस्तावेजों की व्यवस्था खत्म कर दी गई है और अब सभी अंचलों में आधुनिक रिकार्ड रूम बनाने का काम चल रहा है। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि सरकार एक वर्ष के भीतर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में 11,584 रिक्त पदों पर बहाली की प्रक्रिया पूरी कर लेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेला थाना के मुंशी को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बेला थाना के मुंशी विकास कुमार पर बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग कर दी। गोली पेट के पास लगी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद पुलिस कर्मियों ने उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। कुछ हमलावर मौके से फरार हो गए, जबकि एक शातिर अपराधी पप्पू सहनी को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया।

### जाली नोटों का बड़ा कारोबारी गिरफ्तार

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जाली नोटों के कारोबार से जुड़े एक बड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बासोपट्टी थाना पुलिस और नगर थाना पुलिस ने मिलकर की। छापेमारी के दौरान नगर थाना क्षेत्र के कोतवाली चौक मोहल्ले से अब्दुस सलाम के पुत्र अब्दुल इनाम उर्फ लादेन को पकड़ा गया।

### अशोक चौधरी ने एएन कॉलेज में दिया योगदान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बनने के बाद मंगलवार को पटना के एएन कॉलेज में योगदान दे दिया है। इस मौके पर उन्होंने एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने पिता को याद किया। अशोक चौधरी ने लिखा कि यह दिन उनके पिता का सपना था। उन्होंने कहा कि आपका सपना साकार हुआ, पापा। जो आप देखना चाहते थे, वो आज हो रहा है। उन्होंने बताया कि उनके पिता चाहते थे कि वह राजनीति से दूर रहें। वे चाहते थे कि बेटा प्रोफ़ेसर बने और स्थिर जीवन जिए।

### सितंबर में होगी शिक्षक बहाली परीक्षा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग ने चौथे चरण की शिक्षक बहाली परीक्षा (टीआरइ-4) की तारीखों का ऐलान कर दिया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में 46,595 पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा सितंबर 2026 में आयोजित की जाएगी जबकि इसका परिणाम नवंबर 2026 में जारी किया जाएगा। परीक्षा के दो महीने के भीतर रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। संशोधित वार्षिक परीक्षा कैलेंडर के अनुसार, टीआरइ-4 परीक्षा 22 से 27 सितंबर 2026 के बीच आयोजित होगी।

### खनन कार्यालय का लिपिक और परिचारी घूस लेते गिरफ्तार

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में घूसखोर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है कि इन लोगों ने हम नहीं सुधरेंगे की मानो कसम ही खा ली है। एक बार फिर निगरानी के हत्थे रिश्वतखोर चढ़े हैं। विजिलेंस की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस बार किशनगंज के खनन कार्यालय के लिपिक और परिचारी को घूस लेते गिरफ्तार किया गया है। खनन कार्यालय के लिपिक अशोक कुमार चौधरी को आठ हजार रुपये और परिचारी सरोज कुमार सिंह को सात हजार रूपये घूस लेते पकड़ा गया है।





आकर्षक लाभों के साथ जीवन बीमा सुरक्षा

| पॉलिसी अवधि | प्रीमियम भुगतान अवधि |
|---|---|
| 16 | 10 |
| 21 | 15 |
| 25 | 16 |

एलआईसी का जीवन लाभ

एक पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

Plan No.: 736 UIN No.: 512N304V03

- न्यूनतम मूल बीमा राशि : ₹200,000/-
- अधिकतम मूल बीमा राशि : कोई सीमा नहीं
- प्रवेश की न्यूनतम आयु : 8 वर्ष
- प्रवेश की अधिकतम आयु : पॉलिसी अवधि 25/21/16 वर्ष के लिए 50/54/59 वर्ष

अधिक जानकारी के लिए, अपने एजेंट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें।

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

"प्रोडक्ट के अंतर्गत दर्शाए गए बोनसों के जोखिम घटकों की कोई गारंटी नहीं है. पिछली कार्यकुशलता भावी बोनसों के बारे में किसी संकेत की रचना नहीं करती है तथा ये प्रोडक्ट्स बीमा कंपनी की निवेशों, व्ययों के प्रबंधन, मर्त्यता तथा कालातीत होने के रूप में समग्र कार्यकुशलता के अधीन है."

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/52/Hin

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.


C M Y K

# कर्पूरी जी का जीवन समानता के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने के अथक प्रयास की मिसाल : डॉ. प्रेम कुमार

## बिहार विधान सभा में मनी जननायक की पुण्यतिथि, प्रतिमा पर माल्यार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने, स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने के अथक प्रयास की मिसाल है। वे आजीवन शोषितों, वंचितों, पीड़ितों और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित रहे। मैं उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। ये बातें जननायक की पुण्य तिथि के अवसर पर मंगलवार को बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहीं। उन्होंने बिहार विधान सभा परिसर स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि उन्होंने विधानसभा से लेकर सड़क तक जन समस्याओं के समाधान के लिए अपनी आवाज बुलंद की। सत्ता में आने के बाद दो बार अपने मुख्यमंत्रित्व काल में सरकार को जनता तक पहुंचाने तथा बेहतर जन कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। किसानों का भू राजस्व बकाया माफ किया। भूमि पर अधिभार समाप्त किया। गरीबी-अशिक्षा के दुष्चक्र को तोड़ने के लिए दसवीं कक्षा तक शिक्षा को निःशुल्क किया। अंग्रेजी में उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता समाप्त की। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने के लिए पहली बार अंत्योदय योजना लागू की। पिछड़ी जातियों, अति पिछड़ी जातियों, महिलाओं और उच्च जाति के गरीबों के लिए शैक्षिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू किया। सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सबके लिए प्रेरणादायी है। कर्पूरी जी का जीवन सादगी, संघर्ष, सामाजिक न्याय एवं समता मूलक समाज का प्रतीक था। उनका मानना था कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मान और अवसर प्राप्त करें तभी विकसित समाज होगा, विकसित बिहार बनेगा।

# भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली-हाजीपुर/कोलकाता।** 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने की संयुक्त घोषणा की। यह समझौता भारत-यूरोपीय संघ आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है और प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ भारत की व्यापारिक भागीदारी को नई दिशा देता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसे भारत की वैश्विक आर्थिक दृष्टि की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी का व्यापक ढांचा है। यह समझौता गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने, नियामक सहयोग बढ़ाने, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाने और डिजिटल व्यापार, बौद्धिक संपदा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी तथा सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करेगा। यह मुक्त व्यापार समझौता भारत-यूरोपीय संघ संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत है और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप समावेशी, सुदृढ़ और भविष्य-उन्मुख विकास की नींव रखता है। भारत, जो विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यूरोपीय संघ, जो दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 25 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत से अधिक भारतीय निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजार में वरीयता प्राप्त पहुंच मिलेगी। इससे विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, महिलाओं, कारीगरों, युवाओं और पेशेवरों के लिए नए अवसर और रोजगार सृजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। अनुमान है कि इस समझौते से 6.41 लाख करोड़ रुपये यानी 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात को गति मिलेगी। वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लगभग 33 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात को विशेष लाभ होगा। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में संतुलित और सावधानीपूर्वक उदारीकरण किया गया है जिससे पारस्परिक बाजार पहुंच के साथ 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा मिलेगा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए नए अवसर खुलेंगे जबकि संवेदनशील कृषि उत्पादों और डेयरी क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है और इन क्षेत्रों में बाजार पहुंच नहीं दी गई है। सेवाओं के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्त, पर्यटन और निर्माण जैसे क्षेत्रों के लिए व्यावसायिक रूप से सार्थक बाजार पहुंच सुनिश्चित की गई है।

# रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वी सर्किल द्वारा बेतिया-कुमारबाग नव-दोहरीकृत रेलखंड का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 9 किमी लंबे बेतिया-कुमारबाग नव-दोहरीकृत रेलखंड का 17 फरवरी को श्री गुरु प्रकाश, संरक्षा आयुक्त (रेलवे) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता ने मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया। मोटर ट्रॉली निरीक्षण के उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा कुमारबाग से बेतिया स्टेशनों के मध्य विशेष ट्रेन द्वारा 120 किमी की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा एवं निर्माण विभाग तथा समस्तीपुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत अब तक 82 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी थी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 1699 केन्द्रों पर मैट्रिक परीक्षा शुरू

## पहले दिन कदाचार के आरोप में पांच व नौ फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से प्रदेश 1,699 परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा आरंभ हुई। इसके लिए परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त दिखी। परीक्षा के पहले दिन कदाचार के आरोप में पांच परीक्षार्थियों को निष्कासित किया जबकि विभिन्न जिलों से नौ परीक्षार्थियों को दूसरे के बदले परीक्षा देते पकड़ा गया। छात्राओं के लिए प्रत्येक जिले में चार मॉडल परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां छात्राओं का फूल और चंदन से स्वागत किया गया। परीक्षा समिति की ओर से आदेश था कि विद्यार्थियों को जूता-मोजा पहनकर आना नहीं आना था। विद्यार्थी चप्पल पहनकर परीक्षा में शामिल होते दिखे। परीक्षा केंद्र पर किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध था। इसके अलावा मोबाइल फोन ले जाने पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी। बोर्ड ने ओएमआर शीट और उत्तरपुस्तिका जमा कराने का भी समय निर्धारित किया था ताकि परीक्षा संचालन में पारदर्शिता बनी रहे। बिहार बोर्ड ने सभी जिलों के डीएम, एसपी और प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा संचालन में सख्ती से निर्देशों का पालन कराने को कहा गया था। इस वर्ष की परीक्षा के लिए कुल 15,12,687 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा है जिनमें छात्राओं की संख्या 7,85,726 और छात्रों की संख्या 7,26,961 है। परीक्षा को पारदर्शी और कदाचारमुक्त बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और स्वयं केंद्रों पर भ्रमणशील रहने का कड़ा निर्देश दिया था। परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में मातृभाषा विषय (हिन्दी, बंगला, उर्दू एवं मैथिली) की परीक्षा आयोजित की गयी थी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 09:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 12:45 बजे तक चली जिसमें 7,58,633 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं, द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:15 बजे तक आयोजित हुई जिसमें 7,54,054 परीक्षार्थी हिस्सा लिये।

# टीएमसी के तथ्यहीन बयानों से बंगाल की जनता नहीं होगी भ्रमित : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधिमंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा है कि टीएमसी के तथ्यहीन व अनर्गल बयानों से बंगाल की जनता भ्रमित नहीं होने वाली है। बंगाल की जनता इस बार बदलाव के लिए मन बना चुकी है। श्री पाण्डेय ने कहा कि टीएमसी के सांसद अभिषेक बनर्जी का बयान न केवल तथ्यहीन है, बल्कि जनता को भ्रमित करने का प्रयास भी है। उनका तथ्यहीन व अनर्गल बयान है कि अंत्येष्टि सामग्रियों पर केंद्र सरकार जीएसटी वसूल रही है जो पूरी तरह से भ्रामक और बेबुनियाद है। हकीकत है कि अंत्येष्टि सामग्रियों पर कोई टैक्स नहीं लिया जाता है। दरअसल टीएमसी सरकार जो भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति के बल पर अब तक अपनी शासन चला रही है, अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए तथ्यहीन बयानबाजी कर रही है। एसआईआर का मुद्दा हो या बंगाल के विकासहीनता, अराजकता या हिंसात्मक राजनीति, टीएमसी अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। श्री पाण्डेय ने कहा कि ममता सरकार के अराजक शासन के दौर में बंगाल औद्योगिक कब्रगाह बन कर रह गया है। आम बंगालियों को रोजी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ रहा है। केंद्र की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से बंगाल को वंचित रखा गया है। ऐसे में अब निराधार आरोपों की राजनीति नहीं चलने वाली है।

# कुशल युवा कार्यक्रम व सरकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी : आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा/वैशाली।** जिले के एक सरकारी विद्यालय में युवाओं के मार्गदर्शन और सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आनंद रंजन झा की उपस्थिति रही। उन्होंने छात्रों और युवाओं से सीधा संवाद करते हुए शिक्षा, कौशल विकास एवं कैरियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। अपने संबोधन में आनंद रंजन झा ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कुशल युवा कार्यक्रम की जानकारी सरल भाषा में देते हुए बताया कि यह योजना युवाओं को तकनीकी व व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई प्रभावी योजनाएं चला रही है जिनका लाभ जागरूकता और समय पर आवेदन के माध्यम से लिया जा सकता है। कार्यशाला में डी.आर.सी.सी के प्रतिनिधि राकेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 19 से ज्ञान भवन में वार्षिक महिला उद्यमी फागुनोत्सव का आयोजन

## मंत्री दिलीप जयसवाल एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह करेंगी मेला का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उद्यमी फागुनोत्सव 2026 का आयोजन 19 फरवरी से 23 फरवरी तक किया जा रहा है। ज्ञान भवन के वातानुकूलित बहु-उद्देशीय हॉल में लगाया जाने वाला यह मेला महिला उद्यमियों द्वारा लगाया जाने वाला बिहार का सबसे बड़ा मेला है। मेला में महिला उद्यमियों के साथ नाबार्ड, डब्लूसीडीसी, उद्योग विभाग बिहार सरकार, सिडबी एवं बीआडा तथा अन्य सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियां शामिल हो रही है। स्थानीय बीआईए सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मेले की जानकारी देते हुए बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने बताया कि भारत के विभिन्न राज्यों के लगभग 225 से अधिक स्टॉल वाले इस मेले का उद्घाटन उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह के कर - कमलों द्वारा किया जायेगा।

# जेइइ मेन में राज्य में टॉप किए शुभम कुमार को विस अध्यक्ष ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना ।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जेईई मेन 2026 के प्रथम चरण के परिणाम में बिहार में फर्स्ट आए गया जी के शुभम कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कहा- यह अत्यंत गौरव का विषय है कि वे सौ पर्सेंटाइल लाकर बिहार में अव्वल आने के साथ देशभर में तीसरे स्थान पर रहे हैं। यह उनकी प्रतिभा का परिचायक है। वे मेधावी छात्र शुभम कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लोकगीत अभियान 'गाड़ी गीत' शुरू की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज 'गाड़ी गीत' नाम से एक विशेष स्थानीय अभियान की शुरुआत की जो बिहार की संस्कृति से जुड़ा है। लोक संगीत हमेशा से लोगों की भावनाओं, आपसी जुड़ाव, रोजमर्रा की खुशियों, मजाक और सामाजिक रिश्तों को पीढ़ी दर पीढ़ी जोड़ने का मजबूत जरिया रहा है। पारंपरिक रूप से 'गारी गीत' अपनी चुटीली शैली और हल्के-फुल्के तंज भरे बोलों के लिए जाना जाता है। 'गाड़ी गीत' के लिए बैंक ने उसी पहचान वाली धुन और लय को बनाए रखा है, लेकिन उसके बोलों को सकारात्मक और जश्न के रंग में ढाला है।

इस तरह स्थानीय संगीत की ताकत का इस्तेमाल करते हुए यह अभियान सपनों, तरक्की और रोजमर्रा की गतिशीलता जैसे संदेशों को सरल और सम्मानजनक तरीके से लोगों तक पहुंचाता है। 'गाड़ी गीत' को पूरी तरह असली अंदाज में पेश करने के लिए उज्जीवन ने मशहूर क्षेत्रीय कलाकार रागिनी विश्वकर्मा के साथ सहयोग किया। उन्होंने इस गीत को तैयार किया और अपनी आवाज दी जिसमें स्थानीय बोली, संगीत शैली और बिहार की सांस्कृतिक झलक साफ महसूस होती है। पारंपरिक धुन, लय और लोक रंग को बरकरार रखते हुए यह अभियान अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है और ग्राहकों से सीधा जुड़ाव बनाता है।

# आज से तीन दिन प्राउटिष्ट सर्व समाज कार्यकर्ता का सम्मेलन

## 20 फरवरी को गर्दनीबाग, पटना में विशाल शांतिपूर्ण धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्राउटिष्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन पटना में 18, 19, 20 फरवरी, 2026 तक होगा। यह जानकारी सम्मेलन के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रद्युम्न नारायण सिंह ने आज आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दिया। सिंह ने बताया कि आयोजन के अंतिम दिन 20 फरवरी को गर्दनीबाग, पटना में विशाल धरना का आयोजन भी किया गया है। सिंह ने बताया कि आज देश गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। बढ़ती आर्थिक असमानता व्यापक बेरोजगारी और आर्थिक असुरक्षा किसानों, मजदूरों और आम जनता का शोषण भ्रष्टाचार और संसाधनों का केंद्रीकरण युवाओं के भविष्य को लेकर बढ़ती चिंता। इन समस्याओं के समाधान हेतु एक न्यायपूर्ण, संतुलित एवं मानव-केन्द्रित आर्थिक व्यवस्था की आवश्यकता है। मौके पर पूर्वी क्षेत्र उपाध्यक्ष आचार्य रणधीर देव ने बताया कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य है कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को संगठित एवं प्रशिक्षित करना। वर्तमान परिस्थितियों में प्राउत के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर चर्चा करना तथा संगठनात्मक रणनीति एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का निर्माण करना। कार्यक्रम के अंतिम दिन 20 फरवरी को प्राउटिस्ट सर्व समाज समिति द्वारा गर्दनीबाग, पटना में एक विशाल शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

# बोधगया में खुलेगा खादी ग्लोबल शो रूम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी ।** बोधगया अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है। यहां सालभर देश के विभिन्न हिस्सों समेत अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आते हैं। खादी को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने की दिशा में यहां पर 'खादी ग्लोबल शो रूम' के माध्यम से प्रदर्शन सह बिक्री को गति दी जाएगी। ये बातें केन्द्रीय मंत्री एमएसएमई जीतन राम मांझी ने मंगलवार को यहां कहीं। वे होटल वेलकम बोधगया में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बोधगया में 'खादी ग्लोबल शो रूम' खोले जाने के लिए जगह के चयन एवं संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। 'खादी ग्लोबल शो रूम' खोले जाने के लिए भूमि का निरीक्षण किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी खादी और ग्रामोद्योग आयोग रूप राशि, संयुक्त सचिव, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय विपुल गोयल, राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग डॉ. मोहम्मद हनीफ मेवाती, उप निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग सेंथिल कुमार, अमन समीर- निदेशक, शशांक शुभंकर- डीएम गयाजी, सुश्री वंदना- महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, गयाजी आदि ने भाग लिया।

# विभिन्न दलों के नेताओं ने कृष्णा अल्लावारू और राजेश राम के समक्ष ली कांग्रेस की सदस्यता

## महिलाओं की सुरक्षा खतरे में, ऋण देकर कर्जदार बना रही एनडीए सरकार : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के हाथों राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ ठाकुर और उनके पुत्र प्रदेश प्रवक्ता राहुल कुमार एवं अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजद नेत्री नीलम परवीन के साथ हजारों की संख्या में उनके समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि आज हमारी देश की गोपनीय सूचनाएं डाटा के रूप में और देश की संपत्तियों को देश के अंदर छिपे जयचंद अमेरिका के हाथों लगातार सौंप रहे हैं। देश की कमान संभाल रहे जयचंद के कारण हमारे देश की संप्रभुता खतरे में हैं। आईटी सेक्टर से लेकर खेती तक अमेरिका के हाथों में सौंप कर देश को खोखले करने वाली पार्टी सत्ता में स्थापित है और लगातार देश को छलने का काम कर रही है। ऐसे में युवाओं और किसानों के साथ सभी वर्ग के लोग परेशान है और वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ हो चुके हैं और कांग्रेस पार्टी के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। साथ ही नए नेताओं के शामिल होने से सामाजिक न्याय की लड़ाई और मजबूत होगी।

# मानव तस्करी मामले में तीन गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने मानव तस्करी के मामले में आज गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला निवासी अभयनाथ दुबे और रोहित यादव तथा बिहार के मधुबनी जिला निवासी अभिरंजन कुमार को गिरफ्तार करने के बाद आज विशेष प्रभारी न्यायाधीश मधुकर सिंह की अदालत में पेश किया जहां न्यायालय ने इन तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेने के बाद 2 मार्च 2026 तक के लिए जेल भेजे जाने का आदेश दिया। आरोप के अनुसार अभियुक्त भारतीय युवाओं को नौकरी के नाम पर विदेश भेजते थे जहां उनसे जाली कॉल सेंटर में साइबर फ्रॉड का काम कराया जाता था। मामले में अंतरराष्ट्रीय संलिप्तता के कारण जांच एनआईए को सौंपी गयी जो अपनी प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है। पूर्व में मामले की मूल प्राथमिकी वर्ष 2024 में बिहार के गोपालगंज थाने में दर्ज की गई थी।

# आइआइएफएल फाइनेंस ने 2000 करोड के बांड जारी किए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश की प्रमुख एनबीएफसी आइआइएफएल फाइनेंस लिमिटेड ने रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) का पब्लिक इश्यू 17 फरवरी, 2026 से जारी करने की घोषणा की है। इश्यू साइज 500 करोड़ रुपये है जिसमें 1,500 करोड़ रुपये तक का ग्रीन-शू विकल्प शामिल है। इस तरह कुल इश्यू साइज 2,000 करोड़ रुपये तक होगा। इस एनसीडी द्वारा 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक का प्रभावी रिटर्न मिलेगा। यह 24, 36 और 60 महीनों की अवधि के लिए उपलब्ध है। ब्याज का भुगतान मासिक, वार्षिक या मैच्योरिटी पर किया जा सकेगा। इश्यू को क्रिसिल एए/स्टेबल और बीडब्ल्यूआर एए प्लस (स्टेबल) रेटिंग प्राप्त है, जो कम क्रेडिट जोखिम को दर्शाता है।

# बाल विवाह मुक्त होने से समाज होगा सशक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** चाइल्ड मैरिज फ्री ग्राम पंचायत पहल के अंतर्गत कंसोर्टियम कार्यान्वयन साझेदारों के लिए एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटना में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों की दिशा में समन्वय एवं प्रभावी कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में यूनिसेफ बिहार, कावच (बीएटी), पंचायती राज प्रतिनिधि (सीएनएलयू), यूएनएफपीए बिहार, चाइल्ड राइट्स सेंटर (बाल अधिकार केंद्र) के प्रतिनिधि तथा अन्य जमीनी स्तर के कार्यान्वयन कावच साझेदार जैसे सेंटर डायरेक्ट, आदिथि, एसएसईवीएस, टीएसएन. प्रथा, भूमिका विहार और श्री कृष्ण मिशन सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्मुखीकरण का मुख्य उद्देश्य कंसोर्टियम साझेदारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए रूपरेखा, कार्यान्वयन रणनीति, निगरानी तंत्र और संचार दृष्टिकोण पर साझा समझ विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) एसपी सिंह, चेयर प्रोफेसर (पंचायती राज) एवं रजिस्ट्रार, सीएनएलयू के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। अभिजीत दे. सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर स्टेट (बिहार), कावच, ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट ने जमीनी स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु सहयोगात्मक कार्रवाई, तंत्र सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। पहल का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए श्री बंकु बिहारी सरकार, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ बिहार ने चाइल्ड मैरिज फ्री ग्राम पंचायत पहल की दृष्टि, कार्यान्वयन रूपरेखा और अपेक्षित परिणामों को साझा किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण समानांतर समूह कार्य सत्र रहे जिनमें प्रतिभागियों ने कई विषयों पर संरचित चर्चा की जिसमें 18 माह की कार्ययोजना का निर्माण, निगरानी संकेतकों की पहचान, रिपोर्टिंग प्रारूप एवं चेकलिस्ट का डिजाइन, अभियान एवं संचार रणनीतियां, समूह चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने मसौदा दिशानिर्देशों की सामूहिक समीक्षा की।

# डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाएंगे केनव्यू के दो नए उत्पाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचने और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के पास अब और विकल्प होंगे। देश की जानी-मानी हेल्थकेयर कंपनी केनव्यू ने इन जरूरतों को देखते हुए दो नए उत्पाद पेश कर दिए हैं। भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए केनव्यू ने ओआरएसएल और ईआरजेडएल नाम के दो अलग-अलग ब्रांड पेश किए हैं। कंपनी का कहना है कि देश में डिहाइड्रेशन एक अहम स्वास्थ्य समस्या है और इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। केनव्यू इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष आनंदानी ने कहा कि कंपनी लंबे समय से हाइड्रेशन के क्षेत्र में काम कर रही है और अब दो-ब्रांड रणनीति के जरिए बीमारी के दौरान और रोजमर्रा की देखभाल-दोनों जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि भारत में इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी इस क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में 267 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**▸ कुल 1900 से अधिक अभ्यर्थियों ने रोजगार हेतु कराया निबंधन ▸ आरसेटी प्रशिक्षण के लिए भी 366 अभ्यर्थियों ने कराया निबंधन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** जीविका तिलौथू द्वारा रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय बाबूगंज खेल मैदान में रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन डिहरी अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार, तिलौथू प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन, जिला परियोजना प्रबंधक सुधीर बहादुर, प्रखंड परियोजना प्रबंधक सैयद शाकिब उल्लाह, बी.पी.एम. डिहरी विपुल पांडे, बी.पी.एम. रोहतास असगर आलम, बी.पी.एम. नौहट्टा कृष्णा प्रसाद, जॉब्स प्रबंधक प्रेम प्रकाश, प्रबंधक सूक्ष्म वित्त विक्रांत दफ्तूआर एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक सुधीर बहादुर ने अपने संबोधन में कहा कि तिलौथू प्रखंड में जीविका सराहनीय कार्य कर रही है। रोजगार सह मार्गदर्शन मेला ग्रामीण युवक-युवतियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां उन्हें विभिन्न कंपनियों की जानकारी एवं रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कई कंपनियां प्रशिक्षण के साथ रोजगार की सुविधा भी प्रदान कर रही हैं। उन्होंने दीदियों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा रोजगार एवं स्वरोजगार की मुख्यधारा से जुड़ें। मेले का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षण एवं रोजगार से जोड़ना है। अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार ने कहा कि जीविका दीदियां अब सशक्त हो रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए दीदियों की सफलता की सराहना की। प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन ने उपस्थित जीविका दीदियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि 1000 से अधिक पंजीकरण होना एक बड़ी उपलब्धि है। जीविका दीदियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे केवल घरेलू कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर परिवार का दायित्व भी संभाल रही हैं। उन्होंने सभी को मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। मेले में सैकड़ों बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए। स्टॉल लगाने वाली कंपनियों में जोमैटो, हॉप केयर सर्विस, ओमकार, फ्लिपकार्ट, एस.आई.एस. सिक्योरिटी, अरविंद मिल्स, आमधनी लॉजिस्टिक्स, एल एंड जे स्किल, आरसेटी, उत्कर्ष फाइनेंस, ग्रीनटॉस, संजीरा तथा महिला एवं बाल विकास निगम शामिल थे। आरएसईटीआई रोहतास द्वारा विभिन्न स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु निबंधन कराया गया जिसके उपरांत प्रतिभागियों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस वित्तीय वर्ष का यह तीसरा रोजगार मेला था। तिलौथू, रोहतास, नौहट्टा एवं डिहरी प्रखंडों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। जीविका समूहों से जुड़े दीदियों के बेटों-बेटियों के लिए प्री-ऑनलाइन स्किल एप्लिकेशन एंट्री कराई गई थी जिसमें तिलौथू प्रखंड से 1262, रोहतास से 197, नौहट्टा से 67, डिहरी से 162 तथा काउंटर रजिस्ट्रेशन के माध्यम से 830 से अधिक पंजीकरण हुए। इस प्रकार कुल 1900 से अधिक अभ्यर्थियों ने रोजगार हेतु पंजीकरण कराया। शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की जांच के उपरांत 267 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया। साथ ही आरसेटी प्रशिक्षण के लिए 366 युवक-युवतियों ने निबंधन कराया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए इस मेले में हजारों युवक-युवतियों की उपस्थिति रही।

## एसपी कार्यालय में आमजन की सुनवाई, त्वरित कार्रवाई के निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस कार्यालय में आज एस पी ने आमजन की समस्याओं को सुने। रौशन कुमार, पुलिस अधीक्षक ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों से सीधे मुलाकात कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर ठगी एवं अन्य आपराधिक मामलों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। एसपी ने प्रत्येक मामले का अवलोकन करते हुए संबंधित थानाध्यक्षों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसपी रौशन कुमार ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार करें तथा प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन आम लोगों के विश्वास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और कानून-व्यवस्था कायम रखना सर्वोच्च दायित्व है।आमजनो ने पुलिस अधीक्षक द्वारा सीधे संवाद स्थापित करने की पहल की सराहना की।

## तिलौथू हाई स्कूल के शिक्षक पर कार्रवाई का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अवर सचिव सियाराम केशरी ने उप विकास आयुक्त कार्यालय को पत्र भेजकर उच्चतर माध्यमिक तिलौथू हाई स्कूल के विवादित शिक्षक संतोष कुमार पर कार्रवाई करने और रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। डीडीसी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख है कि विभागीय निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्रांक 123 दिनांक 27 जनवरी 2026 के अनुसार प्रभारी प्रधानाध्यापक पद के लिए मैकू राम को प्राधिकृत किया गया था। साथ ही नियोजित शिक्षक संतोष कुमार को निर्देश दिया गया था कि मैकू राम को अविलंब प्रभार सौंपते हुए विभाग को सूचित करें, लेकिन संतोष कुमार ने न्यायालय या माध्यमिक शिक्षा विभाग के आदेश को न मानने की बात कही। पत्र में यह भी उल्लेख है कि संबंधित शिक्षक विद्यालय में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन नहीं करते, कुछ शिक्षकों को लेकर विद्यालय के भीतर गुटबाजी करते हैं और विद्यालय का शैक्षणिक व प्रशासनिक माहौल खराब कर रहे हैं। इस तरह संतोष कुमार द्वारा अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता और विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था को बाधित करने का कार्य किया जा रहा है। इन तथ्यों के आधार पर अवर सचिव ने निर्देश दिया है कि मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए विभाग को विस्तृत रिपोर्ट भेजी जाए।

## पिता ने पुत्री की हत्या का लगाया आरोप, थाने में दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के सलूकपुर गांव में महिला की मौत का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मृतका हेना परवीन के पिता मो. चांद इस्माइल ग्राम अंबेडकर नगर जहानाबाद के रहने वाले ने अकोढी गोला थाने में लिखित आवेदन दिया है कि 16 फरवरी की शाम 7 बजे मेरी बेटी हेना परवीन की जहां शादी हुई है। सलूकपुर अकोढी गोला से उसी गांव के लोगों ने फोन किया कि मेरी बेटी फांसी लगा ली है। मैं जब बेटी के घर पहुंचा मेरी बेटी मृत पाई गई। मेरा दामाद आरिफ अली पिता जाहिर हुसैन हमेशा मेरी बेटी से झगड़ा करता था। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा दामाद आरिफ अली और उसकी बहन जूही परवीन दोनों ने मिलकर मेरी बेटी की हत्या की है। इस मामले की पुष्टि करते हुए अकोढी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है तथा प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि हेना परवीन और आरिफ अली की शादी 2023 में हुई थी और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।

## महिलाओं के द्वार तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने को लेकर अभियान की शुरुआत

### असहाय, मानसिक रूप से कमजोर, विक्षिप्त एवं बेसहारा महिलाए होंगी लाभान्वित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा महिलाओं के द्वार तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने एवं उनके विकास के रफ्तार को और बढ़ाने के लिए मंगलवार को डीएचईडब्लू योर दूरस्टेप अभियान का शुभारंभ किया गया जिसके जरिये महिला एवं बाल विकास निगम रोहतास के अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन द्वारा जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जायेगा। हर महिला तक योजनाओं की पहुंच-आपके द्वार के संकल्प के साथ शुरू किए गए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला तक सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला परियोजना प्रबंधक मोहम्मद शमीम अंसारी द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला हब फॉर एम्पायरमेंट ऑफ विमेन के जरिये यह सुनिश्चित करना है कि जिले की कोई भी महिला महत्वपूर्ण सरकारी लाभों से वंचित न रहे। इसके तहत महिलाओं को न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, बल्कि उन्हें सीधे तौर पर लाभों से जोड़ा भी जाएगा। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कुमारी विनीता द्वारा बताया गया कि प्रमुख गतिविधियां और सेवाएं इस अभियान के माध्यम से निम्नलिखित कार्य किए जा रहे हैं- महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना। हर पात्र महिला को प्रासंगिक योजनाओं से जोड़ना, महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना। स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए उचित परामर्श देना। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तक महिलाओं की पहुंच सुनिश्चित करना। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को प्रमुख रूप से इन योजनाओं के बारे में शिक्षित और लाभान्वित किया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन (181), शक्ति सदन योजना, स्वरोजगार एवं कौशल विकास योजनाएं। यह अभियान विशेष रूप से वंचित एवं असहाय महिलाओं, मानसिक रूप से कमजोर एवं विक्षिप्त महिलाओं, गुमशुदा एवं बेसहारा महिलाओं तथा आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के उत्थान पर केंद्रित है।

## 24 हजार की ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुहार निवासी नीतीश कुमार ने भाभी के प्रसव उपरांत अनुदान दिलाने के नाम पर 24 हजार की ठगी साइबर की प्राथमिक किया। पुलिस के अनुसार गत 12 फरवरी को उनके मोबाइल पर किसी राजेश कुमार ने फोन कर बताया कि वह आंगनबाड़ी केंद्र कार्यालय से बोल रहा है। कहा गया भाभी का डिलीवरी वाला पैसा 12 हजार रूपये आपके खाते में भेजना है। उनसे यूपीआई का नंबर लिया। उसने यूपीआई का नंबर अपने माता के खाते का दिया उनके खाते से 24 हजार रूपये की निकासी कर ली गई। उन्होंने इसकी शिकायत केंद्रीय साइबर पोर्टल 1930 पर किया। इसकी थाने में प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय नाई महासभा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय नाई महासभा के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष अरुण शर्मा सह विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में जननायक कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कर्पूरी चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उपस्थित लोगों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि डिहरी ने कहा कि श्रद्धेय जननायक कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में अति पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के लिए आरक्षण की अवधारणा को लागू कर सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी। उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष, सादगी और ईमानदारी की मिसाल है जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने माल्यार्पण के उपरांत कहा कि कर्पूरी ठाकुर गरीबों की सच्ची आवाज थे। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और राजनीति में शुचिता का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय नाई महासभा के नगर अध्यक्ष धनंजय शर्मा, नगर सचिव नारायण ठाकुर, मंटू ठाकुर, भाजपा नेता कुंवर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, पार्षद आनंद चौधरी, पूर्व पार्षद मोहन यादव, राजेश चौधरी, संजय सिंह, सुमित गुप्ता, भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## डीडीसी ने रोजगार गारंटी अधिनियम के उद्देश्य एवं प्रावधानों की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम 2025 को लेकर उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय द्वारा मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई जिसमें अधिनियम के उद्देश्य, प्रावधानों एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने बताया कि यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का एक सुदृढ़ एवं उन्नत स्वरूप है, जो वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण रोजगार, आजीविका और आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बताया कि अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रदान की जाने वाली गारंटीकृत रोजगार की अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया जाएगा। रोजगार को केवल मजदूरी तक सीमित न रखते हुए टिकाऊ एवं उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण से जोड़ा जाएगा। उप विकास आयुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत चार प्रमुख फोकस क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं जिनमें जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत संरचना का विकास, आजीविका से जुड़ी संरचनाओं का निर्माण तथा मौसम एवं प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु कार्य शामिल हैं। विकास मानकों के आधार पर ग्राम पंचायतों को इ, उ और ए श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार पंचायतों में कार्यों का चयन कर उन्हें पीएम गति शक्ति सहित अन्य राष्ट्रीय प्रणालियों से जोड़ा जाएगा जिससे एकीकृत एवं समन्वित राष्ट्रीय विकास रणनीति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत विकास योजनाएं तैयार कर उन्हीं के माध्यम से कार्यों का क्रियान्वयन किया जाएगा। राज्य सरकारें बुवाई एवं कटाई के चरम मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रति वर्ष अधिकतम 60 दिनों के लिए कार्य न कराए जाने संबंधी अधिसूचना जारी कर सकेंगी। योजना केंद्र प्रायोजित होगी जिसमें केंद्र एवं राज्य का अंश क्रमशः 60:40 रहेगा। अतिरिक्त व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने यह भी बताया कि प्राकृतिक आपदाओं एवं असाधारण परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया एवं राहत पहुंचाने हेतु विशेष प्रावधान किए गए हैं।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

समाहरणालय भवन ब्लॉक–सी, कमरा नं0–09, मेदिनीनगर

ई–मेल– jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

आम सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रॉची के पत्रांक ME/01/1183/2023/725, दिनांक 16.02.2026 के द्वारा जिले के 3 उत्कृष्ट विद्यालयों (CM SoE) में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में विद्यालयवार बच्चों के नामांकन के लिए आवेदन की तिथि विस्तार करते हुए दिनांक 24.02.2026 तक आमंत्रित किया जाता है। रिक्ति की स्थिति विद्यालयवार निम्नवत है:–

| क्रम सं0 | विद्यालय का नाम | वर्ग | | | | कक्षा–11 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कक्षा–06 | कक्षा–07 | कक्षा–08 | कक्षा–09 | कला | विज्ञान | कॉमर्स |
| 01 | CM SoE (जिला स्कूल, डालटनगंज) | 80 | 02 | 00 | 48 | 45 | 90 | 45 |
| 02 | CM SoE रा0 बालिका उच्च वि0,(के0जी0) डालटनगंज। | 40 | 04 | 00 | 80 | 40 | 40 | 40 |
| 03 | CM SoE क0गां0बा0वि0 चैनपुर। (केवल बालिका हेतु) | 25 | 08 | 10 | 04 | 00 | 00 | 00 |

पलामू जिला में निवास करने वाले सभी ईच्छुक छात्र/छात्राओं तथा उनके अभिभावकों/माता–पिता से अनुरोध है कि विस्तारित अवधि दिनांक 24.02.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक आवेदक अपना आवेदन ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन मोड में राज्य परियोजना द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुरूप कर सकते है। नामांकन हेतु https://evidyavahini.jharkhand. gov.in/studentAdmission के पोर्टल पर वांछित अभिलेखों के साथ किया जा सकेगा। आवेदन संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय से नामांकन प्रपत्र प्राप्त कर ऑफलाईन मोड में भी संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र जिले के वेबसाईट https://Palamu.nic.in से डाउनलोड़ कर प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन हेतु अभिभावक उपरोक्त सभी विद्यालय से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 373146 District(25-26).D


## वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करेंगे मत्स्य पालक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** मत्स्य पालक किसान अब वैज्ञानिक तकनीक से मछली पालन करेंगे। वे कम जगह में अधिक और उच्च मूल्य वाली मछलियों का उत्पादन करेंगे और सीप से मोती भी बनाएंगे। इस पहल से किसानों की आय बढ़ेगी और आर्थिक बोझ कम होगा। 30 किसानों ने आईसीएआर के केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान से 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अनुमंडल क्षेत्र सहित जिले के प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रमुख किसानों में बिनोद कुमार सिंह, रेवती रमण सिंह, सुड्डू कुमार, अनिल कुमार, रितिक रोशन, संजय कुमार और सुरेंद्र सिंह शामिल हैं। किसानों ने बताया कि वे पहले पारंपरिक तरीकों से मछली पालन करते थे, लेकिन अब वे उन्नत तकनीक से मछली पालन और मोती उत्पादन करेंगे। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी।

## शांति पूर्ण ढंग से प्रथम दिन मैट्रिक परीक्षा संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज में मैट्रिक परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण रहा। मैट्रिक की इस बार आयोजित परीक्षा में दो पालियों में कुल14,199 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ज्ञात हो कि पहली पाली सुबह 9:30 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शुरू हुई। कुल14 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त की गई थी जहां पुलिस और दंडाधिकारी तैनात रहे। अधिकांश परीक्षार्थी समय पर पहुंचे, लेकिन वही कुछ देर से आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। एक केंद्र को आदर्श परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहां विशेष सुविधाएं हैं। प्रशासनिक अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। केंद्राधीक्षक एवं दंडाधिकारियों के द्वारा परीक्षार्थियों से समय से पहुंचने और नियमों का पालन करने की अपील की गई।


खोया-पाया

यह सूचना सार्वजनिक को सूचित करने के लिए है कि दस्तावेज संख्या 2307, सीरियल संख्या - 901471, टोकन संख्या-901471 दिनांक - 24-05-1999 को निबंधन कार्यालय, औरंगाबाद में श्रीरामलखन सिंह एवं श्री राम अशीष सिंह पिता भुनेश्वर सिंह द्वारा रामरति कुंवर पति स्व. बाबुलाल सिंह के पक्ष पंजीकृत हुई थी जिसका कुल रकबा 3 डिसमिल संपत्ति के संबंध में बनाया गया था जिसका थाना नंबर-326, खाता नंबर-198/209, प्लॉट नंबर - 502/628 है जो मौजा - डिहरी, थाना-डिहरी, अंचल-ओबरा जिला-औरंगाबाद, उप-पंजीयक कार्यालय-औरंगाबाद, बिहार में स्थित है जो डिहरी से औरंगाबाद की यात्रा के दौरान दिनांक 08/01/2026 को इसकी मूल प्रति खो गई है यह दस्तावेज केवाला दस्तावेज संख्या-2307 दिनांक 24.05.1999 की श्रृंखला दस्तावेज है जिसमें वर्णित संपत्ति को मेसर्स चोला मंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को गिरवी रखने की प्रक्रिया में है।
यदि किसी के उक्त विलेख पाया हो तो कृपया निम्नलिखित संपर्क विवरण पर सूचित करें और साथ ही इस लेनदेन में रुचि रखने वाले सभी पक्षों या जो संपत्ति के खिलाफ दावा करना चाहते हैं वैसे तमाम लोगों से अनुरोध है कि प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

गौरव कुमार
एस.के.ला ऑफिस
खेतान भवन, पिरमुहानी
नियर, गिरधारी मंदिर
कदमकुआं, पटना-03
पिन-800001
मोबाइल-7979718224,
8271861119



झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)
जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा

–:मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए आम सूचना :–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत जिन लाभुकों का चयन निर्धारित संशोधित लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न योजनाओं यथा अनुदान प्रतिशत (75%OSP-SCSP एवं 90%OSP-SCSP) बकरा विकास योजना (8+2), सूकर विकास योजना(4+1), बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट विकास योजना (400 चूजा) अंडा उत्पादन, ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) मांस उत्पादन, बत्तख चूजा वितरण योजना (30 चूजा) अंडा उत्पादन एवं जोड़ा बैल वितरण योजना का चयन जिला स्तरीय समिति के द्वारा किया गया है उन लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अपना Escrow Account खुलवाने के पश्चात् 30 दिनों के अन्दर अपने खाते में लाभुक अंशदान जमा कर, जमा रसीद की छायाप्रति अपने प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में या जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा को कार्यालय अवधि में जमा करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि आपके द्वारा खोले गये Escrow Account में योजना की अनुदान राशि DBT की जा सके। अन्यथा आपको अयोग्य समझते हुए नियमानुसार प्रतिक्षा सूची में अंकित लाभुकों को प्राथमिकता देते हुए लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।

**योजनानुसार लाभुक अंशदान की राशि योजना के नाम के सामने निम्नवत अंकित है।**

| योजना का नाम | अनुदान की प्रतिशत | लाभुक अंशदान राशि |
|---|---|---|
| बकरा विकास योजना (8+2) प्रजनन ईकाई | 75% | 12,400.00 |
| | 90% | 4,960.00 |
| सूकर विकास योजना (4+1) प्रजनन ईकाई | 75% | 14,450.00 |
| | 90% | 5,780.00 |
| बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट विकास योजना (400 चूजा) अंडा उत्पादन हेतु | 75% | 29,550.00 |
| | 90% | 11,820.00 |
| ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) मांस उत्पादन हेतु | 75% | 16,875.00 |
| | 90% | 6,750.00 |
| बत्तख चूजा वितरण योजना (30 चूजा) अंडा उत्पादन हेतु | 75% | 850.00 |
| | 90% | 340.00 |
| जोड़ा बैल वितरण योजना | 90% | 4000.00 |

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 373115 Animal Husbandry(25-26).D

## एक नजर

### स्कूटी-बाइक की टक्कर, स्कूटी सवार गंभीर, पटना रेफर

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता**। हिलसा शहर के काली स्थान के समीप स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर में स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के गजपुर मोहल्ला निवासी स्व. युगल राम के 45 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र कुमार निराला के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोमवार देर रात वह अपनी स्कूटी से हिलसा बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान काली स्थान के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक चालक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु पटना रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि घटना मिला है पुलिस मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है और फरार बाइक चालक की तलाश जा रही है।

### महिला का शव खेत से बरामद

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जिले के रोह थाना क्षेत्र अंतर्गत समरैठा गांव में 45 वर्षीया महिला का अर्धनग्न शव खेत से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने इस घटना को हत्या बताते हुए दुष्कर्म की आशंका जताई है। उनका कहना है कि महिला रविवार शाम से लापता थी और रातभर खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। सुबह गांव के बाहर खेत में उसका शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले की जांच जारी है।

### क्वार्टर फाइनल में बिरनामा ने आढ़ा को हराया

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता**। मंगलवार को पकरीबरावां प्रखण्ड के राईस में खेले जा रहे जिलास्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा फाइनल मैच शेखपुरा के बिरनामा एवं जमुई के आढ़ा के बीच खेला गया। बिरनामा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आढ़ा की टीम सिर्फ 77 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस तरह बिरनामा ने 69 रन से शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। आयोजक बहादुर मलिक, शेरू मलिक, शादाब इमाम, इंजीनियर जाहिद मलिक एवं महताब मलिक ने बताया कि बुधवार को अंतिम क्वार्टर फाइनल जमुई के कैथा एवं नवादा के दरियापुर के बीच खेला जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हाजी नेहाल साहब, सेवानिवृत्त एसआई सोहेल अहमद एवं मो. शब्बीर आलम के हाथों मैन ऑफ द मैच को सम्मानित किया गया। मैच को देखने बड़ी संख्या में खेलप्रेमी आ रहे हैं। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष के प्रतिनिधि पिंकू सिंह, बादल, मेराज आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

### भ्रमण दर्शन कार्यक्रम को लेकर हलसी पैक्स अध्यक्षों ने लिया दरावां पैक्स का जायजा

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पैक्सों की गतिविधि व क्रियाकलापों में सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार के महत्वाकांक्षी पहल के तहत राज्य के अंदर विकसित पैक्सों में भ्रमण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य के विकसित पैक्सों में चयनित कौआकोल प्रखण्ड के दरावां पैक्स के क्रियाकलापों की जायजा लेने मंगलवार को लक्खीसराय जिला के हलसी प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक स्थानीय प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी के साथ पहुंचे। जहां वे दरावां पैक्स का भ्रमण कर यहां संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। दरावां पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि नवादा मुख्यालय के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन में तथा सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मुख्यालय लक्खीसराय रवीश कुमार के नेतृत्व में हलसी ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्षों ने उनके पंचायत का भ्रमण कर कई आवश्यक जानकारियां प्राप्त किया। मौके पर हलसी प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक मौजूद थे।

### रजौली में राष्ट्र रक्षा यज्ञ सह विराट हिन्दू सम्मेलन का होगा आयोजन

**रजौली/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्र रक्षा यज्ञ सह विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के द्वारा किया जा रहा है। आरएसएस के प्रखंड खण्ड संचालक दिलीप कुमार ने बताया कि आगामी 19 फरवरी को रजौली के संगत प्रांगण में राष्ट्र रक्षा यज्ञ सह विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होना है। उन्होंने कहा कि 19 फरवरी की सुबह 8 बजे कलश यात्रा, 10 बजे गौपूजन, 10:30 बजे से 12 बजे तक हवन, हवन के बाद बौद्धिक एवं अंतिम में भोज का प्रबंध किया गया है। खण्ड संचालक ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर संगत परिसर से शिवालय, शिवालय से जगजीवन नगर, जगजीवन नगर से पुरानी बस स्टैंड होते हुए बाईपास एवं बाईपास से पुनः संगत तक बाजारवासियों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया गया। साथ ही हैंडबिल का वितरण किया गया है एवं गुरुवार को माइक से प्रचार प्रसार करने की बात कही है। खण्ड संचालक ने हिंदुओं से अपील की है कि वे यज्ञ और सम्मेलन में शामिल हों। इस मौके पर बजरंग दल के प्रखंड संयोजक पिंटू वर्मा, रंजन कुमार बब्लू, पवन पाण्डेय, राजेश साव, छोटू वर्मा, विनोद आर्या, विजय आर्या समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई



**बिहारशरीफ/नबिटा संवाददाता**। जदयू पार्टी कार्यालय में महान समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार, जेडीयू अध्यक्ष मो अरशद, पार्टी प्रवक्ता भवानी सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर दबे-कुचले, शोषित और वंचित समाज की बुलंद आवाज थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक न्याय, समान अवसर और समता के सिद्धांतों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हितों को प्राथमिकता दी। सांसद ने आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जननायक के पदचिह्नों पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करने में जुटे हैं। राज्य में चल रही विकास योजनाएं, सामाजिक न्याय की नीतियां और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयास कर्पूरी ठाकुर के विचारों से प्रेरित हैं।

# जिलाधिकारी ने मामलों का किया ऑन-स्पॉट निस्तारण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलों की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल आठ परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से पांच मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया।
प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में अंचल अकबरपुर, थाना नेमदारगंज, ग्राम असमा के जीवन लाल यादव द्वारा अंचल भूमि की नापी कराने, अंचल नवादा, थाना मुफस्सिल, ग्राम माधोविगहा के पंकज कुमार सिंह द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने, अंचल रजौली, ग्राम धमनी के बिन्देश्वरी मिस्त्री द्वारा निजी जमीन पर सड़क निर्माण, नगर परिषद हिसुआ, वार्ड संख्या-12, ग्राम नेपुरा के अरविंद कुमार वशिष्ठ द्वारा तृतीय एम.ए.सी.पी. की अंतर राशि की गलत गणना तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ओढ़नपुर के मो. ताजउद्दीन द्वारा फरवरी 2012 के वेतन भुगतान से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया।
बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं।

## जिले के 33 केन्द्रों पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा–2026 का आज पहला दिन जिले के सभी 33 परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह परीक्षा दिनांक 17 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक निर्धारित है।
जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से विभिन्न केन्द्रों पर परीक्षा संचालन से संबंधित सूचनाएँ लगातार प्राप्त की जाती रहीं तथा केन्द्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा प्रवेश-निकास नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।
आज प्रथम दिन दोनों पालियों में मातृभाषा (हिन्दी, बंगला, उर्दू एवं मैथिली) विषय की परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 16,839 परीक्षार्थियों में से 16,516 उपस्थित रहे तथा 323 अनुपस्थित पाए गए, जबकि कन्हाई इंटर स्कूल, नवादा से एक परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में परीक्षा से निष्कासित किया गया। द्वितीय पाली में 18,082 परीक्षार्थियों में से 17,744 उपस्थित हुए तथा 338 अनुपस्थित रहे। उत्क्रमित हाई स्कूल, करीगांव,रजौली में अवैध रूप से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने के प्रयास में एक परीक्षार्थी पर संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया।
18. फरवरी 2026 को दोनों पालियों में गणित विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मध्यस्थता कैम्पेन की सफलता हेतु थानाध्यक्षों की बैठक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार तथा प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत एवं व्यवहार न्यायालय, नवादा में संचालित मध्यस्थता 2.0 कैम्पेन को सफल बनाने हेतु 17 फरवरी 2026 को लाईब्रेरी हॉल, व्यवहार न्यायालय, नवादा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा की गई। बैठक में नवादा जिले के सभी थानाध्यक्षों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों तथा मध्यस्थता योग्य मामलों के पक्षकारों को निर्गत नोटिसों की प्रभावी तामिला सुनिश्चित करें। साथ ही, नोटिस प्राप्त पक्षकारों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु विशेष प्रयास करने को कहा गया, ताकि अधिकाधिक मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मध्यस्थता कैम्पेन के माध्यम से कराया जा सके। सचिव महोदय ने कहा कि लोक अदालत एवं मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्चीला न्याय प्राप्त होता है। अतः पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका से अधिकाधिक मामलों का आपसी सुलह के आधार पर निपटारा संभव हो सकेगा, जिससे न्यायालयों में लंबित वादों की संख्या में भी कमी आएगी। बैठक में नगर थाना, मुफसिल, नारदीगंज, हिसुआ, नरहट, सिरदला, अकबरपुर, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, पकरीबरामा, गोविन्दपुर, कौवाकोल, परनाडाबर, कादिरगंज, सीतामढ़ी, थाली, नेमदारगंज, रूपौ, धमौल, शाहपुर सहित अन्य थानों के थानाध्यक्ष / थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएम ने की बैठक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले में उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टार्टअप नालन्दा के तहत जिले भर के विभिन्न उद्यमियों के साथ जिलाधिकारी कुंदन कुमार समाहरणालय स्थित न्यू एनआईसी में बैठक की। सर्वप्रथम महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र नालंदा के द्वारा जिलाधिकारी उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त एवं सभी उद्यमियों का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी उद्यमियों से उनके स्टार्टअप के बारे में जानकारी ली गई। जिसमें संजय कुमार ने बताया कि गाय के गोबर से नेचुरल पेंट्स का व्यावसाय पिछले तीन साल से कर रहे है।
प्रवीण कुमार मैन्युफैक्चरिंग ई- वाहन अविनाश कुमार द्वारा सैनेटरी नैपकिन का उत्पादन किया जा रहा है, विशाल चौधरी- सिनेमा एन्ड स्टूडियो का काम किया जा रहा है, रितिका चंद्र-फैशन डिजाइन गारमेंट्स के क्षेत्र में विनिर्माण की जा रही है, विनोद कुमार के द्वारा कुल्हड़ चाय का उत्पादन किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा सभी उद्यमियों को बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के तरफ से हर आवश्यकता को पूरी करने का आश्वासन दिया गया।
जिलाधिकारी द्वारा सभी उद्यमियों की कार्यों की सराहना की गई। साथ ही उद्यमियों को अपने स्टार्टअप को और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उपस्थित उद्यमियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप अपने हुनर का बेहतर इस्तेमाल कर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नालंदा जिले का नाम रौशन करें।
उन्होंने कहा कि कृषि के अलावे उद्योग को बढ़ावा देकर अधिक से अधिक रोजगार सृजन करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है, उद्योग विकसित करने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नालंदा, नगर आयुक्त नगर निगम बिहारशरीफ, डीपीएम जीविका, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ जिला उद्योग केंद्र सभी पदाधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे ।

## राजस्व कर्मचारी राज्यव्यापी हड़ताल पर, राजस्व सम्बन्धित कार्य ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आहवान पर राज्य के सभी राजस्व कर्मचारी 9 फरवरी से ही राज्यव्यापी आंदोलन पर हैं। नवादा जिला के कौआकोल अंचल के राजस्व कर्मचारियों के भी हड़ताल पर चले जाने से राजस्व सम्बन्धित सभी कार्य ठप पड़ गए हैं। कर्मचारी के हड़ताल से परिमार्जन, दाखिलखारिज,पारिवारिक सूची, अनियोजन आदि प्रमाण पत्र निर्गत करने का कार्य बंद हो गया है। राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, नितेश कुमार मिश्रा, दीपक कुमार, प्रकाश कुमार, नरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में लिखित रूप से आश्वासन दिए जाने के बावजूद 8 माह बाद भी अब तक उनलोगों की मांगों पर अमल नहीं किया गया है। जिससे राजस्व कर्मचारियों में अपनी लंबित मांगों को लेकर गहरा असंतोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि 2 जून 2025 को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई आधिकारिक वार्ता में लिखित आश्वासन दिए जाने के बावजूद आज तक किसी भी मांग पर अमल नहीं किया गया। आठ माह का पर्याप्त समय देने के बाद भी विभागीय स्तर पर सभी मांगें लंबित हैं। विशेष रूप से गृह जिला पदस्थापन के मुद्दे पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाए जाने का आरोप लगाया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि एक ही बहाली से नियुक्त पंचायत सचिव कर्मियों का गृह जिला पदस्थापन कर दिया गया, जबकि राजस्व कर्मचारियों को लेवल 2 में होने पर भी इससे वंचित रखा गया है। संघ के अनुसार वार्ता में लिखित रूप से आश्वासन दिया गया था कि गृह जिला व आसपास जिलो में विकल्प लेकर पदस्थापन किया जाएगा,वेतनमान 1900 से उत्क्रमित कर ग्रेड पे 2800 लागू होगा,राजस्व कर्मचारी का पदनाम परिवर्तन कर "सहायक राजस्व अधिकारी" किया जाएगा, प्रमोशन में 25% की जगह 33% को पदोन्नति में शामिल किया जाएगा , इंटरनेट सुविधा एवं मोबाइल उपलब्ध कराया जाएगा, क्षेत्रीय जांच हेतु ईंधन व्यय दिया जाएगा, कार्यालयीन संसाधनों (कागज, प्रिंटर आदि) की व्यवस्था की जाएगी, कार्य में सहयोग हेतु एक लिपिक की प्रतिनियुक्ति होगी तथा लंबित सेवा संपुष्टि विशेष अभियान चलाकर पूर्ण की जाएगी। सेवा संपुष्टि जैसे विषय में सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं है,फिर भी इसे अब तक लंबित रखा गया है। जिससे विभाग की राजस्व कर्मचारियों के प्रति हीन भावना और शोषण जैसा भाव परिलक्षित हो रहा है जिससे सभी कर्मी हतोत्साहित है। राजस्व कर्मचारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जब तक गृह जिला पदस्थापन, 2800 ग्रेड पे एवं 02 जून 2025 के लिखित समझौते के अनुरूप सभी मांगों को लागू नहीं किया जाएगा,तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा।

## ककोलत महोत्सव सह अन्य सांस्कृतिक महोत्सव 27 फरवरी से 1 मार्च तक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने बताया कि जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार नवादा जिले में ककोलत महोत्सव सह अन्य महोत्सवों का आयोजन 27 फरवरी, 28 फरवरी तथा 1 मार्च 2026 को किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में किया जाएगा, जहां तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कला प्रस्तुतियां तथा विविध आकर्षक कार्यक्रम आयोजित होंगे।
महोत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु ऑडिशन कार्यक्रम 21 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया है। ऑडिशन का आयोजन आम्रपाली कला केंद्र, प्रसाद बिगहा, नवादा में किया जाएगा।
जिले के इच्छुक गायक, नृत्य कलाकार, लोक कलाकार एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं से जुड़े प्रतिभागियों से अपील है कि वे निर्धारित तिथि को ऑडिशन में भाग लेकर अपनी प्रस्तुति दें। चयनित कलाकारों को महोत्सव के मुख्य मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने के लिए रवाना

**नारदीगंज, नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने के लिए मंगलवार को रवाना हुए। विद्यालय परिसर से विद्यालय प्रबंधन की ओर से सुरक्षित वाहन से मैट्रिक परीक्षा देने के लिए आर. पी. एस. स्कूल,गोनवां ( नवादा) स्थित सेंटर में गई। विद्यालय के संचालक विपिन कुमार विमल,प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किये। विद्यालय के संचालक विपिन कुमार विमल ने कहा इस विद्यालय के 23 छात्राओं ने नवादा सेंटर पर आयोजित मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने के लिए सुरक्षित वाहन से गये हैं। यह परीक्षा 17 फरवरी से शुरु हुई है, जो 24 फरवरी तक चलेगी। छात्राओं के साथ में विद्यालय के तीन शिक्षकों को यहां से सुरक्षित वाहन से लेकर जाने व लाने की जबाबदेही सौंपी गई है। जिसमे शिक्षक पुनिता कुमारी,डाली कुमारी के अलावा नेहा कुमारी को रखा गया है। मौके पर छात्राओं में पुतुल, काजल, सिंकी, शिम्पी, नेहा, रंजू समेत अन्य छात्राओं के अलावा चालक संजय यादव, उप चालक बिनोद सिंह शामिल रहे।

## रजौली में सात परीक्षा केंद्रों पर हो रही मैट्रिक की परीक्षा

**पहली पाली में 55 एवं दूसरी पाली में 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार से मैट्रिक की परीक्षा की शुरुआत हो गई है। इस परीक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। रजौली प्रखंड में कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें इंटर विद्यालय रजौली, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय रजौली, उच्च विद्यालय चिरैला, कन्या मध्य विद्यालय रजौली, उच्च विद्यालय करिगांव, मथुरासानी महाविद्यालय रजौली एवं मध्य विद्यालय रजौली शामिल हैं।
परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं केंद्राधीक्षक की तैनाती की गई है। परीक्षा शुरू होने से पूर्व परीक्षार्थी कतारबद्ध होकर केंद्र में प्रवेश करते दिखाई दिए एवं केंद्र के अंदर कर्मियों द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी भी ली गई। परीक्षा केंद्रों में लगातार पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। प्रखंड में बनाए गए केंद्रों पर परीक्षा संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है।परीक्षा केंद्रों के बाहर निषेधाज्ञा लागू की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कदाचार को रोका जा सके।छात्राओं की जांच के लिए महिला पुलिस बल की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं, परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों पर छात्राओं की भीड़ देखी गई।

**पहले दिन 102 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन मंगलवार को पहली पाली में 2897 परीक्षार्थियों में 55 एवं दूसरी पाली में 3803 परीक्षार्थियों में 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**एसडीएम द्वारा लगातार किया जा रहा निरीक्षण**

परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण के दौरान एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि सभी केंद्रों में शांतिपूर्ण रूप से परीक्षा का संचालन हो रहा है। परीक्षा केंद्र के आसपास अनावश्यक भीड़ और मटरगश्ती पूर्णतः प्रतिबंधित है। एसडीएम ने परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से केन्द्र पर पहुंचे,ताकि भागदौड़ से होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। साथ ही भरोसा जताया है कि परीक्षा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराई जाएगी।

## किन्नरों की दबंगई पर भड़के चिकित्सक, आईएमए प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। शहर में किन्नरों द्वारा कथित दबंगई, जबरन पैसे की मांग और उत्पात की घटनाओं से चिकित्सकों के साथ-साथ आम नागरिकों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बिहारशरीफ इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को आरक्षी अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और त्वरित व सख्त कार्रवाई की मांग की।
आईएमए बिहारशरीफ के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार और सचिव डॉ. अभिषेक के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. गौरव पटनायक और डॉ. विजय कुमार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हाल ही में बिहारशरीफ के एक निजी क्लीनिक में कथित रूप से किन्नरों द्वारा अधिक बख्शीश की मांग को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद क्लीनिक में तोड़फोड़ और मारपीट की घटना सामने आई। इस घटना में क्लीनिक के कुछ कर्मचारियों के घायल होने की भी जानकारी दी गई। चिकित्सकों का कहना है कि इलाज के दौरान अचानक बड़ी संख्या में पहुंचकर मनमाने ढंग से पैसे की मांग करना और हंगामा करना न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित करता है, बल्कि मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शहर की कई दुकानों और प्रतिष्ठानों में इसी तरह जबरन पैसे वसूले जाने

### किसानों ने देखा भारत विस्तार कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। प्रखण्ड के कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम परिसर स्थित राजेन्द्र भवन में मंगलवार को किसानों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह एवं अन्य कृषि वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम के तहत जयपुर से केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किये गए भारत विस्तार कार्यक्रम के शुभारंभ का सजीव प्रसारण दिखाया गया। तथा किसानों के लिए भारत की प्रमुख एआई संचालित डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि इसके तहत किसानों को फसल योजना,मौसम पूर्वानुमान,कीट नियंत्रण,पीएम किसान,फसल बीमा योजना,क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में सही और सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे किसानों की उत्पादकता में वृद्धि, फसल नुकसान कम होने तथा आय में वृद्धि होने की संभावना रहेगी। मौके पर कृषि वैज्ञानिक रविकांत चौबे,अंगद कुमार,रौशन कुमार आदि मौजूद रहे।

## कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। मैट्रिक परीक्षा के सुचारु, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम कुंदन कुमार एवं एसपी भारत सोनी ने कई परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा एस०एस० बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिहारशरीफ, नालन्दा कॉलेज,बिहारशरीफ स्थित परीक्षा केंद्रों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं, परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित सुरक्षा व्यवस्था को उन्होंने स्वयं देखा।
जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्गत सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दे रहा नई दिशा : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, गया क्षेत्र के किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1961 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा गया के कटारी हिल रोड स्थित परिसर में डेयरी का उद्घाटन किया गया था। राज्य सरकार की दूध आपूर्ति योजना के अंतर्गत इसका संचालन हुआ, लेकिन कुछ कारणों से यह बाद में बंद हो गया। उन्होंने कहा कि श्वेत क्रांति के तहत बंद पड़े इस संयंत्र को बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव प्रोड्यूसर्स फेडरेशन द्वारा वर्ष 1985 में पुनर्जीवित किया गया और जुलाई 1986 से इसका पुनः संचालन प्रारंभ हुआ। वर्ष 1986, 1988, 1990 और 1991 से दुग्ध संग्रहण का कार्य शुरू हुआ और इसके बाद लगातार इसका विस्तार होता गया। प्रेम कुमार ने बताया कि वर्ष 2014 में मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, गया का विधिवत निबंधन कॉमफेड मुख्यालय द्वारा निबंधन संख्या 4008 दिनांक 19 सितंबर 2014 को किया गया। गया, जहानाबाद, औरंगाबाद और अरवल जिलों में वर्ष 2016 से इसका क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ। प्रारंभ में इसका संगठनात्मक ढांचा छोटा और कार्यक्षेत्र सीमित था, लेकिन वर्तमान में यह चारों जिलों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को जोड़ते हुए डेयरी गतिविधियों को मजबूत बना रहा है। समग्र गव्य विकास योजना 2022-23 के अंतर्गत 168 किसानों को दुधारू पशुओं का क्रय कराया गया जिस पर एक करोड़ पचास लाख छत्तीस हजार आठ सौ चालीस रुपये की अनुदान राशि राज्य सरकार की सहायता से उपलब्ध कराई गई। दुग्ध की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए चारों जिलों में 15 स्थानों पर बल्क मिल्क कूलिंग यूनिट स्थापित की गई हैं जिनकी कुल क्षमता 111 किलोलीटर है। सात निश्चय पार्ट-3 के अंतर्गत प्रत्येक गांव में समिति गठन को ध्यान में रखते हुए पांच-पांच किलोलीटर क्षमता की सात अतिरिक्त बल्क मिल्क कूलिंग यूनिट स्थापित करने की योजना है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में गया डेयरी की प्रोसेसिंग क्षमता एक लाख लीटर प्रतिदिन है। बढ़ते दुग्ध संग्रहण को देखते हुए भिंडस, वजीरगंज गया में दो लाख लीटर क्षमता का नया संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रतिदिन 85 हजार लीटर दूध का संग्रहण हो रहा है जिसमें से 65 हजार लीटर पाश्चुरीकृत दूध के रूप में आपूर्ति की जाती है जबकि शेष दूध से लस्सी, सूजी, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, दही, पेड़ा, रसमलाई और चमचम जैसे दुग्ध उत्पाद तैयार कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही पनीर का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समितियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आरकेवीवाई सात निश्चय पार्ट-2, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी योजना के अंतर्गत 600 लीटर क्षमता की दुग्ध जांच मशीन उपलब्ध कराई गई है। प्रेम कुमार ने कहा कि भिंडस, वजीरगंज गया में किसान प्रशिक्षण केंद्र नवंबर 2025 से संचालित है। इस केंद्र के माध्यम से अब तक एक हजार से अधिक किसानों को प्रबंधकारिणी सदस्य प्रशिक्षण और उद्यमिता प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा वर्तमान में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हैं।

# उर्दू को उर्दू की तरह सीखें: प्रो. हफीजुर रहमान खान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** शहर स्थित मिर्जा गालिब कॉलेज अपनी अकादमिक गतिविधियों के तहत लगातार विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इसी क्रम में कॉलेज के उर्दू विभाग की ओर से 'समकालीन परिदृश्य में उर्दू का महत्व और रोजगार की संभावनाएं' विषय पर एक अंतरानुशासनिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बीज वक्तव्य अब्दुल हई, अध्यक्ष उर्दू विभाग, गया कॉलेज ने दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में भाषा में विभिन्न तकनीकों के उपयोग और उनसे उत्पन्न होने वाली रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में काउंसिल के चेयरमैन अशफाक अली ने उर्दू भाषा के पठन-पाठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया। शासी निकाय के अध्यक्ष हफीजुर रहमान खान ने कहा कि उर्दू के विकास में हिंदू समाज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता और उर्दू को उर्दू की तरह पढ़ने तथा समझने की आवश्यकता है। कॉलेज के प्राचार्य मो अली हुसैन ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शासी निकाय के सचिव शबी आरफीन शमसी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की रूपरेखा अकरम वारिस ने प्रस्तुत की जबकि संचालन शब्बीर आलम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन निखत तबस्सुम, अध्यक्ष उर्दू विभाग ने किया। संगोष्ठी में उर्दू विभाग सहित कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी इबरार खान तथा अकरम वारिस ने संयुक्त रूप से दी।

# बोधगया में अग्निवीर भर्ती की तैयारी तेज

## मगध विश्वविद्यालय परिसर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** अग्निवीर सेना भर्ती को लेकर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई है। इसी क्रम में मगध विश्वविद्यालय परिसर में प्रस्तावित भर्ती स्थल का मंगलवार को अधिकारियों द्वारा गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में सेना भर्ती निदेशक कर्नल आर. मदन मोहन, जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार एवं सिविल सर्जन राजाराम प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश-निकास मार्ग, पार्किंग, मेडिकल जांच स्थल, शारीरिक दक्षता परीक्षा मैदान, पेयजल, शौचालय एवं प्रतीक्षा क्षेत्र का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं। कर्नल आर. मदन मोहन ने बताया कि 05 मार्च 2026 से 20 मार्च 2026 तक अग्निवीर भर्ती के तहत चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई जाएगी। युवाओं से दलालों और अफवाहों से बचने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि केवल निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से ही चयन होगा। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भर्ती के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। परिसर में सीसीटीवी कैमरों एवं निगरानी टीम के माध्यम से लगातार नजर रखी जाएगी। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष योजना तैयार करने की जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि बड़ी संख्या में युवाओं के आने की संभावना को देखते हुए मेडिकल टीम, एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही अभ्यर्थियों के लिए 'जीविका दीदी की रसोई' की व्यवस्था भी की जाएगी। इस भर्ती अभियान के माध्यम से भारतीय सेना में सेवा करने का सपना देख रहे युवाओं को बेहतर अवसर मिलेगा। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने संबंधित विभागों के साथ बैठक कर समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने पर जोर दिया।

## शोक सभा आयोजित कर दिवंगत अर्जुन यादव को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिमरा अंतर्गत खैरा गांव में मंगलवार को दिवंगत अर्जुन यादव (सेवानिवृत्त कर्मी, पीएचईडी विभाग) की स्मृति में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बताया गया कि अर्जुन यादव सामाजिक एवं कुशल व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शोक सभा में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में उमेश यादव सहित मुकेश यादव, लक्ष्मण यादव, नीरज कुमार, नरेश यादव, रिंकू कुमारी, सिंकू कुमारी, जितेंद्र कुमार, रमेश कुमार, सागर कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ददरेजी में जीविका सिलाई सह प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के ददरेजी गांव स्थित क्रांति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड में मंगलवार को जीविका सिलाई सह प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन क्रांति सीएलएफ की अध्यक्ष प्रीति देवी, सचिव पूजा कुमारी तथा कोषाध्यक्ष मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक जितेंद्र कुमार, सामुदायिक समन्वयक मंजू कुमारी, रेखा कुमारी एवं विद्या भूषण कुमार सहित अन्य जीविका कर्मी उपस्थित रहे। केंद्र के माध्यम से जीविका दीदियां आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए पोशाक तैयार करेंगी। तैयार ड्रेस को बाल विकास परियोजना कार्यालय के माध्यम से संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल से स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलने के साथ-साथ वे आत्मनिर्भर भी बनेंगी।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न से सम्मानित एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गया जी स्थित कर्पूरी भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा, बिहार प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर सहित अन्य व्यक्तियों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जीवन त्याग, संघर्ष और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद की। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने सत्ता को कभी व्यक्तिगत लाभ का साधन नहीं बनाया, बल्कि उसे जनसेवा का माध्यम माना। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं संतोष ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उनकी विचारधारा समाज में समान अवसर, शिक्षा का प्रसार और सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करती है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के बताए मार्ग पर चलकर समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। भाजपा नेताओं ने मांग की जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का गया जी शहर के प्रमुख चौक-चौराहा पर आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में भाजपा नेता गोपाल प्रसाद यादव, मुकेश ठाकुर, महेश यादव, मंटू कुमार, सरजू ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, भागीरथ ठाकुर, बबलू गुप्ता, कुंदन सिंह, राणा रणजीत सिंह, विजय प्रसाद गुप्ता उर्फ काला नाग आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोप, थाने में दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर पंचायत के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 14 फरवरी 2026 की दोपहर करीब दो बजे उनकी पुत्री को काबर पंचायत के ही एक गांव निवासी एक युवक ने फोन कर घर से बाहर बुलाया और जबरन अपने साथ ले गया। परिजनों का आरोप है कि उक्त युवक के साथ एक अन्य लड़का ने भी सहयोग किया। घटना के बाद परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन लड़की का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। आवेदन में आशंका जताई गई है कि लड़की के साथ अनहोनी हो सकती है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर नाबालिग को बरामद करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने कहा कि मंगलवार को कांड दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## छेड़खानी की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** दरिहट थाना क्षेत्र के एक गांव में छत के रास्ते घर में पहुंचकर एक युवक ने एक युवती के साथ जबरन छेड़खानी का प्रयास किया। उसके चिल्लाने की आवाज सुन छोटी बहन और भाई पहुंचा विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट कर भाग निकला।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता के लिए सूचना है कि **राष्ट्रीय जनता गठबंधन** के नाम से एक राजनीतिक दल का भारतीय निर्वाचन आयोग, अशोका रोड, नई दिल्ली में पंजीकरण प्रस्तावित है। दल के पदाधिकारियों का नाम/कार्यालय पत्ते निम्न प्रकार हैः

राष्ट्रीय अध्यक्ष : सत नारायण

ग्राम- खुटिडिह, पोस्ट- उमगा, औरंगाबाद, बिहार-824208

ईमेलः mydarc@gmail.com

यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो कृपया विज्ञापन की तिथि से 45 दिनों के भीतर उपर लिखित ईमेल और पत्ते पर अपना स्पष्टीकरण भेजें।



**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय)गढ़वा।**
**राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर।**
**रोजगार मेला सूचना – 2026**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–20.02.2026 (दिन–शुक्रवार ) को पूर्वाह्न–11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक अनुसूचित जनजाति अवासीय विद्यालय, चिनियां, गढ़वा के परिसर में एक दिवसीय ''दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत रोजगार मेला–2026'' आयोजित किया जा रहा है।
रोजगार मेला में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Jan Shikshan Sansthan, Garhwa | Tailoring | 02 | 12th PASS+ Relevant | - | 03 Years | 24 to 50 | Per Session as per MSDE | – |
| | | Beautician | 02 | | | | | | |
| | | Hand embroidery | 02 | | | | | | |
| | | Compputer Course | 02 | | | | | | |
| | | Electrician | 02 | | | | | | |
| 02 | AISECT Mega Skill, | Computer Trainer | 06 | 12th Com Cours | Computer Trainer | 2 years | 20 and 20+ | 10000 to 16000 | Meral |
| 03 | Utkarsh Small Finance Bank | Trainee Credit Officer | 50 | 12th Pass | - | No | 18 -32 Year | 10,510-12510/-) | Jharkhand |
| 04 | SIS. India Pvt. Ltd | Security Guard | 100 | 10th Pass | N/A | N/A | 18-33 year | 14000-25000/- | PAN India |
| | | CIT | 50 | 12th PASS | - | N/A | 18-33 year | 13000-19400/- | |
| | | Dog Handler | 50 | 10th Pass | N/A | N/A | 20-37 year | 15000-26000/- | |
| 05 | FIITS Skill Centre Garhwa | Trainer (GDA) | 02 | B.Sc. Nursing | - | 2Yr | 21-35 year | 12000-18000/- | Garhwa |
| | | Trainer (Sampling Tailor) | 02 | Graduation | - | 2Yr | 12-18Yr | 12000-18000/- | |
| | | Trainer (Fashion Designer) | 02 | Graduation | - | 2Yr | 12-18Yr | 12000-18000/- | |
| 06 | Terrier Security Services (I) Pvt. Ltd. | Security Guard | 300 | 10th Pass | - | - | 18-470yr | 17000-23000/-- | |
| 07 | Freedom Employability Academy | Teacher | 15 | Graduation | - | - | 18-45yr | 14500/- | Jharkhand |
| 08 | Face Birsa Skill Centre, Chiniya | Assistant Electrician Trainer | 02 | ITI | Graduation | 01 Yr | 20-30yr | 10000-15000/- | Chiniya Garhwa |
| | | SET Trainer | 01 | Graduation | - | 01Yr | 21-35yr | 10000-15000/- | |
| | | Counsellor | 01 | 12th Pass | Graduation | - | 18-30 Yr | 10000-12000/- | |
| 09 | Babu Dinesh Singh University | Radiographer | 05 | Diploma in Radiography | - | 01yr | 18-45yr | 10000-16000/- | Garhwa |
| | | Dental Hygienist | 05 | Dip. In Hygienist | - | 01yr | 18-45yr | 10000-16000/- | |
| | | Lab Technician (Phonology) | 03 | B.sc MLT/ DMLT | - | 01yr | 18-45yr | 10000-16000/- | |
| | | Clerk Cum Computer Operator | 02 | ADCA | - | 1yr | 18-45yr | 8000-14000/- | |
| | | Driver | 05 | 10th Pass | DL | 01yr | 18-45yr | 8000-12000/- | |
| | | Khalasi | 03 | 10th Pass | - | 01yr | 18-45yr | 8000-9000/- | |
| | | Receptionist | 03 | 12th Pass | - | 01yr | 18-45yr | 8000-12000/- | |
| | | Care Taker | 03 | 10th Pass | - | 01 yr | 18-45yr | 8000-12000/- | |
| | | Attendant | 05 | 10th Pass | - | 01yr | 18-45Yr | 8000-12000/- | |
| | | Electrician | 05 | ITI | 10th Pass | 01rr | 18-45yr | 8000-14000/- | |
| 10 | Team Plus HR Services Pvt Ltd. | Apprenticeship Trainee | 200 | 10th Pass | ITI/Dip | - | 18-30Yr | 12000-25000/- | Canteen, Dress |
| 11 | Dinkar Prabhakar Janseva Charitable Trust | District Coordinator | 03 | Graduation | Post Graduation | 2yr | 25-35Yr | 20000-28000/- | Garhwa Palamu Chatra |
| | | Block Coordinator | 10 | Graduation | Post Graduation | - | 23-35yr | 15000-22000/- | Garhwa |
| | | Surveyor (Target Base work) | 38 | 12th Pass | - | - | 21-40yr | 12000-18000/- | Garhwa |
| | | Computer Operator | 01 | 12th Pass | ADCA | 01yr | 21-35yr | 8000-12000/- | |
| | | Panchayat Prabhari | 12 | 10th Pass | - | - | 21-40yr | 10000-15000/- | |
| 12 | Chaitanya India fin. Credit Pvt. Ltd | SFO | 85 | 10th Pass | ITI | - | 18-28yr | 12770/- | Garhwa/ Palamu |
| 13 | Kismati College of Pharmacy Meral, Garhwa | Professor | 01 | M. Pharm | - | - | 25-40yr | 16000-25000/- | Meral |
| | | Nursing Lecturer | 01 | M.sc Nursing | - | - | 25-40yr | 16000-18000/- | |
| | | Clerk | 02 | 12th Pass | - | - | 18-30yr | 8000-1000/- | |
| 14 | Aatmasamman Foundation | Production Quality | 100 | 10th Pass | ITI | - | 18-35yr | 15000-22000/- | Bengalore/ Hyderabad |
| | | Packing Machine Operator | 100 | Graduation | - | - | 18-35yr | 15000-22000/- | |
| 15 | BABA KAMLESH TEXTILES | Salesman | 10 | 12th Pass | - | 2-3 yr | 22-35yr | 15000-25000/- | Garhwa |
| | | Computer Operator | 05 | 12th Pass | - | 2-3 yr | 22-35yr | 15000-20000/- | |
| | | Accountant | 02 | B.Com | - | 5yr | 25-35yr | 20000-35000/- | |
| | | IT Staff | 01 | 12th Pass | - | 2-5yr | 25-35yr | 20000-35000/- | |
| 16 | L&T Construction | Civil, Fittest, Welder, Electrician, | 200 | Trade related Experience | - | - | 18-50yr | 17000-38000/- | |
| 17 | VSS Enterprises | Semiskilled | 250 | ITI | 10th Pass | - | 18-27yr | 18252/- | - |
| 18 | Big Tree Resource Management Pvt. Ltd. (A)Shriram Pistons & rings ltd. (B)Krishna Maruti Limited (C) Next Generation Manuf. (D) Dhoot Transmission | Trainee/Associate | 500 | 10th to Graduation | ITI / Diploma | - | 18-30yr | 13000-23308/- | - |

रोजगार मेला में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट– WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है। रोजगार मेला में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
विशेश जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते

PR 373182 Labour Employment and Traning(25-26)D

जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा।

संपादकीय

# बांग्लादेश : संविधान भी बदलेगा?

बांग्लादेश में हाल में हुए आम चुनाव के बाद वहां बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) का सत्ता में आना और उसके नेता तारिक रहमान का पीएम बनना तय है, लेकिन भारत सहित दुनिया की नजर इस बात पर भी रहेगी कि क्या बांग्लादेश के पचास साल पुराना संविधान भी बदलेगा? क्योंकि चुनाव में सत्ता परिवर्तन के साथ साथ इस बात पर भी रायशुमारी हुई थी कि क्या बांग्लादेश का संविधान बदला जाना चाहिए और इस रायशुमारी में 72.9 फीसदी लोगों ने बदलाव के पक्ष में वोट दिया। इसे जुलाई चार्टर कहा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य संवैधानिक सुधारों के जरिए निरंकुशता पर लगाम लगाना है। ताकि भविष्य में कोई सत्ता मिलने पर तानाशाह न बन सके। यह भावी पीएम तारिक रहमान पर निर्भर करेगा कि वो संविधान में अपेक्षित बदलाव करते हैं या नहीं। इस जनमत संग्रह को इम्प्लीमेंटेशन ऑर्डर भी कहा जा रहा है। यह जनमत संग्रह केवल बदलाव के पक्ष में हां अथवा ना तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें खास संविधान संशोधनों को मंजूरी के लिए रखा गया। यानी हकीकत में यह एक कानूनी दस्तावेज है, जो बड़े स्तर पर संवैधानिक सुधारों की प्रक्रिया शुरू करेगा। चार्टर की 84 सिफारिशों में से 47 के लिए संविधान में संशोधन ज़रूरी होगा, इसलिए वे जनमत संग्रह के दायरे में आती हैं। बाकी सुधार बिना संविधान बदले लागू किए जा सकते हैं। बांग्लादेश के संविधान में अभी जनमत संग्रह कराने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए वोट की प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए एक अलग अध्यादेश तैयार किया गया। यानी मतदान कब शुरू और खत्म होगा, बैलेट पेपर कैसे संभाले जाएंगे, कौन प्रेसीडिंग ऑफिसर होगा और वोटों की गिनती कैसे होगी आदि। लेकिन इम्प्लीमेंटेशन ऑर्डर सिर्फ मतदान की प्रक्रिया नहीं बताता। यह उन कदमों को भी तय करता है जो जनमत सफल होने पर संसद को उठाने होंगे। यानी यह चार्टर के संवैधानिक सुधार लागू करने के लिए एक नई विधायी प्रक्रिया शुरू करता है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में पहला सुधार चुनाव के समय कार्यवाहक सरकार बनाने से जुड़ा है। बांग्लादेश ने 1996 में एक संवैधानिक संशोधन के जरिए कार्यवाहक सरकार की व्यवस्था शुरू की थी, ताकि राष्ट्रीय चुनाव के दौरान निष्पक्षता बनी रहे। कार्यवाहक सरकार के तहत हुए चुनावों को सत्तारूढ़ सरकार के तहत हुए चुनावों की तुलना में ज्यादा विश्वसनीय माना जाता था। लेकिन हसीना सरकार ने इस प्रावधान को खत्म कर दिया और चुनाव सत्तारूढ़ सरकार के तहत कराए गए। जिससे चुनाव संदिग्ध हो गए। बहरहाल जुलाई चार्टर में कार्यवाहक सरकार के मुख्य सलाहकार के चयन के लिए एक विस्तृत और समयबद्ध प्रक्रिया सुझाई गई है। पांच सदस्यीय चयन समिति, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, स्पीकर, विपक्ष से एक डिप्टी स्पीकर और दूसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी का एक प्रतिनिधि शामिल होगा, पंजीकृत राजनीतिक दलों और निर्दलीय विधायकों से नाम मांगेगी। अगर सहमति नहीं बनती है, तो प्रक्रिया आगे के विकल्पों के ज़रिए आगे बढ़ेगी। दूसरा प्रावधान बांग्लादेश की एकसदनीय संसद को द्विसदनीय संसद में बदलने का है। जिसे सीनेट कहा जाएगा। जैसे कि भारत में राज्यसभा है। इससे सत्ता पर अंकुश बढ़ेगा। तीसरा प्रावधान कहता है कि अगला संसदीय चुनाव जीतने वाली पार्टियां चार्टर में सहमत 30 सुधारों को 'लागू करेंगी। इन सुधारों में संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना, उपाध्यक्ष और प्रमुख संसदीय समिति अध्यक्षों का चुनाव विपक्ष से करना, प्रधानमंत्री का कार्यकाल कुल मिलाकर 10 साल तक सीमित करना, कुछ नियुक्तियों में राष्ट्रपति की शक्तियां बढ़ाना, मौलिक अधिकारों को मजबूत करना और स्थानीय सरकारों को सशक्त बनाना आदि शामिल है। इन संशोधनो के उद्देश्य अच्छे हैं। लेकिन पूर्ण बहुमत वाली बीएनपी सरकार इसे कहां तक लागू करना चाहेगी, यह देखने वाली बात होगी।

# यह ट्रेड डील नहीं बल्कि सरेंडर डील !

**भारत के प्रधानमंत्री ने 5 फरवरी को संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण और विपक्ष के आरोपों का उत्तर देते हुए कहा कि हम देश को बोफोर्स डील से ट्रेड डील तक लेकर आये हैं। इस कथन के माध्यम से जहां उन्होंने विपक्ष के ऊपर हमला बोला तथा बोफोर्स सौदे में हुए घोटाले की याद दिलाई वहीं अपने हाल के व्यापारिक समझौते का बचाव भी किया। हमारे देश में अकसर ऐसा होता है कि मीडिया के माध्यम से कारपोरेट वॉर के हथियार के रूप में आरोप उछाले जाते हैं, सरकारें बदल जाती हैं और आरोप जस के तस बने रहते हैं।**

**रघु ठाकुर**

1989 में बोफोर्स तोपों की खरीदी में भ्रष्टाचार के नाम पर सरकार बदली और प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह बने, परंतु जो आरोप उन्होंने लगाये थे उनके दोषियों को दंड मिले इसके लिए उन्होंने कुछ नहीं किया और बाद में तो यहां तक हुआ कि जब स्व. अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और कारगिल में घुसपैठ हुई थी तो उन घुसपैठियों के मुकाबले के लिए बोफोर्स तोपों का इस्तेमाल किया गया और बोफोर्स तोपों की श्रेष्ठता सिद्ध हुई। अब जो नया अमेरिका के साथ समझौता हुआ है उस पर चर्चा जारी है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री जी ने यूरोपियन यूनियन के साथ ट्रेड डील की थी और उसे मीडिया ने श्मदर ऑफडील्य की संज्ञा दी थी। यह स्वाभाविक है कि सरकारें कोई निर्णय करती हैं तो मीडिया का बड़ा हिस्सा उसका प्रचारक बन जाता है। क्योंकि मीडिया घरानों और सरकार के बीच प्रत्यक्ष तौर पर विज्ञापनों की डील होती है और अप्रत्यक्ष तौर पर कारखानों के लाइसेंस, बैंक की कर्ज माफी, आर्थिक नीतियों के बदलाव आदि की डील होती है जो मीडिया के प्रचार के मुख्य आधार होते हैं।

ईयू की डील के समय कहा गया कि अब भारत 20 लाख करोड़ डॉलर के मार्केट का हिस्सेदार बन गया है, हालाँकि यह डील अभी अपरिपक्व अवस्था में है। नियम यह है कि यूरोपियन यूनियन के अधिकारियों के साथ बातचीत में एक समझ बनी है, अब वे जाकर 6 माह के भीतर ईयू के देशों के साथ संपर्क कर निर्णय करेंगे और अगर इस डील के समर्थन में निर्णय होता है तो उसके क्रियान्वयन की शुरुआत में भी औसतन 4-5 वर्ष लग जाते हैं, परंतु प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को इनकी सरकार के लिए ऐसे काम करने का अभ्यास है। जब वे 2026 के बजट में 2047 की चर्चा कर सकते हैं तो 5 वर्ष का समय तो कम ही है। कम से कम मतदाताओं के लिए और देश के लिए झुनझुना तो पच्चीस साल का उन्होंने पकड़ा दिया है।

अभी तक यूरोपियन यूनियन के साथ डील के जो समाचार आये हैं अगर वे क्रियान्वित भी हो तब भी उनसे असली भारत की जनता को क्या लाभ होगा? ईयू चाहता है कि भारत के द्वारा कार खरीदी के मामले में उसे सहभागिता मिले, अगर यह फैसला हो भी जाए तो इससे भारत के संपन्न और श्रेष्ठीय वर्ग के अलावा आम लोगों को क्या मिलेगा? आम लोगों को तो केवल धुआं और दुर्घटनाओं की मौत तथा भ्रष्टाचार की बढ़ोत्तरी मिलेगी। भारत के पहले भी ईयू ने इंडोनेशिया, सिंगापुर, जापान और यूके आदि के साथ ट्रेड डील की है, यूरोपीयन यूनियन की भी यह सफ्लता है। प्रचार तो यहां तक किया गया कि इस तथाकथित श्मदर ऑफडील्स्य से जियो पॉलिटिक्स बदलेगी और लोकतांत्रिक आर्थिक शक्तियों के बीच एक रणनीतिक विश्वास उभरेगा। यानि ये डील अमेरिका और चीन के दो ध्रुवों के बीच में एक तीसरा ध्रुव बनेगी। हालांकि इतना अतिविश्वास यूरोपियन यूनियन को भी नहीं है। यूरोपियन यूनियन को यूक्रेन के बचाव के लिए रूस से लड़ना पड़ रहा है और वह अभी तक उसमें सफल नहीं रहा है। यूरोपियन यूनियन के बारे में रूस ने यह कहा कि कुछ दिनों बाद ये सब अमेरिका के सामने घुटने के बल बैठे नजर आयेंगे और अमेरिका ने भी ईयू और भारत के डील के लिए कोई विशेष तरजीह नहीं दी। अमेरिका यह जानता है कि यूनियन के देश उससे अलग होकर बहुत दिनों तक अपनी अर्थव्यवस्था को नहीं बचा सकेंगे। अगर यह श्मदर ऑफ डील्य इतनी बड़ी उपलब्धि थी तो भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड डील की क्या आवश्यकता थी? ईयू की डील ही पर्याप्त हो जाती। दरअसल ईयू की डील केवल प्रचारात्मक है क्योकि ईयू के देशों के पास भारत के समानों को बहुत अधिक खरीदने की ना तो जरूरत है और ना क्षमता है। अमेरिका का बाजार अभी तक भारत के लिए मुफीद था, क्योंकि भारत अभी तक अमेरिका से 9 लाख करोड़ का सामान निर्यात करता था और 4.5 लाख करोड़ का सामान आयात करता था। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत के होने वाले घाटे के एक हिस्से की पूर्ति इस तरीके से होती थी। दूसरे पिछले कुछ महीनों की घटनाओं से फ्लिहाल अमेरिका को एक विश्व शक्ति के रूप में देखना शुरू किया है और अपने सारे मनमानीपन, विदूषक तरीकों के बावजूद भी ट्रम्प अमेरिका की शक्ति का एहसास करा रहे हैं। वे एक साथ घर पर व बाहर दोनों मोर्चों पर बगैर अपने विचार को छिपाये खुलेआम लड़ रहे हैं, यह उनका अवगुण भी है और गुण भी है।

अब भारत और अमेरिका के बीच जो ट्रेड डील हुई है, इससे भारत का रोता हुआ बाजार निफ्टी और सेंसेक्स जो पिछले कुछ दिनों से दहाड़ मार कर रो रहे थे, अब कह कहा कर हंस रहें हैं। याने वे जानते हैं कि, बाजार और कारपोरेट शक्तियों का लाभ अंततः अमेरिका के साथ समझौते में है। अमेरिका ने रूस के तेल खरीदी के नाम पर लगाये गए 25 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इससे भारत के निर्यात को जो पिछले माह से कमजोर अवस्था में था, अब फ्रि मौका मिला है। दरअसल एक पक्ष यह भी है कि अमेरिका जिन सामानों को भारत से खरीदता है वे कोई बुनियादी जरूरतों की चीजें नहीं हैं। जेवर, जेम्स, छोटो मोटी मशीन, दवा का रसायन आदि ऐसे ही सामान हैं जिनके बगैर अमेरिका का काम चल सकता है। अमेरिका इन सामानों को अन्य देशों से भी आयात कर सकता है।

गुजरात के व्यापारियों का बड़ा हिस्सा और उनके परिवारजन अमेरिका में रहते हैं और उनका भी श्री मोदी पर दबाव था कि जैसे भी हो अमेरिका के साथ रिश्ते बहाल किए जाएं। इससे मोदी सरकार को फिलहाल अपनी सरकार बचाने में भी फायदा हुआ, और आगामी गुजरात चुनाव में भी इसका फायदा मिलेगा। हालाँकि व्यापार के क्षेत्र में यह बहुत मुनाफेमंद साबित नहीं होगा। अमेरिका भारत से सी फूड और विशेषतरू झींगा खरीदेगा। दरअसल अमेरिका भारत से कुछ सामान इसलिए खरीदता है ताकि भारत को कुछ बाजार मिले और भारत उसका नीतिगत पिछलग्गू बना रहे। इसमें अमेरिका सफल भी हुआ है। पिछले कई माह से कहे अनकहे डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती देने वाले प्रधानमंत्री जी ने इस डील के बाद विनम्रता का बयान दिया है कि देश की 140 करोड़ आबादी आपकी आभारी है। यह बयान ही अपने आप में भारत की स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त है । यानि प्रधानमंत्री ने माना है कि अमेरिका के साथ हुआ समझौता भारत की लगभग डेढ़ अरब आबादी के लिए हितकर है और इसलिए पूरा देश आभारी है। अमेरिका चाहता था कि भारत रूस से तेल खरीदना कम करे और यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि भारत वेनेजुअला के माध्यम से अमेरिकी प्रभाव का तेल खरीदेगा तथा कहे अनकहे रूस से खरीददारी कम होगी। दरअसल अमेरिका यूक्रेन को बचाने के लिए रूस की आर्थिक और सामरिक क्षमता कम करना चाहता है और इसमें वह सफल हुआ है। अमेरिका के कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस ने कहा है कि ट्रेड डील से अमेरिकी कृषि उत्पादों का निर्यात भारत के बाजार में बढ़ेगा जिससे 113 करोड़ डॉलर यानि लगभग 11000 करोड़ रुपये का भारत से व्यापार घाटा कम होगा और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कृषि और डेयरी सेक्टर हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है। यह बयान द्विअर्थीय है, एक तो इस रूप में कि यह नहीं कहा गया कि कृषि उत्पाद को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ, बल्कि इतना ही कहा गया है कि कृषि और डेयरी के हितों से कोई समझौता नहीं हुआ। इससे इतना तो अर्थ स्पष्ट है कि अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों के भारत में आने के लिए सहमति बनी है। अब उसकी सीमा क्या होगी, कितने में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हित होंगे, यह श्री पीयूष गोयल ही समझ सकते हैं और अमेरिका अपने व्यापार घाटे को किस सीमा तक कम करेगा, यह खुलासा बकाया है।

स्वाभाविक है कि कोई भी देश किसी दूसरे देश से समझौता करता है तो वह अपना भी हित सुरक्षित रखता है। दरअसल, पिछले आठ महीनों से जो भारत और दुनिया के पटल पर ट्रंप और मोदी का ड्रामा चल रहा था इसका एक ही अर्थ और एक ही लक्ष्य था। मैंने आज से लगभग तीस वर्ष पहले अपनी पुस्तक श्आर्थिक उदारीकरण और भारत्य में लिखा था कि डब्ल्यूटीओ का समझौता कोई साल दो साल का नहीं है, बल्कि एक ऐसी लंबी दूरी का है जो सदी तक भी पहुंच सकता है। इस समझौते में ही भारत के कृषि के क्षेत्र को खोले जाने की बात थी। वैसे भी, भारत अनेक दुग्ध उत्पादक सामग्रियों को अनेकों देशों से आयात करता रहा है। क्या हमने दूध पाउडर डेनमार्क से आयात नहीं किया था? इतना ही है कि बस पहले किसी छोटे देश से छोटे-मोटे आयात होते थे। अब अमेरिका से बड़े पैमाने पर कृषि आयात होगा जिसमें कपास, सोयाबीन तेल, बीन्स आदि आदि उत्पाद शामिल होंगे। फिर भारत की ओर से अपनी बढ़ती आबादी की जरूरतों की पूर्ति का हवाला दिया जाएगा और भारतीय कृषि इससे बुरी तरह प्रभावित होगी। विपुल अनुदान प्राप्त अमेरिका में पैदा किया गया गेहूँ भारत खायेगा और भारत में 85 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज मिलेगा। भारत का सामान्य किसान बर्बाद होगा तथा 85 करोड़ मुफ्त अनाज पाने वाले सरकार की जय जयकार करेंगे। अमेरिका अपने आर्थिक हितों में सफल होगा और भारत की सरकार वोट की खेती में सफल होगी। अमेरिकी कपास को तो भारत सरकार ने कपास की फसल आने के पहले ही आयात की अनुमति दे दी थी।

अध्यात्म

# 365 दिन ही पवित्र है



राज ज्योतिषी ने राजा वसुसेना की श्रद्धा ज्योतिष पर बहुत जमा दी थी। वे बिना मुहूर्त जाने कोई काम ही नहीं करते थे शत्रुओं को पता चला तो वे ऐसी घात लगाने लगे कि किसी से मुहूर्त में हमला करें, जिसमें प्रतिकार का मुहूर्त न बने और वसुसेना को सहज ही परास्त किया जा सके। प्रजाजन और सभासद सभी को राजा के इस कुचक्र में फंस जाने पर बड़ी चिंता होने लगा.

संयोगवश राजा एक बार देश के दौरे पर निकले। साथ में राज-ज्योतिष भी थे। रास्ते में एक किसान मिला, जो हल-बैल लेकर खेत जोतने जा रहा था। राज ज्योतिषी ने उसे रोककर कहा- 'मुर्ख जानता नहीं, आज जिस दिशा में दिशाशूल है, उसी में चला जा रहा है। ऐसा करने से भयंकर हानि उठानी पड़ेगी। '

किसान दिशाशूल के बारे कुछ नहीं जानता था। उसने नम्रतापूर्वक कहा- 'मैं तो प्रत्येक दिन इसी दिशा में जाता हूं। उसमें दिशाशूल होने वाले दिन भी होते होंगे। यदि आपकी बात सच होती तो मेरा कब का सर्वनाश हो गया होता। '

ज्योतिष सिटपिटा गये। झेंप मिटाने के लिए बोले- 'लगता है तेरी कोई हस्तरेखा बहुत प्रबल है, दिखा तो अपना हाथ। '

किसान ने हाथ तो बढ़ा दिया, किन्तु हथेली नीचे की ओर रखी। ज्योतिषी इस पर और अधिक चिढ़े और बोले-' मेरा! इतना भी नहीं जानता कि हस्तरेखा दिखाने के लिए हथेली ऊपर की ओर रखनी होती है। ' किसान मुस्कुराया और बोला- 'हथेली वह फैलाए, जिसे किसी से कुछ मांगना हो, जिन हाथों की कमाई से अपना गुजारा करता हूँ, उन्हें क्यों किसी दूसरे के आगे फैलाऊँ। मुहूर्त तो वह देखे जो कर्महीन और निट्ठला हो। यहाँ तो 365 दिन ही पवित्र है।'

ज्योतिषी महाराज कुछ समझे यह तो हमें पता नहीं, लेकिन कथा में आगे है कि महाराज वसुसेना को सद्बुद्धि अवश्य आ गयी थी और उन्होंने हर राज के हर कार्य से आत्मिक संबंध बना लिया था। राजकोट में शुभ मुहूर्त देखने की परंपरा छोड़कर बाद में अपना सारा राज्यकाल हर पल जनता की सेवा में ही गुजारा।

# जब महिलाएँ आगे बढ़ती हैं, देश सशक्त होता है...

**भारत आज एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रहा है, जहाँ नारी शक्ति केवल सामाजिक विमर्श का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक विकास की सक्रिय धुरी बनती जा रही है। शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और वित्तीय क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा और दिशा दी है। परंपरागत सीमाओं को तोड़ते हुए महिलाएँ अब घर की चौखट से निकलकर बाजार, कार्यस्थल और नेतृत्व के मंचों तक अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह बदलाव केवल आय वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सामाजिक संरचनाएँ मजबूत हो रही हैं, पारिवारिक निर्णय अधिक संतुलित बन रहे हैं और विकास अधिक समावेशी स्वरूप ग्रहण कर रहा है। यही नारी भागीदारी भारत के उज्ज्वल भविष्य की ठोस आधारशिला है।**

**ममता कुशवाहा**

जैसे-जैसे महिलाएँ आर्थिक विकास में सक्रिय योगदानकर्ता बन रही हैं, वे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही हैं, बल्कि भारतीय समाज की बुनियादी संरचना को भी नया आकार दे रही हैं। इस व्यापक परिवर्तन का सबसे स्पष्ट रूप महिलाओं की श्रम बाजार में बढ़ती भागीदारी के रूप में दिखाई देता है। परंपरागत रूप से भारत में महिलाओं काकाम मुख्यतः घरेलू और अवैतनिक श्रम तक सीमित रहा है या फिर असंगठित क्षेत्र में, जहाँ सुरक्षा और पहचान का अभाव था। लेकिन हाल के वर्षों में महिला श्रम भागीदारी दर में धीरे-धीरे किंतु निरंतर वृद्धि देखने को मिली है। इस वृद्धि के पीछे बेहतर शिक्षा की उपलब्धता, कौशल विकास कार्यक्रम, शहरीकरण और सेवा तथा ज्ञान आधारित उद्योगों का विस्तार जैसे कई कारण हैं। आज महिलाएँ सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बैंकिंग, खुदरा व्यापार और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में न केवल कर्मचारी के रूप में बल्कि उद्यमी के रूप में भी योगदान दे रही हैं। कार्यबल में उनकी बढ़ती उपस्थिति ने आर्थिक गतिविधियों में विविधता लाई है और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र इस बदलाव का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करताहै। बैंकिंग में महिलाओं की भागीदारी ग्राहकों और पेशेवरों, दोनों रूपों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। बैंक खाताधारकों में महिलाओं का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है, जो महिलाओं को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने वाले वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों की सफलता को दर्शाता है। बैंक खाते होने से महिलाओं को स्वतंत्र रूप से बचत करने, सीधे सरकारी लाभ प्राप्त करने, छोटे व्यवसायों में निवेश करने और घरेलू वित्त को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने की शक्ति मिली है। वित्तीय साक्षरता अभियानों ने महिलाओं की आर्थिक समझ को और मजबूत किया है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ विवेकपूर्ण आर्थिक निर्णय ले पा रही हैं और उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ी है।

पूंजी बाजारों में महिलाओं की भागीदारी भी आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। बीते कुछ वर्षों में शेयर बाजार में निवेश करने वाली महिलाओं की संख्या में तेज़ी से वृद्धि हुई है। यह बदलाव पारंपरिक बचत साधनों जैसे सोना या सावधि जमा से आगे बढ़कर विविध वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश की ओर संकेत करता है। इक्विटी बाजारों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी बढ़ती वित्तीय जागरूकता, अधिक उपलब्ध आय और सोच-समझकर जोखिम उठाने की क्षमता को दर्शाती है। शेयरों और म्यूचुअल फंडों में निवेश के माध्यम से महिलाएँ न केवल अपनी व्यक्तिगत संपत्ति का निर्माण कर रही हैं, बल्कि पूंजी निर्माण और समग्र आर्थिक विकास में भी योगदान दे रही हैं। उद्यमिता महिलाओं की आर्थिक भागीदारी का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप और छोटे उद्यम भारत की विकास गाथा में लगातार अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा



रहे हैं। महिलाओं को ऋण सुविधा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करने वाली सरकारी योजनाओं ने उनके लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है। आज महिलाएँ खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, ई-कॉमर्स, शिक्षा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक उद्यमोंजैसे विविध क्षेत्रों में सक्रिय हैं। उनके व्यवसाय न केवल रोजगार सृजन करते हैं और नवाचार को बढ़ावा देते हैं, बल्कि कई बार सामाजिक समस्याओं का समाधान भी संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ प्रस्तुत करते हैं। नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी भी इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। हालाँकि प्रबंधकीय और नेतृत्व पदों पर महिलाओं की संख्या अभी अपेक्षित स्तर से कम है, फिर भी इसमें उत्साहजनक वृद्धि देखी जा रही है। महिलाएँ कॉर्पोरेट बोर्डरूम, सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों, स्टार्टअप्स और नागरिक समाज संगठनों में जिम्मेदारीपूर्ण पदों पर पहुँच रही हैं। महिला नेतृत्व से दृष्टिकोणों में विविधता आती है, शासन व्यवस्था में सुधार होता है और निर्णय प्रक्रियाएँ अधिक समावेशी बनती हैं। विश्व भर के अध्ययन बताते हैं कि जिन संगठनों में नेतृत्व स्तर पर लैंगिक विविधता अधिक होती है, वे आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हैं और नैतिक मानकों के प्रति अधिक प्रतिबद्ध होते हैं।

शिक्षा इस पूरे परिवर्तन की आधारशिला रही है। महिला साक्षरता दर में सुधार और माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा में बालिकाओं का बढ़ता नामांकन कुशल महिलाओं की एक मजबूत श्रृंखला तैयार कर रहा है, जो कार्यबल में प्रवेश के लिए तैयार हैं। बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने वाली सरकारी योजनाओं ने स्कूल छोड़ने की दर को कम किया है और परिवारों को अपनी बेटियों के भविष्य में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया है। शिक्षित महिलाएँ अधिक संभावना के साथ रोजगार में भाग लेती हैं, कम उम्र में विवाह को टालती हैं, स्वास्थ्य से जुड़े बेहतर निर्णय लेती हैं और अगली पीढ़ी की शिक्षा का समर्थन करती हैं। इस प्रकार विकास का एक सकारात्मक और सतत चक्र बनता है।

महिलाओं की आर्थिक भागीदारी का सामाजिक प्रभाव केवल आय अर्जन तक सीमित नहीं है। जब महिलाएँ कमाती हैं और वित्तीय संसाधनों पर उनका नियंत्रण होता है, तो पारिवारिक ढाँचे में सकारात्मक बदलाव आते हैं। आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिलाएँ स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और बचत से जुड़े निर्णयों में अधिक सशक्त भूमिका निभाती हैं। इससे बच्चों के भविष्य और परिवार की समग्र भलाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आर्थिक भागीदारी महिलाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी बढ़ाती है, जिससे वे भेदभावपूर्ण परंपराओं को चुनौती देने और अपने अधिकारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में सक्षम होती हैं। सरकारी नीतियों ने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को तेज़ करने में अहम भूमिका निभाई है। महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों और उद्यमिता समर्थन के लिए बढ़ा हुआ बजटीय प्रावधान सरकार की लैंगिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मातृ स्वास्थ्य, कार्यस्थल सुरक्षा, मातृत्व लाभ और शिशु देखभाल सुविधाओं में सुधार से जुड़ी पहलों ने उन संरचनात्मक बाधाओं को कम किया है, जो महिलाओं की सवेतन कार्य में भागीदारी को सीमित करती थीं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। मन में असन्तोष का भाव रह सकता है। धार्मिक लोगों से सलाह लेना उत्तम होगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं।

**वृषभ**

आज आप अपने मित्रों की काफी सहायता करेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं। ऊँचाई वाली जगहों से दूरी बनाकर रखें।

**मिथुन**

आज आपका दिन विशेष उन्नतिकारक रहेगा। अधूरे पड़े कार्य आप प्रारम्भ कर सकते हैं। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही अच्छा है।

**कर्क**

पुराने लोन को चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। सन्तान की पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। आपके भीतर स्नेह और वात्सल्य की भावना रहेगी।

**सिंह**

घर के सदस्यों को महत्व दें। वाणी में संयम रखें। रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास करें। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या**

आज आपको यात्रा कम से कम करनी चाहिये। भावनात्मक उतार-चढ़ाव पर नियन्त्रण रखें। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाकर रखें।

**तुला**

उच्च-अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। महँगे समान की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक**

आप अपनी आय बढ़ाने के लिये अत्यधिक प्रयत्नशील रहेंगे। परिवार में छोटों की चिन्ता रहेगी। प्रियजनों के व्यवहार को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**धनु**

आप दूसरों की सहायता करेंगे। नये कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। उच्च अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं। दिन आपके लिये काफी अच्छा रहना वाला है।

**मकर**

आज के दिन आपको तनाव का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करें। दाम्पत्य जीवन में कड़वाहट हो सकती है। कुछ लोग आपकी तरक्की से ईर्ष्या कर सकते हैं।

**कुंभ**

जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण करें, इससे आपको लाभ होगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। पुराने लोन को चुकाने में आसानी होगी।

**मीन**

घर के वास्तु में कुछ परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ सकता है। गम्भीरता से परिस्थितियों का अवलोकन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का जेईई मेन में रहा शानदार प्रदर्शन

**सागर गुप्ता 98.31 पर्सेंटाइल लाकर बने अनुमंडल टॉपर**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददता।** स्थानीय बरनी अवस्थित प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल, मसौढ़ी के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली जेईई मेन की परीक्षा में आशातीत प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। साथ ही विद्यालय एवं अनुमंडल का नाम रोशन किया है। विदित हो कि विगत दिनों जेईई मेन की परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें इसी विद्यालय के सागर गुप्ता एवं अनामिका कुमारी ने सफलता हासिल की। जेईई की परीक्षा में सागर गुप्ता 98.31पर्सेंटाइल एवम अनामिका कुमारी 96.098 पर्सेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस परीक्षा के सफलता का श्रेय बच्चों को देते हुए पी पी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ० अभिराम सिंह ने कहा कि आप सभी के कठिन परिश्रम और अनुशासन का यह फल है और मेरी कामना है कि आप देश के अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता हासिल करें । आज इन विद्यार्थियों के सफलता ने यह बताने का प्रयास किया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है । उन्हें बस उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है । इस मौके पर प्राचार्य , वरीय शिक्षक सुबोध कुमार सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे ।

### अथमलगोला में ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार की अहले सुबह दानापुर मंडल के अथमलगोला बख्तियारपुर लिंक स्टेशन के बीच जय प्रकाश महुली हाल्ट के पास ट्रेन संख्या 22406 भागलपुर गरीब रथ से कटकर



एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई।बुजुर्ग की पहचान अथमलगोला प्रखंड के दौलतपुर गांव निवासी 60 वर्षीय बैकुंठ प्रसाद के रूप में हुई है।सूचना मिलते ही राजकीय रेल पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल बख्तियारपुर की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्योपरीक्षण हेतू अग्रेतर कार्यवाही की। शव हटाने तक कुछ देर के लिए डाऊन लाइन पर परिचालन बाधित रहा। ग्रामीणों की माने तो मृतक बुजुर्ग को कम दिखाई देता था और वो बराबर रास्ता भटक जाते थे।

### धान का लावा,गुड और सौंफ से बनी लाई की बिखर रही खुशबू, वीर मेले की पहचान बनी है लाई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ स्थित वीर ओरियरा मेले में धान का लावा,गुड और सौंफ से बन लाई पूरे मेले में अपनी खुशबू बिखेर रहा है और यह मेले की पहचान बनी हुई है, वहीं यह लाई ग्रामीण क्षेत्रों की यह पारंपरिक मिठाई की पहचान बन चुकी है और हलांकि इस एतिहासिक वीर मेले की हजारों साल का एक पौराणिक इतिहास रहा है।



दरअसल धनरूआ के वीर ओरियरा में महाशिवरात्रि के मौके पर एक माह तक लगने वाला यह मेला काफी ऐतिहासिक रहता है और हर मेला घूमने आये हर कोई लाई खरीदना नहीं भुलते है क्योंकि वीर मेला का मतलब धान का लावा की लाई है। लाई बनाने वाले.कारीगरों की माने तो धान के लावा को शुद्ध गुड़ के चाशनी में मिलाकर, उसमें सौंफ और अन्य मसालों के मिश्रण से यह लाई तैयार की जाती है, जिसकी सौंधी खुशबू पूरे मेले में फैली रहती है। यह पारंपरिक व्यंजन, जिसे कई' जिलो में खील बताशा' के रूप में भी जाना जाता है, दिवाली से शुरू होकर बिहार के विभिन्न मेलों में खूब बिकता है। सौंफ और गुड़ का मेल इसे न केवल स्वादिष्ट बनाता है, बल्कि यह एक प्राकृतिक, हल्का और पौष्टिक नाश्ता भी माना जाता है।यह लाई पूजा-पाठ (जैसे लक्ष्मी पूजन) में इस्तेमाल होती है और इसे काफी समय तक स्टोर भी रख सकते है।

### वीर मेला में तलवार की दुकान को प्रशासन ने कराया बंद, तलवार खरीदे हुए युवकों से जबरदस्ती कराया वापस

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि के मौके पर धनरूआ के वीर ओरियरा में चल रहे मेले में युवाओं के बीच तलवार खरीदने को लेकर क्रेज दिख रहा था,तलवार दुकानों पर युवाओं की भीड उमड रही थी,ऐसे मे नवबिहार टाइम्स की प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन ने इस पर रोक लगाते हुए



सबसे पहले तलवार दुकान को तलवार बिक्री पर पाबंदी लगा दी इसके अलावा मेले में घूम-घूम कर जितने भी युवक तलवार खरीद कर जा रहे थे उन सब को तलवार को वापस कराया। दरअसल शस्त्र अधिनियम के तहत कोई भी धारदार हथियार का लाइसेंस के साथ ही उसकी दुकान चलती है लेकिन वीर मेला में खुलेआम नियमों का उल्लंघन करते तलवार बिक्री हो रही थी और नौजवान युवक शौक से तलवार खरीद कर कंधे पर लटका कर ऐसे घूम रहे थे मानो किसी जंग में तलवार लेकर जा रहे हो, हालांकि यह एक अपराध का एक बढ़ावा भी हो सकता है, लेकिन समय रहते प्रशासन ने तलवार की दुकानों को बंद करवाते हुए तलवार बेचने पर रोक लगा दी है और उसे चेतावनी दी है कि अगर दोबारा तलवार बचने के काम करेंगे तो उन पर कार्रवाई की जाएगी, हलांकि रोक लगने के बावजूद चोरी छीपे तलवार बिक्री कर रहे थे।

### प्रेम प्रसंग में किशोरी हुई प्रेमी के साथ फरार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को मनेर के एक गांव के रहने वाली किशोरी अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर फरार हो गई। इस मामले में किशोरी के परिवार वालों ने थाने में लिखित शिकायत करते हुए गांव के ही एक युवक और उसके परिवार वालों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई के लिए जुटी हुई है।

### तीन फरार अभियुक्तों के घर पर मसौढी पुलिस ने ढोल बजाकर साटा इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार मोहल्ले में मंगलवार की दोपहर मसौढी पुलिस न मारपीट कर जानलेवा हमले मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों के खिलाफ ढोल बजाकर विधवत तौर पर इश्तेहार साटा है और सभी फरार अभियुतो को सरेंडर करने की चेतावनी दी है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि इस



घटना के वादी मो.जुबेर पिता मो. सुहैल पुरानी बाजार ने चार लोगों के खिलाफ मसौढी थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी, इसमें बताया गया था इसकी बहन के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर रहा था उसी को बचाने के दरमियान इस पर भी जानलेवा हमला किया गया था इसी मामले में फरार अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार साटा गया है। साटा गये इश्तेहार में मसौढ़ी थाना कांड सं.666/25 दिनांक 17/08/2022 के अभियुक्त सायरा बानो,पति मो. नौशाद उर्फ संतोष सा. पुरानी बाजार ,.जिनत प्रवीण, पे.मो.नौशाद सा.पुरानी बाजार , मो. दिलशाद,पे. नौशाद उर्फ संतोष आदी के घर पर इश्तेहार का तामिला किया गया।

### जल-जमाव से मुक्ति के लिए नगर परिषद के दल ने किया निरीक्षण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर नगर परिषद के वार्ड संख्या 6,8,18 एवं 19 में जल जमाव से मुक्ति को लेकर नगर विकास का एक दल मंगलवार को निरीक्षण किया।मनेर नगर परिषद के काजी तालाब से शांति नगर,मोहनपुर होते महिनावां नासी तक जाने वाले बड़े नाले के जाम रहने के वजह से नगर के विभिन्न हिस्सों में गन्दे जल के जमाव बना हुआ है।बताया जाता है कि नाले में कीचड़ के साथ ही कई लोगों द्वारा नाले में मिट्टी भरने व नाले की पाइप को तोड़ने



से पानी की निकासी में समस्या होती है। नगर परिषद अध्यक्ष विधाधर विनोद सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धार्थ हर्षवर्धन,उपाध्यक्ष शंकर कुमार, नगर विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अर्चना कुमारी,पार्षद प्रतिनिधि सनोज कुमार,रणवीर सिंह आदि ने निरीक्षण किया निरीक्षण के बाद में नगर परिषद के अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि जेसीबी की सहायता से बड़े नाले की उड़ाही,गाद निकालने के साथ ही अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

# मेंटर्स एडुसर्व ने फिर एक बार दिया जे.ई.ई. मेन में बिहार टॉपर

**संस्थान के शुभम कुमार 100 परसेंटाइल एन.टी.ए. स्कोर के साथ बने बिहार टॉपर**

**जे.ई.ई. मेन (सेशन-1) 2026 परीक्षा के घोषित परिणाम में आशा के अनुरूप मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन**




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जे.ई.ई. मेन (सेशन-1) 2026 परीक्षा के घोषित परिणाम में आशा के अनुरूप मेंटर्स एडुसर्व के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। संस्थान के निदेशक आनंद जायसवाल ने बताया की संस्थान के शुभम कुमार 100 परसेंटाईल एन.टी.ए. स्कोर के साथ बने बिहार टॉपर। टॉप परफोर्मर्स में रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम से शुभम कुमार ने 100, शुभ नारायण ने 99.91, अंकित ने 99.89, अभिजीत ने 99.49, आदित्य ने 99.49, शिव शंकर ने 99.38 एवं प्रिंस ने 99.05 परसेंटाईल एन.टी.ए. स्कोर प्राप्त किया है। श्री जायसवाल ने बताया कि रिजल्ट जानने का सिलसिला जारी है। ऐसे में टॉप परफोर्मर्स की संख्या बढेगी। श्री जायसवाल ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, उनकी टीम के अनुभवी अध्यापकों द्वारा की गई जी तोड़ परिश्रम एवं मेंटर्स की उच्च स्तरीय शिक्षण प्रणाली को दिया। मेंटर्स एडुसर्व द्वारा घोषित परिणामों में गुणवत्ता है एवं परिणामों की विश्वसनीयता मेंटर्स एडुसर्व की पहचान है। मेंटर्स एडुसर्व द्वारा दिनांक 02 से 09 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली जे.ई.ई. मेन (सेशन-2) परीक्षा तथा दिनांक 17 मई 2026 को आयोजित होने वाली जे.ई.ई. एडवांसड परीक्षा के लिए रैंक शेपर कोर्स (क्रैश कोर्स) की घोषणा की गई है। जो विद्यार्थी जे.ई.ई. मेन (सेशन-2) तथा जे.ई.ई. एडवांसड में टॉप परसेन्टाईल के साथ-साथ टॉप रैंक प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं, वो इस रैंक शेपर कोर्स (क्रैश कोर्स) में नामांकन लेकर लाभांवित हो सकते हैं। इस रैंक शेपर कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को रेगूलर क्लासेस, स्टडी मैटेरियल, वर्कबुक, डाउट क्लासेस, ऑनलाइन टेस्ट सीरीज, टेस्ट डिस्कशन तथा रैंक इंप्रूवमेंट पैकेज दी जाएंगी। रैंक शेपर कोर्स का बैच दिनांक 26 फरवरी 2026 से शुरू किया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी इस कोर्स में कक्षा 10वीं/12वीं बोर्ड परीक्षा में प्राप्तांक या जे.ई.ई. के परफोर्मेंस के आधार पर छात्रवृत्ति के साथ डायरेक्ट एडमिशन ले सकते हैं। मेंटर्स एडुसर्व में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6ठवीं से 12वीं एवं 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए डायरेक्ट एडमिशन प्रक्रिया जारी है, जिसमें विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति व लगभग निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी 9569668800 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# कड़ी निगरानी एवं कदाचार मुक्त दावों के साथ मैट्रिक परीक्षा शुरू





### छह परीक्षा केंद्रों पर 4697 परीक्षार्थी शामिल, दीवार फांदने और हंगामा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई एसडीएम ने चेतावनी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा कडी निगरानी के साथ मंगलवार से शुरू हो चुकी जो आगामी 25 फरवरी तक दो पालियों में संचालित की जाएगी, ऐसे में मसौढी अनुमंडल में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जो सिर्फ लड़कियों के लिए ही परीक्षा केंद्र हैं। जहां 4697 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि सभी परीक्षार्थी समय से पहले एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं ,इसके अलावा उन्होंने कहा है की दीवाल फांदकर कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने वाले और हंगामा करने वाले परीक्षार्थियों को 2 साल के लिए उन्हें निष्कासित भी कर दिया जाएगा, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परीक्षा संचालन में कदाचार मुक्त दावों के साथ जीरो टोलेरेंस की नीति अपनाई गई है। इसके अलावा उन्होंने बताया की कोई भी वीक्षक मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे, सिर्फ सेंटर सुपरिंटेंडेंट ही मोबाइल रखेंगे, वहीं सभी परीक्षार्थियों को जूता मौजा पहनकर परीक्षा केंद्र में जाने की पाबंदी लगाई गई है। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के 200 मीटर तक धारा 144 लागू कि गई है।बहरहाल मसौढ़ी अनुमंडल के छह परीक्षा केंद्रों में श्रीमती गिरिजा कुमार हाई स्कूल के परीक्षा केंद्र पर 1349 परीक्षार्थी, प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका हाई स्कूल में 555, उच्च माध्यमिक विद्यालय बरनी में 650 परीक्षार्थी, हाई स्कूल साई में 530 परीक्षार्थी, श्री वीरचंद पटेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्रीपालपुर 552 परीक्षार्थी, इसके अलावा रफ्रर प्लस टू उच्च विद्यालय पुनपुन में 1081 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।, बरहाल परीक्षा केदो में प्रति 25 परीक्षार्थियों के बीच एक वीक्षक की तैनाती की गई है वहीं 6 परीक्षा केंद्रों में 37 स्टैटिक दंडाधिकारी,दो उडनदस्ता दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।

### एसडीएम ने मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**केंद्राधीक्षकों को कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए दिए दिशा-निर्देश**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ी सुरक्षा के बीच चल रहे बिहार बोर्ड परीक्षा के पहले दिन परीक्षा का जायजा लेने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय एवं श्रीमती गिरिजा कुवर हाई स्कूल के बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।उन्होंने केंद्राधीक्षकों और वीक्षकों को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीएम ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास और प्रवेश द्वार के साथ-साथ अंदर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी, जिसके लिए मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट, चाय, पान, नाश्ता और किताब की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। सभी परीक्षा केंद्रों के 200 गज की परिधि में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत धारा 163 लागू रहेगी। सोशल मीडिया पर भी पैनी निगरानी रखी जाएगी और भ्रामक व अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी,इसके अलावा ने बताया कि केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा, वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और सीसीटीवी से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत भारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। इसके साथ ही एसडीएम ने कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए केंद्राधीक्षकों और वीक्षकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अभिभावकों, परीक्षार्थियों और आम जनता से शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन में सहयोग की अपील की। दिशानिर्देशों का पालन न करने या व्यवस्था भंग करने वालों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### बाढ़ नगर परिषद के पूर्व वार्ड पार्षद ने नगर परिषद से मांगा कंबल का हिसाब

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के वार्ड संख्या 23 के पूर्व वार्ड पार्षद सत्येंद्र कुमार ने 5 फरवरी को नगर परिषद से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत वर्ष 2024 -25 और 25-26 के तहत नगर परिषद के द्वारा 27 वार्ड में गरीबों को निशुल्क कंबल बांटने के लिए कितने कंबल की खरीद की गई और उसे पर कितना खर्च आया जब इसकी जानकारी मांगी तो नगर परिषद में 13 फरवरी 2026 को सूचना मांगने वाले सत्येंद्र कुमार के ऊपर घर के पास गली का अतिक्रमण करने का नोटिस थमा दिया। इस मामले पर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि नगर परिषद में मनमाने तरीके से कारोबार चल रहा था जिसकी जानकारी लेने के लिए मैंने सूचना का अधिकार से जानकारी मांगी तो नगर परिषद के कुछ लोगों के द्वारा मेरे खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया। ताकि मैं घोटाले की आवाज ना उठा पाऊं। वही नगर परिषद के कार्यालय ने बताया की सत्येंद्र कुमार के खिलाफ कार्यालय को आवेदन प्राप्त है जिसमें उनके द्वारा गली का और अतिक्रमण गलत तरीके से किया गया है जिसको लेकर नोटिस भेजा गया है।

## संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे मिली युवक की लाश

**हादसा या हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस**



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के सकसोहरा थाना क्षेत्र के अंदौली पथ पर मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दीनदयाल बीघा निवासी श्रवण कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे बाढ़ कोर्ट में मुंशी का काम करता था। सवेरे 9:00 के आसपास अपने घर से साइकिल पर सवार होकर बाढ़ कोर्ट में काम करने के लिए निकला था और सड़क किनारे उसकी लाश मिली। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। परिजनों का कहना है कि यह सामान्य घटना नहीं बल्कि साजिश के तहत हत्या की गई है। सड़क जाम के कारण कुछ घंटे तक आवागमन प्रभावित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाने की कोशिश की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना के सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है। वहीं पुलिस ने बताया कि घटना की पूर्ण जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी।

### मैट्रिक परीक्षा के पहले ही दिन चार परीक्षार्थी को लेट आने से नहीं मिली इंट्री

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा मंगलवार से सभी सेंटरों पर कड़ी निगरानी और सुरक्षा के बीच शुरूआत हो गई है। वहीं मसौढी के श्रीमती गिरिजा कुवंर हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर पहले ही दिन पहले पाली में तीन परीक्षार्थियों को लेट से आने पर इंट्री नहीं मिली है। दरअसल 9 बजकर 7 मिनट में एक परीक्षार्थी पहुंची उसके बाद 9:10 में एक परीक्षार्थी पहुंची लेकिन तब तक मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था, काफी देर तक परीक्षार्थी दरवाजा पिटती रही लेकिन इंट्री नहीं मिली, इसके अलावा धनरूआ स्थित बरनी हाई स्कूल के बने परीक्षा केंद्र पर भी दो लड़की को लेट आने पर परीक्षा केंद्र में एंट्री नहीं मिली है, काफी देर तक महिला परीक्षार्थी रोती रही लेकिन एंट्री नहीं मिला। गौरतलब है कि मसौढ़ी अनुमंडल में छह परीक्षा केंद्र सिर्फ लड़कियों के लिए ही बनाए गए हैं जहां पर 4697 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं और मंगलवार की पहली पाली में हिंदी विषय की परीक्षा थी लेकिन कई परीक्षा केंद्रों में लेट आने से परीक्षार्थियों को एंट्री नहीं मिली है हालांकि लगातार बिहार बोर्ड के द्वारा समय से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के नोटिफिकेशन भी जारी किए गए हैं बावजूद कई जगहों पर लेट आने की के कारण परीक्षा से वंचित होना पड़ा है।

## मसौढ़ी के महराजचक के पास रेलवे ट्रैक के बगल मे अज्ञात युवती का शव बरामद



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के महाराजा गांव में समिति रेलवे ट्रैक के बगल में एक ड्यूटी का शव मसूरी पुलिस से बरामद किया सूचना मिलते ही पुलिस ने मंडल अस्पताल में लाया गया है जहां चिकित्सकों ने उसे देखकर अमृत घोषित कर दिया है बताया कि रेलवे ट्रैक के बगल में सूचना मिली की युक्ति का शव गिर पड़ा है जिसके पहचान अभी तक नहीं हो पाई है प्रयास लगाया जा रहा है की ट्रेन से गिरकर जख्मी होने के बाद उसकी मौत हो गई है वही अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों की माने तो पीछे का ब्रेन फटा हुआ है और बहुत सारा खून निकल जाने की वजह से उसकी मौत हुई होगी पुलिस सब क्वेश्चन नाथ कर के मामले की छांव में जुटे हुई है ड्यूटी का शौक बरामद होने के बाद महाराज के गांव के आसपास कई लोगों में कई तरह की बातें भी आम चचाएं होने लगी है यह हत्या है या फिर आत्महत्या या फिर कोई हादसा।

### साढ़ू की पत्नी से था अवैध संबंध, हत्या कर शव को पईन में फेंका

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र का है जहां महादेवपुर गांव के समीप सड़क के किनारे मंगलवार की शाम को बोरे में बंद एक शव को पुलिस ने बरामद किया है जहां मृतक की पहचान विक्की कुमार उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय शिवचंद सिंह चंदापर धनरूआ का बताया जाता है। इस घटना के संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि मंगलवार की दोपहर में मृतक विक्की कुमार की बहन निक्की देवी ने मसौढी थाने में लापता होने की सूचना दी थी कि चार-पांच दिन से मोबाइल पर बात नहीं हो पा रही है, इसी संदर्भ में जांच पड़ताल चल रही थी कि महादेवपुर के पास से खबर आई की एक बोरे में शव फेंका गया है जांच पड़ताल के दौरान डीह मसौढी के रहने वाले मृतक का साढू सिद्धनाथ कुमार उर्फ अमन पिता तुलसी सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जहां पूछताछ के दौरान अपनी संलिप्तता स्वीकार की उसमें बताया कि मृतक विक्की कुमार की पत्नी के साथ इसका अवैध संबंध था जहां आना-जाना रहता है और हाल के ही दिनों में विक्की कुमार ने अपनी पत्नी सलोनी कुमारी के नाम पर पीएल कॉलेज के आसपास जमीन खरीदी थी इसी मामले में अपने दोस्तों के साथ मिलकर चार-पांच दिन पहले उसके हत्या कर शव को बोरे में बंद कर सड़क के किनारे पान में फेंक दिया था पुलिस विंदवार पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं।

## तकनीकी सुदृढ़ीकरण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा राज्य के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के पशु एवं मत्स्य विषय के विषय विशेषज्ञों के लिए 'पशु एवं मत्स्य विज्ञान में तकनीकी सहयोग एवं सुदृढ़ीकरण' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि किसान और पशुपालक वैज्ञानिकों की ओर बड़ी उम्मीद से देखते हैं। अधिकांश किसान तकनीक और संसाधनों की दृष्टि से सीमित हैं, इसलिए आवश्यक है कि वैज्ञानिक ज्ञान और नवाचार सीधे उनके द्वार तक पहुँचे। उन्होंने एथनो वेटरनरी चिकित्सा अर्थात पारंपरिक एवं घरेलू पशु उपचार पद्धतियों को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में औषधीय पौधों की नर्सरी स्थापित करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अटारी, पटना के निदेशक डॉ. अंजनी कुमार ने कहा कि जब वैज्ञानिक क्षेत्र में जाते हैं तो किसान उन्हें केवल चिकित्सक या वैज्ञानिक के रूप में देखते हैं, न कि किसी विशेष विषय के प्रतिनिधि के रूप में। इसलिए आवश्यक है कि सभी विषय विशेषज्ञ पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी से संबंधित समेकित ज्ञान रखें। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. एन. एस. दहिया ने संतुलित आहार, चारा प्रबंधन, उन्नत प्रजनन तकनीकों के उपयोग तथा वैज्ञानिक पद्धतियों को अपना कर पशु संसाधन की उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया। तकनीकी सत्रों में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ. प्रज्ञा भदौरिया ने किसान-केंद्रित तकनीक परीक्षण एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान की रणनीतियों , डॉ. कमल शर्मा ने मत्स्य पालन में तकनीकी हस्तक्षेप एवं उनकी क्षेत्रीय उपयोगिता , डॉ. दीप नारायण ने डेयरी प्रबंधन में तकनीकी उपायों एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर चर्चा की। डॉ. पंकज कुमार ने पशु पोषण में नवीन प्रगतियों एवं उनके क्षेत्रीय उपयोगों को विस्तार से समझाया। इसी क्रम में डॉ. कौशलेंद्र कुमार ने कुक्कुट पालन में नवाचार एवं तकनीकी सुदृढ़ीकरण, डॉ. अमरेंद्र किशोर ने बिहार में सूअर पालन की आजीविका संभावनाओं तथा डॉ. सुचित कुमार ने बकरी पालन में नवीन प्रबंधन पद्धतियों एवं क्षेत्रीय रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी।

## दो बाइको की टक्कर में मां-बेटा सहित तीन लोग हुए घायल, जुटी मौके पर भीड़



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार की शाम को महादेव स्थान मोड़ के पास एनएच-30 मनेर-बिहटा-दानापुर मार्ग पर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में मां बेटे समेत बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जिसमें एक युवक की हालत गंभीर देख चिकित्सा के द्वारा उचित इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जबकि महिला समेत दो लोगों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। वही दोनों युवक की बाइक बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई के लिए जुटी रही। बताया जाता है कि मनेर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत महादेव स्थान, दरगाह मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाइक पर सवार मनेर टाटा कॉलनी गांव की माँ सरस्वती देवी उनका बेटा विटेश्वर कुमार समेत तीन लोग घायल हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### छत से लटका युवक का शव बरामद

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मरवटिया गांव में मंगलवार की सुबह छत के कुंडी से लटका युवक का शव बरामद हुआ है। परिजन द्वारा मारकर लटकाने की आशंका जताई जा रही है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए है। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव वार्ड नंबर-8 निवासी दीनबंधु बारी का 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। वह शादी-विवाह में हलवाई का काम करता था। इधर, मृतक के पिता दीनबंधु बारी ने बताया कि वह घर से चार सौ मीटर दूर स्थित मरवटिया गांव अपने डेरा पर रहकर सोता था। सोमवार की रात खाना खाने के बाद वह वही सोने चला गया था। मंगलवार की सुबह वह काफी देर हो जाने के बाद नहीं जागा। तब परिजन उसे जगाने गए, तो उन्होंने देखा कि वह छत के कुंडी से गले में गमछा बांधे लटका हुआ है। परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ मृतक के पिता दीनबंधु बारी ने उसे मारकर लटकाने की आशंका जताई है। उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर आशंका या आरोप नहीं लगाया है। हालांकि युवक की मौत कैसे हुई? यह स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व तीन बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां बिंदा देवी, तीन बहन खुशबू, ममता, सविता एवं एक भाई उपेंद्र कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। उसकी मां बिंदा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हथियार व शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चांदी थाना पुलिस द्वारा अवैध हथियार कारतूस खोखा एवं अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव से सोमवार को की। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा, दो कारतूस, चार खोखा एवं 6.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार कारोबारी चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी राम अयोध्या का पुत्र राहुल कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। उन्होंने बताया कि चांदी थाना पुलिस को कुछ दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि उक्त कारोबारी अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत चांदी थाना पुलिस सोमवार को सलेमपुर गांव पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा, दो कारतूस, चार खोखा एवं 6.75 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। इसके पश्चात चांदी थाना में पुलिस ने उसके खिलाफ बिहार मधनिषेध एवं आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं पुलिस के अनुसार गिरफ्तार कारोबारी राहुल कुमार का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। वह पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मारपीट मामले में आरोपित रहा है।

### सड़क हादसे में सगे भाई समेत तीन जख्मी

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़कागांव (अख्तियारपुर) के समीप मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार सगे भाई समेत तीन लोग जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कौशिक दुलारपुर गांव निवासी झामलाल यादव के 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार, 24 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार एवं उसी गांव के निवासी मदन यादव का 29 वर्षीय पुत्र दयानंद कुमार शामिल है। इधर, जख्मियों के परिजन ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह तीनों बाइक द्वारा अपने गांव से आरा रहे थे। उसी दौरान बड़कागांव (अख्तियारपुर) के समीप पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उनके बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद एक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया हालांकि परिजन उसका इलाज शहर के निजी अस्पताल में कर रहे हैं।

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर घायल

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के जेल रोड स्थित अमीरचंद स्कूल के समीप हाई टेंशन विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी 22 वर्षीय रंजन कुमार है। इधर, इलाज के लिए लेकर आए अन्य लोगों ने बताया कि वह जेल रोड स्थित अमीरचंद स्कूल के समीप बांस खोल रहा था। खोलने दौरान बांस ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन विद्युत प्रवाह तार में स्पर्श कर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मारपीट में महिला समेत तीन जख्मी

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाके में हुई मारपीट में महिला समेत दो लोग जख्मी हो गए। जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। पहली घटना नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो मोहल्ले की है जहां मंगलवार की दोपहर गाली-गलौज के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से महिला समेत दो लोग जख्मी हो गए। जानकारी के अनुसार जख्मियों में एक पक्ष के नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो मोहल्ला निवासी विजय राम की 37 वर्षीया पत्नी सुमित्रा देवी एवं दूसरे पक्ष की उसी मोहल्ले के निवासी रमेश रवानी का 35 वर्षीय पुत्र संतोष रवानी है। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर संतोष रवानी नशे की हालत में सुमित्रा देवी के घर के दरवाजे पर गाली-गलौज कर रहा था। जब उन्होंने मना किया तो वह नहीं माना। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भीड़ गये और मारपीट की। जबकि दूसरी घटना नवादा थाना क्षेत्र के ही महाराजा हाता के समीप की है। जहां मंगलवार की दोपहर पूर्व के विवाद में युवक की पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार जख्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मथवलिया गांव निवासी कृष्णा कुमार सिंह का 24 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार सिंह है। इधर, रितेश कुमार सिंह ने बताया कि गांव पूर्व में उनके चाचा से झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर उनके चाचा द्वारा उन लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। मंगलवार की दोपहर जब वह अपनी चचेरी बहन को मैट्रिक का परीक्षा दिलवाने के लिए चंदवा स्थित केंद्र पर छोड़कर हेड पोस्ट ऑफिस के पास काम से गया। जहां उक्त पक्ष के लोग पहले से बैठे थे। जैसे ही वह वहां पहुंचा, तो उनके द्वारा कहा गया कि तुम गवाही देगा। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी गई। दूसरी तरफ जख्मी रितेश कुमार सिंह ने गौसगंज विजय नगर निवासी सूरज सिंह, धीरज सिंह एवं नीरज सिंह पर पूर्व के विवाद में मारपीट कर जख्मी करने एवं पास में रहे बाइक छिनने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# डीएम ने किया डीआरसीसी का निरीक्षण

## कुशल युवा कार्यक्रम में तेजी के निर्देश



**बेतिया//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने मंगलवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का औचक निरीक्षण कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि कार्यालय में आने वाले आवेदकों एवं सह-आवेदकों के साथ संवेदनशील और कुशल व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनके कार्यों का त्वरित निष्पादन किया जाए।समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति का आकलन किया। मुख्यालय से प्राप्त दिसंबर 2025 की रैंकिंग रिपोर्ट के अनुसार जिले की रैंकिंग 19वीं रही है। प्रबंधक, डीआरसीसी ने बताया कि वित्तीय वर्ष में निर्धारित 3070 लक्ष्य के विरुद्ध 4084 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो 133 प्रतिशत उपलब्धि को दशार्ता है। इस पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए आगामी माह में रैंकिंग में और सुधार लाने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के अंतर्गत 6014 के लक्ष्य के विरुद्ध 7733 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो 128.58 प्रतिशत उपलब्धि है। इस योजना में जिले की रैंकिंग 5वीं रही है। बेहतर प्रदर्शन पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों की सराहना की।वहीं कुशल युवा कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 14,300 के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 10,530 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं, जो 73.64 प्रतिशत है। इस योजना में जिले की रैंकिंग 33 वीं रहने पर जिलाधिकारी ने खेद व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया।अधिकारियों ने जानकारी दी कि केवाई पोर्टल पर हस्तांतरित 1,24,069 आवेदनों में से अब तक 63,790 आवेदकों को ही प्रशिक्षण मिल सका है। इस पर जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत प्रशिक्षण सुनिश्चित करने तथा लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले प्रशिक्षण केंद्रों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।नीलाम पत्र दायर विवरणी की समीक्षा में बताया गया कि मुख्यालय से प्राप्त 2235 मामलों में से अब तक 1280 वाद दायर किए जा चुके हैं। नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा 1237 नोटिस निर्गत किए गए हैं, जबकि 955 प्रस्ताव लंबित हैं। जिलाधिकारी ने इन मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डीआरसीसी के विभिन्न काउंटरों पर जाकर कर्मियों एवं आवेदकों से फीडबैक भी लिया।इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी प्रदीप कुमार गोंड, प्रबंधक, डीआरसीसी प्रेम प्रकाश दिवाकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा विभाग) कुमकुम पाठक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रोजगार मेला में युवाओं को मिला अवसर

## दो हजार से अधिक युवाओं ने किया पंजीकरण, 1200 का चयन



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के नुनियावा टोला स्थित सिंहेश्वर प्रसाद वर्मा स्टेडियम मंगलवार को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य जीविकोपार्जन योजना के तहत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सभापति रीना देवी,जीविका के डीपीएम आर के निखिल, बीपीएम रितेश किशोर सहाय आदि ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मेला में 20 कम्पनियो ने भाग लिया जिसके लिए अलग अलग 20 काउंटर बनाये गए थे। सभी काउंटर पर जीविका दिदियो द्वारा युवाओं का पंजीकरण किया गया। पंजीकरण को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। संबोधन के दौरान एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है। इच्छुक युवा वर्ग इस रोजगार मेला में अपना पंजीकरण कराकर विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते है। वही अधिकारी ने इस रोजगार मेला में भाग लेने वाले युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जीविका के बीपीएम रितेश किशोर सहाय ने बताया कि रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में शाम के साढ़े चार बजे तक 2500 से अधिक युवाओं ने अबतक अपना पंजीकरण करया है। वही 1200 से अधिक लोगो का चयन उनके योग्यता के अनुसार किया गया है। शेष युवाओं की चयन प्रक्रिया को लेकर संबंधित कंपनी द्वारा समय निर्धारित किया जाएगा।

# सीपीएस, छपरा परीक्षा केंद्र पर तिलक, पुष्पवर्षा व गुलाब से हुआ सीबीएसई परीक्षार्थियों का स्वागत





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के चांदमारी रोड स्थित सीपीएस, छपरा परीक्षा केंद्र पर सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। केंद्र पर कुल 874 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 869 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 5 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के पहले दिन सीपीएस परिवार द्वारा सभी परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर तथा गुलाब भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में सकारात्मक और उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों के साथ आए अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का स्वागत छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और परीक्षा के तनाव को कम करता है। इस अवसर पर सीपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन की अंतिम मंजिल नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और धैर्य ही सफलता की असली कुंजी है तथा संस्थान का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं, बल्कि छात्रों का समग्र व्यक्तित्व विकास करना है। इस केंद्र पर आर. एन. पी. पब्लिक स्कूल, मिचैर्या टोला, डी. गंज, ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल, एकमा, रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल, नचाप, मांझी, नूतन शिक्षा निकेतन, दाउदपुर व हेजलवुड स्कूल, सनपुरवा, सांढ़ा के छात्र-छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई। परीक्षार्थियों की सघन जाँच के बाद ही प्रवेश दिया गया तथा सीसीटीवी निगरानी में परीक्षा आयोजित की गई। केंद्र अधीक्षक एवं पर्यवेक्षकों की सक्रिय मौजूदगी में परीक्षा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

**अभिभावकों ने की पहल की सराहना, पहले दिन सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई गणित की परीक्षा**

# चिरैया में मैट्रिक की पहले दिन की परीक्षा में 22 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## प्रखंड के दोनों ही केंद्रों पर कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक की पहले दिन की परीक्षा मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत दोनों ही केंद्रों पर कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के केंद्राधीक्षक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पहले दिन दोनों ही पालियों में हिंदी व उर्दू की परीक्षा हुई। जिसमें प्रथम पाली में कुल 603 में 595 परीक्षार्थी उपस्थित रहें। जबकि 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। दूसरी पाली में कुल 583 में 591 उपस्थित व 8 अनुपस्थित रहे। इधर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय चिरैया में प्रथम पाली में कुल 330 में 02 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। जबकि दूसरी पाली में 386 में 382 उपस्थित व 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। दोनों केंद्रों से किसी भी परीक्षार्थी का परीक्षा से निष्कासन की सूचना नही हुआ है। बता दे कि महादेव साह हाईस्कूल परीक्षा केंद्र छात्राओं के लिए जबकि राजकीय मध्य विद्यालय चिरैया छात्रों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दोनों ही केंद्रों का औचक निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना विजय कुमार ने किया। शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप प्रखंड कृषि पदाधिकारी चिरैया वरुण कुमार एवं कनीय अभियंता श्रवण कुमार आदि मौजूद थे। कार्यालय सहायक के रूप में शिक्षक संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, रवि कुमार रवि, आदित्य राज, यमुनाकांत मिश्रा, हरि प्रकाश, किरण सिंह, पल्लवी प्रिया, सुजाता कुमारी, खालिद हसमुल्लाह, चंद्रिका कुमार एवं मदन राम उपस्थित थे।

# रक्सौल की पुश्तैनी जमीन का मुद्दा गूंजा सदन में, विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने शून्यकाल में उठाई वैध रैयतों की आवाज



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेतिया राज की भूमि बताकर असल रैयतों को नोटिस थमाने के मामले ने अब राजनीतिक और संवैधानिक स्तर पर तूल पकड़ लिया है। इस विषय पर आज रक्सौल विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने बिहार विधानसभा के शून्यकाल के दौरान रक्सौल की पुश्तैनी भूमि से जुड़े एक गंभीर और संवेदनशील विषय को सदन के पटल पर मजबूती से उठाया। विधायक ने सदन को अवगत कराया कि रक्सौल क्षेत्र में ऐसे कई परिवार निवास करते हैं जिनके पास वर्ष 1946 और 1954 के वैध निबंधित केवाला (रजिस्टर्ड दस्तावेज) मौजूद हैं तथा जिनकी जमाबंदी दशकों पुरानी और विधिवत चली आ रही है। इसके बावजूद वर्तमान में इन रैयती भूमियों को 'खास महल' की श्रेणी में मानकर नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में गहरा असमंजस, भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि इन वैध रैयतों के पास मौजूद ऐतिहासिक और कानूनी दस्तावेजों का निष्पक्ष एवं विधिसम्मत सत्यापन कराया जाए तथा उन्हें अवैध दखलकार की श्रेणी से मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि दशकों पुराने रजिस्टर्ड केवाला और जमाबंदी को नजरअंदाज कर नोटिस जारी करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का भी हनन है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार को चाहिए कि वह रैयतों के वैध अधिकारों की रक्षा करे, ऐतिहासिक दस्तावेजों का सम्मान करे और लोगों को ससम्मान उनकी पुश्तैनी जमीन पर रहने की सुरक्षा प्रदान करे।

### नरकटियागंज में कड़ी निगरानी में 15 केंद्रों पर मैट्रिक परीक्षा शुरू

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र में मंगलवार से मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गई। अनुमंडल के कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। पहले दिन दोनों पालियों में मातृभाषा हिंदी की परीक्षा ली गई। इस वर्ष 10 परीक्षा केंद्र नगर क्षेत्र में तथा 5 केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए हैं। परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में परीक्षार्थियों की लंबी कतारें केंद्रों के बाहर देखने को मिलीं।

### भारतीय थारू कल्याण महासंघ ने सांसद से की संघ भवन की मांग

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय थारू कल्याण महासंघ के तीन तपाओं के शिष्टमंडल ने सोमवार को बगहा में वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार महतो से मुलाकात कर संघ भवन निर्माण की मांग की। जम्हौली एवं चेगवन तपा के अध्यक्ष ओजेंद्र महतो और वृज किशोर महतो ने बताया कि सांसद को लिखित आवेदन सौंपते हुए संघ भवन निर्माण के लिए चिन्हित जमीन का खाता, खेसरा और गांव का विवरण भी उपलब्ध करा दिया गया है।

### 28 फरवरी तक हर हाल में पूरा करें धान अधिप्राप्ति लक्ष्यः डीएम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लक्ष्य संशोधन, कैश क्रेडिट अनुमोदन एवं भुगतान की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर कुल 24,433 किसान निबंधित हैं, जिनमें 17,294 रैयत एवं 7,189 गैर-रैयत किसान शामिल हैं। 17 फरवरी 2026 तक 82,502.804 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 68.09 प्रतिशत है। अब तक 9,341 किसानों से धान की खरीद की गई है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 28 फरवरी तक हर हाल में अधिप्राप्ति लक्ष्य पूर्ण किया जाए तथा किसानों को नियमानुसार 48 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने डीएम, एसएफसी को सभी राइस मिलों को फोर्टिफाइड राइस कर्नेल की समान रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

# रामगढ़वा में किसानों का बड़ा जमावड़ा, 37वें जिला सम्मेलन से उठा संघर्ष का बिगुल



**रक्सौल/रामगढ़वा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत रामगढ़वा थाना क्षेत्र के कामरेड उमाकांत शुक्ला नगर स्थित आर्य विवाह भवन में आयोजित बिहार प्रांतीय किसान सभा के 37वें जिला सम्मेलन ने जिले की राजनीति और किसान आंदोलन को नई दिशा देने का संकेत दिया। सम्मेलन के खुले अधिवेशन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे सैकड़ों किसानों ने अपनी समस्याओं को मजबूती से उठाया और एकजुट संघर्ष का संकल्प लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में किसान आर्थिक, सामाजिक और नीतिगत संकटों से जूझ रहा है। खेती-किसानी लगातार उपेक्षा का शिकार हो रही है, जिससे ग्रामीण जीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि अब केवल ज्ञापन और मांगों तक आंदोलन सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जरूरत पड़ी तो सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष को और तेज किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया गया और नई जिला किसान काउंसिल कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें कामरेड धनंजय पुरी को जिला अध्यक्ष, कामरेड अशोक पाठक को जिला सचिव, कामरेड शमशुल हक अंसारी को संयुक्त सचिव तथा कामरेड विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए संगठन के प्रति भरोसा जताया। नवनिर्वाचित नेतृत्व ने कहा कि किसानों की आवाज अब और मजबूती से उठेगी। जिले के गांव-गांव में संगठन को विस्तार दिया जाएगा और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। सम्मेलन ने स्पष्ट संदेश दिया कि आने वाले समय में रामगढ़वा और रक्सौल क्षेत्र किसान आंदोलन का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरेगा।

# डे-एंड प्रक्रिया में चूक से प्रधान डाकघर बेतिया समेत 22 उपडाकघरों की सेवा प्रभावित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधान डाकघर बेतिया में अनिवार्य डे-एंड प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण सोमवार से समूचा कामकाज ठप हो गया है, जिससे जिले के 22 उपडाकघरों की नकद सेवा भी प्रभावित हुई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शुक्रवार, 13 फरवरी को डे-एंड प्रक्रिया नहीं की गई। इसके बाद 14 फरवरी की तिथि में उसी दिन का लेन-देन दर्ज कर लिया गया, जबकि उस दिन भी डे-एंड नहीं हो सका। लगातार दो दिनों तक प्रक्रिया पूरी नहीं होने से कोर बैंकिंग सॉल्यूशन प्रणाली में तिथि असंतुलन और ट्रेजरी बैलेंस लॉक की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके कारण 16 फरवरी से प्रधान डाकघर के सभी काउंटरों पर लेन-देन बंद है।प्रधान डाकघर से नकद आपूर्ति नहीं होने के कारण जिले के 22 उपडाकघरों में भी भुगतान कार्य प्रभावित हुआ है। हालांकि उपडाकघरों में कार्यरत कर्मी विभिन्न बचत योजनाओं में जमा राशि से आंशिक भुगतान कर स्थिति सामान्य रखने का प्रयास कर रहे हैं, फिर भी कई स्थानों पर ग्राहकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।डाक अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और जांचोपरांत दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल उत्पन्न तकनीकी समस्या का समाधान कर कामकाज शीघ्र बहाल करना प्राथमिकता है। ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए उन्होंने खेद व्यक्त किया है।

### हैदराबाद चिन्तन शिविर में बेलवा पंचायत का चयन

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौन कहता है कि आसमान में सुराग नहीं हो सकता,जरा तबियत से पत्थर को उछालों यारों,यही कारनामे है, बेलवा पंचायत के मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह का जिसने बड़ी ईमानदारी से अपने पंचायत के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों की बेमिसाल कारनामे दिखाने का कार्य किया, इनसे तो प्रखंड के अधिकांश मुखिया प्रतिनिधि को सिख लेनी चाहिए,जो यैसा नहीं हो रहा है चारों तरफ लूट खसोट की बानगी ही देखने को मिलेगी,आये दिन चर्चा में रहने वाले मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह को बिहार में केवल एक ही नाम चुना गया है जिनको ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के द्वारा जारी आधिकारिक पत्र संख्या 200 दिनांक 6/2/26 के माध्यम से बताया गया है कि हैदराबाद में चिन्तन शिविर एकलौता मुखिया है जिन्हें मंच से विकास कार्यों की अनुभव साझा करने का मौका मिलेगा।

# बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी की माता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजय सरावगी की माता के निधन के उपरांत मंगलवार को दरभंगा नगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कास्यंकार की अध्यक्षता मे लक्ष्मेश्वर पब्लिक लाइब्रेरी लालबाग मे एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र और पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि संजय सरावगी की माताजी एक धार्मिक, सरल, स्नेहणशील एवं संस्कारवान व्यक्तित्व की धनी थीं। उनका सम्पूर्ण जीवन परिवार एवं समाज के लिए समर्पित रहा। उनका असामयिक निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अपनी श्रद्धासुमन निवेदित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष सह विधानसभा संयोजक लक्ष्मण कास्यंकार ने कहा की अध्यक्ष जी के माताजी का जीवन त्याग, सेवा और संस्कारों की प्रेरणा देने वाला रहा है। उनके द्वारा दिए गए संस्कार आज संजय सरावगी के व्यक्तित्व और सार्वजनिक जीवन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। उनका जाना समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। कार्यक्रम का संचालन नगर विधानसभा प्रभारी सह जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सोनी पूर्वे ने की। कार्यक्रम के अंत 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। कार्यक्रम मे पूर्व विधान पार्षद डॉ अर्जुन सहनी, पूर्व महापौर गौरी पासवान,जिला उपाध्यक्ष राजू तिवारी, विकास चौधरी, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मीना झा,जिला मंत्री मीरा मेहता,पिंटू महासेठ, बालेंदु झा, मनोज चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष बबलू पंजियार, मंडल अध्यक्ष रमेश झा,रतन पासवान, संगीत शाह,श्रवण कुमार महतो, जिला प्रवक्ता मनोज कुमार झा, सपना भारती, वीरेंद्र पासवान,अरूण झा, दीपक खर्गा, उज्जवल झा, सुमित कुमार मंडन, कार्तिकेय कुमार,राकेश झा, कैलाश ठाकुर,दिलीप पासवान,मनीष खटीक, विनय दास,देवेन्द्र झा, ज्योतिकृष्ण झा लवली,कामोद राय, सुनील साह, संतोष साह,सुशील झा, रमण महतो,डॉं आनंद प्रकश झा,रंजू कुमारी,विनीता ठाकुर, आकांक्षा रानी, रंजीत पासवान,सनील राय, राममनोहर प्रहाद, विकास जाजोदिया, संगीत गुप्ता, अखिलेश सिंह,मुरारी शर्मा, ध्रुव मंडल, विष्णु ठाकुर सहित मोर्चा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभ पहुंचाना लोक अदालत का उद्देश्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बैंक ऋण से संबधित मामलों के निस्तारण हेतु बैंक पदाधिकारियों के साथ अपने प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सचिव द्वारा बैंकिंग से जुडे सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देश के अनुरूप बैंक ऋण से संबंधित मामलों का लोक अदालत में निस्तारण करायें तथा पक्षकारों को अधिक से अधिक राहत प्रदान करें। उनके द्वारा उपस्थित बैंकिंग क्षेत्र से जुडे पदाधिकारियों को कहा सरकारी अनुदान पर बैंक शाखाओं द्वारा सूद लगाने तथा वसूलने की कार्रवाई से संबधित मामला प्रकाश में आया



है जिसके लिए सभी बैंक से जुड़े पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्थापित प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए जिससे कि लोक अदालत के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। बैठक में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि लोक अदालत में बैंक ऋण से संबधित मामलें में पक्षकार अधिक राहत पाने के उद्देश्य से आतें है। इसलिए ऐसे मामलों में बैंक से जुडे सभी पदाधिकारियों को लचिला रूप अपनाकर ऋण वादों का निस्तारण करना चाहिए और ऋण से जुडे जिन मामलों में अनुदान दिया जा सकता है अनुदान का लाभ ऋणधारियों को प्राप्त हो इस प्रक्रिया का अनुपालन भी आवश्यक रूप से करना चाहिए। इस दौरान अग्रणी बैंक प्रबंधक आनंद वर्धन, बिहार ग्रामीण बैंक रोहित कुमार, इंडियन बैंक से रजनीश कुमार सिन्हा, स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया से अमित कुमार मौजूद रहे।

# नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषि लागत में कमी ला सकते हैं किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बारून प्रखंड के सतुआही में इफको के तत्वावधान में नैनों उर्वरक उपयोग एवं महत्व पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, विशिष्ट अतिथि औरंगाबाद कृषि विज्ञान केन्द्र पंकज कुमार सिन्हा एवं इफको राज्य कार्यालय, पटना के क्षेत्र प्रबंधक अजीत सिंह, औरंगाबाद क्षेत्रीय प्रबंधक इफको के नवनीत कुमार सिंह के द्वारा क्षेत्र दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत इफको नैनो उर्वरक (तरल) चर्चा की। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने कहा कि किसान नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषि लागत में कमी ला



सकते हैं। साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से जल, मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान को भी बचा सकते हैं। कहा कि नैनो का प्रयोग कर रासायनिक उर्वरकों से होने वाले मृदा स्वास्थ्य, जल प्रदूषण, पर्यावरण प्रदूषण एवं मानव-जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों से आसानी से बचा जा सकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र पंकज कुमार सिन्हा ने भी नैनों उर्वरकों की आवश्यकता, प्रयोग विधि एवं उनसे फसलों में होने वाले लाभ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। क्षेत्र प्रबंधक अजीत सिंह ने कहा कि किसान लगातार रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल बढ़ाते जा रहे हैं जिससे मृदा की उत्पादकता लगातार घटती जा रही है। कार्यक्रम में लगभग एक सौ से अधिक किसान मौजूद रहे। इच्छुक किसानों को कार्यक्रम स्थान के समीप, फील्ड विजिट भी करवाया गया जिससे उन्हें प्रत्यक्ष रूप से नैनो उर्वरक से हुए लाभ को दिखाई जा सके।

# करनाल इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स में लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरियाणा**। करनाल इंटरनेशनल स्कूल ने जेईई मेन 2026 (सीजन 1) में अपने शानदार प्रदर्शन से एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। यह परीक्षा जनवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित की गई थी और इसके परिणाम 16 फरवरी की रात घोषित किए गए। जेईई मेन में अपने पहले ही वर्ष की भागीदारी में विद्यालय ने असाधारण परिणाम देकर संस्था का नाम गौरवान्वित किया है।

इस सफलता की अगुवाई करते हुए शिवांशु कुमार ने 99.79 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। युव बंसल ने 99.47 पर्सेंटाइल, हृतिक राज ने 99.39 पर्सेंटाइल, विराट राज ने 99.24 पर्सेंटाइल प्राप्त किए, जबकि प्रसंजित और दिव्यम लूथरा ने 99 पर्सेंटाइल हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस प्रकार कुल 6 विद्यार्थियों ने 99 और उससे अधिक पर्सेंटाइल




प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित किया।

इन शानदार उपलब्धियों के अतिरिक्त 15 विद्यार्थियों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक तथा 22 विद्यार्थियों ने 90 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए, जिससे विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा और सुदृढ़ हुई।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन कर्नल अरुण दत्ता ने विद्यार्थियों को लड्डू खिलाकर और आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की अथक मेहनत की सराहना करते हुए शिक्षकों की समर्पित भूमिका की भी प्रशंसा की।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंडा के रास्ते में झूलती रहता बिजली का तार

**विद्युत विभाग के अधिकारियों का नहीं है ध्यान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरंडा के रास्ते में बिजली की तार झूलती रहती है। जिससे छात्रों और ग्रामीणों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। यह जर्जर तार करंट से प्रभावित है जिसके नीचे से विद्यालय जाने वाले छात्र गुजरते हैं। इससे छात्रों पर तार टूटकर गिरने का खतरा बना रहता है। बिजली तार के टूटने से होने वाले हादसों की आशंका ने अभिभावकों को चिंतित कर रखा है। विशेषकर बारिश के दिनों में छात्र, शिक्षक और अभिभावक सभी बिजली तार की चपेट में आने से भयभीत रहते हैं। यह समस्या कई वर्षो से बनी हुई है। विद्यालय के शिक्षकों ने विभाग को इस बारे में सूचित किया है परंतु विभाग ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि कोई घटना घट जाती है तो इसकी पूरी जिम्मेवारी बिजली विभाग के अधिकारियों को होगी। बता दें कि विद्यालय जाने वाली रास्ते पर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार झूल रही है और विद्यालय के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य कें द्र भी है। छात्र, मरीज और ग्रामीण सभी इस खतरे से गुजरते हैं। बताया कि विभाग को इस स्थिति के बारे में ध्यान आकृष्ट कराया गया है। बता दें कि बिजली विभाग को सूचना दी गई थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# मोटरसाइकिल चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के महाराजगंज के समीप से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में गया जिला के कोच थाना क्षेत्र के छत्तीहर जमालपुर निवासी मुन्ना यादव के पुत्र रवि रंजन कुमार ने रफीगंज थाना में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए उल्लेख किया है कि 16 फरवरी की दोपहर करीब 1:00 महाराजगंज टेंपो स्टैंड के पास अपना मोटरसाइकिल संख्या बीआर02बीएफ7795 स्प्लेंडर प्लस को लगाकर मार्केटिंग करने के लिए चले गए 10 मिनट बाद वापस आया तो मेरा मोटरसाइकिल नहीं पाया काफी खोजबीन की लेकिन नहीं मिला। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिक दर्ज कर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# समाज के पिछड़ेपन का कारण है बाल विवाह : बिजेंद्र




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव (औरंगाबाद)**। बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से देव प्रखंड क्षेत्र के दुलारे पंचायत में दीप ज्योति कल्याण संस्थान के द्वारा जागरूकता रथ निकली गई। कार्यक्रम में दुलारे मुखिया बिजेंद्र कुमार यादव एवं दीप ज्योति कल्याण संस्थान के सीएसडब्ल्यू जपिल कुमार ने ग्रामीणों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुखिया बिजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है, जो हमारे समाज के पिछड़ेपन का कारण है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर बाल विवाह के खिलाफ लड़ना होगा और बच्चों को शिक्षा तथा स्वास्थ्य का अधिकार दिलाना होगा। वार्ड सदस्य अखिलेश पासवान ने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है और इसके खिलाफ कानूनन कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की हम सभी को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलानी होगी और बच्चों को सुरक्षित रखना होगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे बाल विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करें। मौके पर दीप ज्योति कल्याण संस्थान स्टाफ बिन्दु कुमार, सरिता कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, उपेंद्र दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

# चार प्रखंडों के बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। महापरिवर्तन आंदोलन के एक शिष्टमंडल ने सोमवार को जिले के चार प्रखंड—दाउदनगर, गोह, बारुण एवं औरंगाबाद—के प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से शिष्टमंडल ने संबंधित प्रखंडों में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं की कमी, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं तथा प्रशासनिक स्तर पर लंबित मामलों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से इन समस्याओं के



शीघ्र एवं प्रभावी समाधान की मांग करते हुए जनहित में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल के सदस्यों ने कहा कि आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिले और विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि महापरिवर्तन आंदोलन के संस्थापक विनय कुमार सिंह, जो पूर्व आईपीएस अधिकारी रह चुके हैं, राज्यभर में संगठन के माध्यम से जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। संगठन द्वारा विभिन्न जिलों में जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से अंचल कार्यालय का कार्य बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर 5 फरवरी से राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण अंचल कार्यालय का कार्य प्रभावित हो गया है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक कार्य लंबित हो गए हैं। इससे ग्रामीणों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल में शामिल राजस्व कर्मचारी सुमित कुमार, विनय कुमार और विवेक देव ने बताया कि वर्ष 2025 में राज्य सरकार एवं




राजस्व भूमि सुधार विभाग के साथ मांगों को लेकर समझौता हुआ था, लेकिन अब तक उसे लागू नहीं किया गया। इसी के विरोध में राज्यभर के कर्मचारी पुनः हड़ताल पर चले गए हैं। उनकी प्रमुख मांगों में 2025 के समझौते को लागू करना, 2800 ग्रेड पे, गृह जिला में पदस्थापन, 10 वर्षों पर पदोन्नति, एक पंचायत में कार्य निर्धारण तथा अंचल कार्यालय में बैठने की समुचित व्यवस्था शामिल है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना**

**(लापता सचिन साहु, उम्र–करीब 20 वर्ष)**



रमकंडा थाना सनहा सं0–11/26, दिनांक–09.02.2026 में लापता सचिन साहु, उम्र–करीब 20 वर्ष, पिता–श्री जगनारायण साहु, ग्राम–केरवा, थाना–रमकंडा, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदिक–पुनम देवी के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनका पुत्र सचिन साहु दिनांक–05.02.26 को ग्राम आया हुआ हुआ था, जहॉ पर आवेदिका से शाम 05 बजे अंतिम बात हुआ, उसके बाद से मोबाईल बंद बता रहा है। उक्त लापता सचिन साहु का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता सचिन साहु कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**गुमशुदा का विवरण/हुलिया :–**

नाम–सचिन साहु, उंचाई–5 फीट 6 इंच,रंग–सांवला,
पहनावा– क्रीम करल का सर्ट, काला जिंस, एवं पैर में काला जुता पहना हुआ है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 373118 (Police) 25-26 (D)

# औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ पर अंबा में खुलेआम बिकती है मांस-मछली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय में औरंगाबाद-हरिहरगंज पथ पर इन दिनों खुले में मांस व मछली बेची जा रही है। बता दें कि यहां करीब 10 वर्षों से खुले में मांस एवं मछली की दुकानें लगती है। मांस-मछली बाजार से 100 मीटर की दूरी पर धार्मिक स्थल मां सतबहिनी मंदिर है। बता दें कि पूर्व में मछली बाजार अंबा के नबीनगर रोड में लगाया जाता था। नबीनगर के लोगों के विरोध के बावजूद तत्कालीन बीडीओ ने नबीनगर रोड के नाला एवं नदी किनारे ले जाने का आदेश दिया था। आदेश के तहत ही मछली बाजार को नबीनगर रोड से हटाकर इस रोड में दूसरे स्थान पर लगाया जाना था परंतु कुछ महत्वपूर्ण लोगों ने बाजार को एक धार्मिक स्थल के समीप ले आया। बता दें कि प्रखंड के नागरिकों का मानना है कि जिस स्थान पर मांस मछली बाजार को स्थापित



किया गया है वह कानूनी सामाजिक एवं स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से काफी घातक है। औरंगाबाद-हरिहरगंज रोड पर मांस-मछली का दुकान चलाना कानूनी रूप से दंडनीय माना गया है। धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थल के पास मांस मछली बाजार नहीं रहेगा परंतु यहां उसका कोई असर नहीं है। कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाए तो खुले में मांस-मछली बेचना भारतीय कानून एवं स्थानीय नियमों के तहत प्रतिबंधित है। इसके लिए सख्त नियम और इंड का प्रावधान है। धार्मिक स्थलों के पास इसकी बिक्री नहीं होती है। दुकानों में स्वच्छता एवं वेंटिलेशन जैसे सख्त निमय लागू किए गए हैं जिसका उल्लंघन करने पर जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

# शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार 46 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 46 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हसपुरा बाजार स्थित नरसंन रोड सीएचसी अस्पताल के समीप की गई।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि ऑटो के माध्यम से शराब की खेप लाई जा रही है। तत्पश्चात पुलिस टीम ने वाहन की जांच की। तलाशी के दौरान ऑटो से 37 बोतल बीयर तथा 8 पीएम (180 एमएल) की 152 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार युवकों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के भावविगहा गांव निवासी प्रतिश कुमार और जावेद अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि जब्त किया गया ऑटो जावेद अंसारी का है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**( लापता अवधेश कुमार उम्र–करीब 15 वर्ष, )**



मेराल थाना कांड सं0–18/26, दि0–06.02.26, धारा–137(2), 140(3), बी0एन0एस0 में लापता अवधेश कुमार उम्र–करीब 15 वर्ष, पिता–मकरात सिंह, सा0–संगबरिया, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदिका– अदरी देवी के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनका पुत्र अवधेश कुमार दिनांक–28.01.26 को समय करीब 12:00 बजे दिन में घर से झगड़ा कर के निकला तथा अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता अवधेश कुमार का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता अवधेश कुमार कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**गुमशुदा का विवरण/हुलिया :–**

नाम–अवधेश कुमार, उंचाई–करीब 4 फीट 5 इंच,रंग–सांवला,
पहनावा– लाल रंग का शर्ट, जींस तथा काला जुता।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 373116 Police(25-26)#D

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–सुकमति मुण्डा, उम्र–32 वर्ष, साथ में सुपुत्र सत्यम कुमार, उम्र–03 वर्ष,**
**उँचाई–4 फीट, 8 ईंच, रंग–सॉवला,**
**पहनावा–सफेद रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला सुकमति मुण्डा, उम्र–32 वर्ष, साथ में सुपुत्र सत्यम कुमार, उम्र–03 वर्ष, पति–दिपक कुमार, पता–गाड़ीगॉव, जिला–रॉंची जो दिनांक–29.01.2026 को घर से बगैर बताए कहीं चली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में खेलगॉव थाना सनहा संख्या–11/2026, दिनांक–02.02.2026 दर्ज कर इनकी खाजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉंची। – 9431102090
थाना प्रभारी, खेलगॉव, रॉंची। – 9431706157

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 373157 Police(25-26).D

## पुलिस उप-महानिरीक्षक का कार्यालय, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज

**आदेश**

सूचनाधिकार अधिनियम–2005 के संबंध में निर्गत झारखण्ड सरकार, कार्मिक प्रशासनिक सुधार, तथा राजभाषा विभाग, रॉंची का प्त्र सं0–07/वि0वि0सं0–03/97/2005 का0– 3407, अनु0 सहित, रॉंची, दिनांक–06 सितम्बर 2005 के द्वारा जन सूचना पदाधिकारी नामित करने का प्रदत्त शक्ति के आलोक में पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज के कार्यालय में जन सूचना पदाधिकारी के रुप में श्री आलोक कुमार टुटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर, पलामू को नामित किया जाता है। अपीलीय पदाधिकारी के तौर पर मैं किशोर कौशल (भा0पु0से0), पुलिस उप–महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र, डालटनगंज रहूँगा।

पुलिस उप–महानिरीक्षक,
पलामू क्षेत्र, डालटनगंज

PR 373187 Police (25-26)_D

# जदयू के सांगठनिक चुनाव को लेकर पर्यवेक्षकों की बैठक

## संगठन को सशक्त बनाने का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला जदयू महानगर द्वारा मंगलवार को संगठनात्मक चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महानगर के सभी नौ-सेक्टर प्रभारी एवं प्रवेक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवेक्षक सुदेश कुमार मुन्ना, चुनाव प्रभारी रीना चौधरी एवं मटिहानी के पूर्व विधायक राजकुमार सिंह ने संगठनात्मक मजबूती पर विस्तृत रूप से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि संगठन की जड़ें बूथ स्तर तक मजबूत करना ही आगामी चुनावों में सफलता की कुंजी है।



बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी रीना चौधरी ने की। जिसमें कार्यकारणी अध्यक्ष भूमिपाल राय ने अपने संबोधन में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन, संगठनात्मक एकता और सक्रिय भागीदारी के साथ संगठनात्मक चुनाव को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता दल (यू) का संगठन जितना मजबूत होगा। उतनी ही मजबूती से जनता के बीच पार्टी की आवाज पहुंचेगी। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संगठनात्मक चुनाव 2026-28 को पूरी पारदर्शिता, अनुशासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न कराया जाएगा। सभी प्रभारी एवं प्रवेक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर संगठन को सशक्त बनाने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में राजकुमार गुप्ता, रविंद्र कुमार सिंह, रोहित रजक, राजेश कुमार गिरीश राय, त्रिलोकी सिंह, महानगर प्रवक्ता कुंदन कुमार सिन्हा पिंटू, मनोज कुमार, सिकंदर पटेल बंगाली पासवान, हरे कृष्णा सिंह, घनश्याम महतो अनूप कुमार सिंह, पूनम देवी, सरिता देवी, अजय पासवान आदि लोगों ने अपनी अपनी बातों को रखा।

# मैट्रिक परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** बखरी में मैट्रिक परीक्षा का पहला दिन मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यहां के पांच परीक्षा केंद्रों पर कुल 3972 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था, लेकिन दोनों पालियों को मिलाकर 3911 छात्र-छात्राएं ही उपस्थित हुए। इस प्रकार, कुल 61 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शकरपुरा के केंद्राधीक्षक विकास चंद्र भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके केंद्र पर प्रथम पाली में 439 में से 435 छात्राएं उपस्थित रहीं, जबकि दूसरी पाली में 447 में से 441 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। दोनों पालियों में कुल 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की केंद्राधीक्षक प्रेम गांधी ने बताया कि उनके केंद्र पर प्रथम पाली में 347 में से 344 छात्राएं और दूसरी पाली में 257 में से 254 छात्राएं उपस्थित हुईं। यहां दोनों पालियों में कुल 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखरी की केंद्राधीक्षक रंजू कुमारी के अनुसार, उनके केंद्र पर प्रथम पाली में 498 में से 485 छात्र तथा दूसरी पाली में 530 में से 516 छात्र उपस्थित हुए। इस केंद्र पर कुल 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाघरा के केंद्राधीक्षक अमरजीत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में 446 में से 439 परीक्षार्थी और दूसरी पाली में 438 में से 435 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। इस केंद्र पर 10 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। एमबीडीआई कॉलेज रामपुर की केंद्राधीक्षक रेखा कुमारी ने जानकारी दी कि पहली पाली में 307 में से 301 छात्र और दूसरी पाली में 233 में से 231 छात्र उपस्थित हुए। उनके केंद्र पर कुल आठ परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

## एक नजर

### अंचल कार्यालय पर भाकपा देगी धरना

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा अंचल कमिटी क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर अंचल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस आशय की जानकारी अंचल मंत्री चन्द्र भूषण चौधरी ने दी। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय भू माफिया के गिरफ्त में हो गया है। पदाधिकारी व भूमाफिया के गठजोड़ से अनाप शनाप कार्य का संपादन किया गया है। इस गठजोड़ का पर्दाफाश करने हेतु धरना आहुत की गई है। धरना का समय सुबह 10 से 4 संध्या तक का है।

### जेईई मेन्स में अमन ने प्राप्त किया 97.37 पर्सेंटाइल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के पहसारा-बभनगामा स्थित माँ जयमंगला लाइब्रेरी के छात्र अमन कुमार ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन में 97.37 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर क्षेत्र, परिवार और लाइब्रेरी का नाम गौरवान्वित किया है। अमन की इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। अमन कुमार पिछले छह महीनों से नियमित रूप से माँ जयमंगला लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय लाइब्रेरी के शांत, अनुशासित और अध्ययन-अनुकूल वातावरण को दिया। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन कई घंटों तक लाइब्रेरी में बैठकर एकाग्रचित्त होकर तैयारी करते थे।जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रही और आत्मविश्वास बढ़ा। लाइब्रेरी के डायरेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि अमन कुमार शांत, मृदुभाषी और सरल स्वभाव के छात्र हैं। उनकी नियमितता और समर्पण ही उनकी सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे बिना किसी व्यवधान के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें।अमन कुमार ने कहा माँ जयमंगला लाइब्रेरी का माहौल पढ़ाई के लिए बेहद अनुकूल है। यहां नियमित अभ्यास और अनुशासन ने मुझे यह सफलता दिलाई। अमन की इस उपलब्धि से लाइब्रेरी के अन्य छात्र भी प्रेरित हुए हैं। लाइब्रेरी परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने अमन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।अब अमन देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश लेकर अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं।

### सियार ने दो लोगों को काटा

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के बरैपुरा गांव में मंगलवार के अहले सुबह में उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब अचानक एक आदमखोर गीदड़ रास्ते चल रहे निहत्थे लोगों पर एक के बाद एक करके दो लोगों पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर डर का माहौल बना दिया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक बरैपुरा गांव स्थित काली बसहा धाम में पूजा अर्चना करने के लिए आ रहे बाइक सवार श्रद्धालु के ऊपर निशाना बनाकर हमला कर दिया लेकिन तेज गति से वो बच कर निकल गए। वहीं रामराज साह के करीब 45 वर्षीय दिव्यांग बेटी हिन्द कुमारी घर के बगल में ही शौच के लिए निकले ही थे कि उनपर हमला कर दाहिने हाथ को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया एवं मवेशी को खाना पीना खिलाने के लिए घर से डेरा पर आ रहे स्व रामबली महतों के करीब 65 वर्षीय पत्नी राज कुमारी देवी पर भी सड़क किनारे खड़ा होकर अचानक हमला कर दिया जिसमें दाहिने हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कई लोगों को मिला लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** समाजसेवी अजय सिंह द्वारा अपने स्वगर्गीय पिता स्व. रामाधार सिंह की 13वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम बखोरपुर स्थित पैतृक आवास परिसर में श्रद्धांजलि सभा सह विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने जनसेवा और सामाजिक सरोकार की एक प्रेरक मिसाल पेश की। श्रद्धांजलि के साथ शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्व. रामाधार सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन अजय सिंह की माताजी देव कुमारी देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आरा की मेयर इंदु देवी एवं पद्म सम्मान से अलंकृत भीम सिंह भवेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। हजारों ग्रामीणों ने कराई स्वास्थ्य जांच इस जनहितकारी शिविर में भोजपुर जिले के हजारों ग्रामीणों विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं एवं जरूरतमंद मरीजों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। गंभीर मरीजों को आगे के उपचार हेतु मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की रही टीम शिविर में मेदांता हॉस्पिटल के आर्थोलॉजिस्ट द्वारा हड्डी रोग जांच, मेदांता के जनरल फिजिशियन द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परामर्श, दृष्टिपुंज हॉस्पिटल टीम द्वारा नेत्र जांच, दंत चिकित्सकों द्वारा दांतों की जांच व उपचार, डॉ. रंजन (लैप्रो/ऑन्को सर्जन) द्वारा कैंसर व दूरबीन ऑपरेशन परामर्श, डॉ. पूजा कुमारी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा महिला स्वास्थ्य जांच, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टीम द्वारा विभिन्न परीक्षण किया गया। समाजसेवा ही सच्ची श्रद्धांजलिः अजय सिंह अजय सिंह ने कहा कि उनके पिता स्व. रामाधार सिंह हमेशा समाजसेवा के लिए समर्पित रहे, इसलिए उनकी स्मृति में जनसेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

# दोनो पालियों में दर्जनों परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** मंगलवार को प्रखण्ड के चार केंद्रों पर संचालित मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन कदाचार मुक्त एवम शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें पीडीएस के कॉलेज सदानंदपुर, जीडीआर उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी बलिया, एसएएस उच्च माध्यमिक विद्यालय बलिया व उच्च माध्यमिक विद्यालय सदानंदपुर के नाम शामिल हैं। शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को लेकर केन्द्रों का निरीक्षण एसडीओ सुश्री तरणिजा, बीडीओ सन्नी कुमार, सीओ रवि कुमार एवं नोडल पदाधिकारी दलवेश्वर चौधरी के द्वारा लगातार किया गया। इस संबंध में पीडीएसके कॉलेज सदानंदपुर के केंद्र अधीक्षक ने बताया कि पहले दिन हिंदी एवं उर्दू की परीक्षा में पहली पाली में 674 छात्राओं में 7 अनुपस्थित रही। जबकि दूसरी पाली में 664 में 5 अनुपस्थित पाई गयी। जीडीआर उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ी बलिया के केंद्र अधीक्षक अरविंद कुमार यादव ने बताया कि प्रथम पाली में 617 छात्राओं में 9 अनुपस्थिति रही। जबकि द्वितीय पाली में 560 में एक अनुपस्थित पाई गयी। वहीं एसएएस उच्च माध्यमिक विद्यालय बलिया के केंद्र अधीक्षक रंजीत कुमार सुधांशु ने बताया कि प्रथम पाली में 650 छात्राओं में 8 अनुपस्थित पाई गयी।जबकि द्वितीय पाली में 519 में 6 अनुपस्थित रही।जबकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदानंदपुर के केन्द्र अधीक्षक के के द्वारा परीक्षा संबंधित जानकारी नही दी गयी। परीक्षा के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलिया में निर्धारित समय से लेट पहुंची एक छात्रा जबरन विद्यालय में प्रवेश करना चाही। मुख्य द्वार बंद रहने से परिजनों के मदद से विद्यालय के मुख्य दरवाजे से दीवार फांदकर केंद्र के अंदर प्रदेश कर गयी। जिसे केंद्र अधीक्षक के द्वारा परीक्षा से वंचित कर दिया गया। केंद्र अधीक्षक रंजीत कुमार सुधांशु ने बताया कि उक्त छात्र पर प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण के बाद कृषि विभाग ने दिया प्रमाण पत्र

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ई-किसान भवन बड़हरा में कृषि विभाग द्वारा आयोजित जैविक और प्राकृतिक खेती का दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन किसानों को जैविक खेती और प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के शुरुआत प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम प्रकाश ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी मौजूद किसानों को दी। जहां जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वरीय नोडल पदाधिकारी उमेश कुमार सुमन ने जैविक, प्राकृतिक खेती अपनाने और जल जीवन हरियाली के बारे में बताया। साथ ही उपस्थित किसानों से रासायनिक खाद केमिकल का उपयोग से छुटकारा पाने और परंपरागत खेती करने, और कैश क्रॉप, पपीता, नींबु, आम, फलदार पौधारोपण करने के लिए जानकारी दी, और मिट्टी जांच कराने और मोटा अनाज उत्पादन करने के लिए कहा, अंतिम सत्र में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण में महिला पुरुष किसानों में लीलावती, दुर्गा, रिंकू, कलावती, पूजा, रेखा, लाली देवी, सुधा देवी, बबीता देवी, किरन देवी, विकास कुमार, हरिओम, भोला, विजय, शीला, फुला देवी, अजित, सुभाष, अर्जुन, मनीष, इंद्रजीत, संजय, अमृता, प्रीतम समेत अन्य किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले महिला-पुरुष किसानों को प्रमाण पत्र दिया गया।

# 600 रुपए में पूरे महीने इलाज

## आरा में खुला वामिका हेल्थ केयर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आरा के पकड़ी चौक पर स्टार मेगा मार्ट के सामने वामिका हेल्थ केयर का उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। तस्कर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड फार्मास्यूटिकल चैन के तहत वामिका हेल्थ केयर लोगों को फ्लैट 20% डिस्काउंट के साथ अंग्रेजी की दवाएं और अन्य प्रोडक्ट उपलब्ध कराएगी। बतौर उद्घाटनकर्ता पहुंचे आरा के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वामिका हेल्थ केयर के बारे में



जो मैंने जानकारी ली है उसके मुताबिक यहां पर डॉक्टर भी उपलब्ध होंगे, जिनके द्वारा लिखी गई दवाइयां स्टोर में उपलब्ध होगी, वह भी 20% डिस्काउंट के साथ। इससे निश्चित तौर पर जिले के लोगों को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि आज ऐसे समय में जब बीमारियां बढ़ रही हैं वामिका हेल्थ केयर का डॉक्टर को बिठाने का प्रयास और सस्ते दरों पर दवा देने का प्रयास निश्चित तौर पर सराहनीय है। वामिका हेल्थ केयर के प्रोपराइटर विंध्याचल कुमार ने बताया कि सिर्फ 599 के एनुअल सब्सक्रिप्शन पर कोई भी व्यक्ति एक साल तक यहां पर फिजिशियन के द्वारा इलाज करा सकता है, साथ ही उसे जांच और दवाइयां पर भी 20% के अलावा अतिरिक्त डिस्काउंट मिलेगा।

# श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की अगुआई में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहिया।** प्रखंड के सिकरिया में सुहाग की देवी मां महथिन की जन्मस्थली पर सात दिवसीय आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की पूर्णाहुति मंगलवार को 1008 श्री श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के अगुआई में पूरे वैदिक विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। इसके साथ ही भव्य भंडारा आयोजित किया गया जो देर रात तक चलता रहा। श्री जीयर स्वामी जी का प्रवचन आयोजित किया गया। प्रवचन में एक छोटे से भजन के माध्यम से मानव शरीर को एक चोला की संज्ञा देते हुए स्वामी जी ने बताया कि भजन करो, बिना भजन के कुछ भी हासिल होना नहीं है। एक दिन आदमी हाय-हाय करते दुनिया से चला जाएगा। यह भजन कीर्तन ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। ग्रामीण यज्ञ मंडप की तरफ आने जाने का तांता, सैलाब रूप में लगा रहा। पूर्णाहुति के वक्त, भक्त जनों के द्वारा यज्ञ भगवान की जय, श्री लक्ष्मी नारायण की जय, श्री स्वामी जी महाराज की जय के जयकारे से अकास लगातार गुंजायमान होता रहा। प्रवचन मंडप भीतर से लेकर बाहर तक भक्त जनों से खचाखच भरा हुआ था। यज्ञ समिति के सचिव डॉ. राम ईश्वर चौबे ने श्री जीयर स्वामी जी महाराज की अहैतुक कृपा को चिरस्थापित संग महिमामंडित करते हुए पुलिस प्रशासन के साथ सरकारी मेडिकल टीम के साथ साथ, तमाम वो सभी आम वो खास संग यज्ञ समिति के सभी सदस्यों को साधुवाद प्रेषित किया जिनके अतुल्य सहयोग से इतना बड़ा अनुष्ठान संपन्न हुआ। यज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी कमल कुमार चौबे ने बताया कि बुधवार 18 फरवरी को सुबह 9 बजे स्वामीजी की आरती होगी, इसके बाद यज्ञ समिति के साथ एक सुखद संवाद बैठक होगी तत्पश्चात 12 बजे दोपहर में स्वामीजी का प्रस्थान होगा।

# पीरपैंती में अडाणी फाउंडेशन का मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती प्रखंड के श्रीमतपुर गांव में सोमवार को अदाणी फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में श्रीमतपुर गांव के साथ साथ आसपास के चार गांवों के लोगों ने पहुंचकर मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण की सुविधाओं का लाभ उठाया। इस दौरान जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ तथा नेत्र विशेषज्ञ द्वारा विशेष परामर्श सेवाएं के अलावे विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं गांव स्तर पर उपलब्ध कराई गईं। जिससे ग्रामीणों को बेहतर




स्वास्थ्य सुविधा सुलभ हो सकी। यह निःशुल्क मेगा हेल्थ प्रोग्राम विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए लाभकारी साबित हुआ। ग्रामीणों को बिना किसी शुल्क के परामर्श, जांच एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए यह शिविर राहत भरा अवसर रहा, जहां उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज कराने का मौका मिला। कुल 215 मरीजों ने शिविर में पंजीकरण कराया, जिनमें 100 महिलाएं और 115 पुरुष शामिल थे। सभी लाभार्थियों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह एवं जरूरी दवाईयां निःशुल्क प्रदान किया गया। शिविर के सफल आयोजन पर स्थानीय ग्रामीणों ने अदाणी फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की स्वास्थ्य पहल ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक और सराहनीय है।

# डीएम ने जगदीशपुर प्रखंड की बैजानी पंचायत का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने आज जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत बैजानी पंचायत का विस्तृत दौरा किया और विकास कार्यों की अधतन जानकारी ली। जिले के जगदीशपुर प्रखंड में मंगलवार को एकदिवसीय दौरे पर आए जिलाधिकारी डॉ चौधरी ने इस प्रखंड के बैजानी पंचायत क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम मे उन्होने पंचायत क्षेत्र के तालाब, कुआँ एवं अन्य सामुदायिक परिसंपत्तियों का



जायजा लिया और तालाब के सुदृढ़ीकरण तथा सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण से संबंधित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। वहीं पंचायत सरकार भवन के निकट प्रस्तावित विवाह मंडप निर्माण हेतु चयनित स्थल का भी फैसला लिया जा चुका है।

उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विवाह मंडप का निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं शीघ्र प्रारंभ कराया जाए ताकि स्थानीय ग्रामीणों को सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों हेतु बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि जगदीशपुर प्रखंड आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित है। इस संदर्भ में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि आकांक्षी प्रखंड के मानकों के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आधारभूत संरचना एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं की प्रगति में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त भागलपुर प्रदीप कुमार सिंह, सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री राकेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री विकास कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी भागलपुर श्री विकास कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जगदीशपुर, अंचलाधिकारी जगदीशपुर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कम्प्यूटर जिंदगी का बन चुका है हिस्सा : डा. सहर

## आदर्श परिकल्पना कंप्यूटर सेंटर में छात्र-छात्राओं के बीच किताबों का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मंगलवार को पोखरिया स्थित आदर्श परिकल्पना में एनसीपीयूएल एवं नाइलेट द्वारा संयुक्त रूप से कराए जा रहे एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्स में नामांकित छात्र-छात्राओं के बीच स्लेबस की किताबें जीडी कालेज में एनएसएस अधिकारी व उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ सहर अफरोज एवं नगर निगम वार्ड संख्या -35 की पार्षद व शिक्षाविद डॉ शगुफ्ता ताजवर ने संयुक्त रूप से वितरण किया। मौके पर आदर्श परिकल्पना के सचिव मो आरिफ हुसैन, सेंटर इंचार्ज इनाम, फैकल्टी सौबान अहमद, रखशिंदा अंजुम, मो इरफान, शगुफ्ता प्रवीण, तबस्सुम खान सहित अन्य उपस्थित थे।इस अवसर पर डॉ सहर अफरोज ने कहा कि आज के दौर में कम्प्यूटर जीवन का हिस्सा बन चुका है। अगर कम्प्यूटर नहीं आता तो हम अधूरे हैं। इस लिए हर किसी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि किताब से दोस्ती करोगे तो कामयाबी जरूर मिलेगी। सिर्फ दिलचस्पी लेने की जरूरत है। शिक्षा ऐसी चीज है जो आपको कभी हारने नहीं देगी। लेकिन पढ़ना और मेहनत तो खुद ही करना पड़ेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि तुम्हारी जिंदगी एक चैलेंज है इसे स्वीकार करो। मौके पर डॉ शगुफ्ता ताजवर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने के लिए आपको जुनून पैदा करने की आवश्यकता है। साथ ही कहा आपको सिर्फ सर्टिफिकेट ही नहीं नॉलेज भी लेना है। उन्होंने कहा कि वक्त बहुत कीमती चीज है टाइम मैनेजमेंट सीखिए। गुजरा हुआ समय कभी वापस नहीं आएगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कंप्यूटर सीखना है। एनसीपीयूएल एवं नाइलेट ने आपके लिए एक वर्ष का बेहतर कोर्स डिजाइन किया है।

# भागलपुर कलेक्ट्रेट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा

## अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर समाहरणालय परिसर को आज बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद समूचे परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने मंगलवार को यहां बताया कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा भागलपुर के जिलाधिकारी के सरकारी ई-मेल पर एक मैसेज भेजकर समूचे समाहरणालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी की सूचना मिलते ही सुरक्षा के मद्देनजर परिसर में आमलोगों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि नगर पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक द्वारा खोजी कुत्ते और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंच कर समूचे समाहरणालय परिसर में तलाशी अभियान चलाया गया है।इस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु और व्यक्ति के मिलने की सूचना नहीं मिली है।

श्री यादव ने बताया कि उक्त परिसर की स्थिति बिल्कुल शांतिपूर्ण है और विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस की तकनीकी अनुसंधान सेल उक्त धमकी वाले ईमेल की जांच पड़ताल कर रही है।

मालूम हो कि इसके पहले ई-मेल के जरिए दो बार भागलपुर व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रशासनिक प्रभारी को न्यायलय को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल प्राप्त हुआ है। इसके बाद व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : ईएक्सटीएन–बीआरआर–अपलाइन, दिनांक** 16.02.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल – बराकर स्टेशन यार्ड में अप रिसेप्शन लाइन (लाइन नंबर 16) का विस्तार"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,10,08,062.65, **बयाना राशि:** रु. 2,05,100/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 10.03.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-356/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# चांद बिगहा चेक डैम के निर्माण से सिंचित होगी एक हजार हेक्टेयर भूमि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में केशहर नदी पर निर्माणाधीन चांद बिगहा चेक डैम का स्थल निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, संरचना की स्थिति से संबंधित बिंदुओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान योजना का कार्य प्रगति पर पाया गया। इस योजना की कुल लागत 1006.623 लाख रूपये है। योजना के पूर्ण होने पर चांद विगहा, मनका, गरूआ, धोबडिहा, परसावा, डंगरा, अलारपुर, चौखड़ा, मिर्ज़ापुर एवं बसतपुर सहित आसपास के गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। चेक डैम के निर्माण से लगभग 1000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होने की संभावना है। साथ ही यह योजना जल संरक्षण को भी सुदृढ़ करेगी, चेक डैम के कारण जल का संचयन होने से पेयजल स्तर में वृद्धि होने की संभावना है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता में भी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल अशोक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मदनपुर एवं अंचल अधिकारी मदनपुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हाइवा की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के शंकरपुर मोड़ के पास हाइवा ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव निवासी कृष्ण भगत मेहता के 21 वर्षीय पुत्र अनुभव उर्फ बिशु के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक के चाचा उमेश प्रसाद वर्मा ने बताया कि अनुभव हार्डवेयर की दुकान चलाता था। मैं भी उसके साथ शंकरपुर में ही रहता हूं। मेरे बड़े भाई पूरे परिवार के साथ दिल्ली एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सुबह अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पहुंचे और अपने बेटे को फोन किया। अनुभव बाइक से लाने जा रहा था। इस दौरान हाइवा ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही मेरे भतीजे ने दम तोड़ दिया। अनुभव अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। उसकी बड़ी बहन भूमिका भगत एक निजी विद्यालय में शिक्षिका है। जवान बेटे की असामयिक मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के बाद अनुभव पर पास के सरकारी अस्पताल में लेकर गए थे, लेकिन वहां तत्काल समुचित इलाज की व्यवस्था नहीं थी। लोगों ने प्रशासन से एनएच-139 पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और मोड़ों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नीतीश कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त हाइवा और बाइक को जब्त कर लिया है। जबकि चालक फरार हो गया जिसकी तलाश और मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# डीएम के निरीक्षण में स्कूल में व्याप्त अव्यवस्था उजागर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, चांद बिगहा का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता, कक्षाओं में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पठन-पाठन की स्थिति, विद्यालय अभिलेखों का संधारण तथा विद्यालय की समग्र व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई की स्थिति अपेक्षित नहीं पाई गई। साथ ही, छात्र-छात्राओं के लिए बैठने की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया कि विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं बच्चों के बैठने की व्यवस्था को अविलंब ठीक करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में उपस्थित बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई-लिखाई, पाठ्यक्रम की प्रगति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं नियमितता, तथा शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से पढ़ाए जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन नियमानुसार किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विद्यालय की व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाते हुए नियमित अनुश्रवण किया जाए ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, मदनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, मदनपुर उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेते गिरफ्तार लिपिक निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दस हज़ार रूपये का रिश्वत मांगने वाले हसपुरा प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित निम्नवर्गीय लिपिक श्लोक कुमार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने जांचोपरांत निलंबित कर दिया गया है। विदित हो कि लिपिक पर जमीन के दाखिल-खारिज के एवज में ग्रामीण से रिश्वत मांगने का आरोप था। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर अंचल कार्यालय से ही 10 हजार रुपये रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तारी की गई। इस दौरान लिपिक ने पहले 3500 रूपये लिए और बाद में 15 हजार रूपये की मांग करने लगा। तंग आकर पीड़ित ने पटना स्थित निगरानी विभाग में लिखित शिकायत की। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने 14 फरवरी को अंचल कार्यालय में जांच की और आरोप सही पाए जाने पर सोमवार को ट्रैप कार्रवाई की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही जरूरी है। किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है। इस तरह से कोई यदि रिश्वत मांगता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहीं से भी किसी व्यक्ति को ह्रास की सूचना प्राप्त होगी तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा।

# जेईई मेंस में लॉर्ड बुद्धा के छात्रों ने फिर लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



निखिल कुमार



आभास कृष्णा



कृष्णा राज



अंकित कुमार



अनामिका गुप्ता

**औरंगाबाद।** जेईई मेंस 2026 के घोषित परिणाम में लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विगत 25 वर्षों से मेडिकल एवं आईआईटी जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यालय के छात्र-छात्राएं निरंतर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते आ रहे हैं। इस वर्ष जेईई मेंस 2026 में विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस लाइन, औरंगाबाद निवासी अमरेंद्र कुमार एवं ज्ञानती देवी के पुत्र अंकित कुमार ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विराटपुर अखाड़ा निवासी सुरेंद्र प्रसाद एवं लता गुप्ता की पुत्री अनामिका गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। गांधी नगर, डिहरी ऑन सोन निवासी बसंत कुमार चौधरी एवं नीतू देवी के पुत्र कृष्णा राज ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। गायत्री पथ, मिशन स्कूल, औरंगाबाद निवासी यादवेंद्र यादव के पुत्र आभाष कृष्णा ने 87 प्रतिशत तथा ओबरा निवासी सुभाष कुमार गुप्ता के पुत्र निखिल कुमार ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना परचम लहराया। इन सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय के साथ-साथ औरंगाबाद जिले का भी मान बढ़ाया है। विद्यालय की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे शिक्षकों की सतत मेहनत, विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन कॉन्सेप्ट क्लियरिंग, नियमित डाउट-क्लास, साप्ताहिक मूल्यांकन परीक्षाएँ तथा प्रत्येक विद्यार्थी की व्यक्तिगत प्रगति की निरंतर निगरानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण, आधुनिक शिक्षण संसाधन तथा प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, जिससे छात्र आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं। लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा, शिक्षकों की प्रतिबद्धता एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके सतत प्रयासों ने विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार दुबे एवं उप-प्राचार्य ओमप्रकाश ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं पिछले पच्चीस वर्षों से देश की उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट भागीदारी निभाते आ रहे हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार श्रेष्ठ परिणाम देने के लिए विद्यालय प्रतिबद्ध रहेगा। विद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत है।

# सड़क सुरक्षा माह का समापन, लोगों को जागरूक करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह का आयोजन समाहरणालय के योजना भवन के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। गौरतलब है कि सड़क परिवहन और राज मार्ग मंत्रालय, परिवहन विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में 01 से 31 जनवरी तक जिला में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवधि में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जिले के विभिन्न चिन्हित स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत एवं अन्य माध्यमों से आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के अंतर्गत एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) के द्वारा जागरूकता पैदल मार्च का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के द्वारा पेंटिंग, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। समापन समारोह के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस क्रम में पेंटिंग में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल के सुमित रौशन, द्वितीय स्थान राजकीय अनुग्रह मध्य विद्यालय के पार्थ कुमार, तृतीय स्थान राजकीय अनुग्रह मध्य विद्यालय की रिना कुमारी, रंगोली में प्रथम स्थान राजकीय अनुग्रह मध्य विद्यालय आरूषी कुमारी, द्वितीय स्थान ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल कोमल कुमारी, तृतीय स्थान किशोरी सिन्हा कन्या उच्च विद्यालय के दिब्या कुमारी, क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय का नाम डीएवी पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान राजकीय अनुग्रह मध्य विद्यालय एवं तृतीय स्थान किशोरी सिन्हा कन्या उच्च विद्यालय ने प्राप्त किया है। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, परिवहन विभाग के मोटर निरीक्षक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# औरंगाबाद के लाल ने किया असम विधानसभा का डिजिटलाइजेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के चिरैयांटांड़ गांव निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र सुमन शेखर ने असम विधानसभा का डिजिटलीकरण कर जिले के सम्मान में एक अध्याय जोड़ा है। सुमन शेखर ने एआई और मशीन लर्निंग जैसे कई आधुनिक तकनीकों से लैस अलिसा (असम के लेजिस्लेटिव इंटेलिजेंस सिस्टम के लिए एआई) नामक एप्लिकेशन तैयार किया जिससे असम विधानसभा भारत का पहला डिजिटल विधानसभा बन गया है। इसमें असम विधानसभा के गठन (1937) से आज तक के सारे दस्तावेज और विधानसभा की कार्यवाहियों को मिनटों में प्राप्त किया जा सकता है। बीते सोमवार को असम प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा व विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने संयुक्त रूप से विधानसभा में इस एप्लीकेशन का अनावरण किया। इस अवसर पर राज्य के कई मंत्री और विधायक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस सिस्टम को डिजिटल क्रांतिकारी कदम बताते हुए सुमन और उसकी पूरी टीम को बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने कहा कि जो पुराने दस्तावेजों को ढूंढने में महीनों लग जाते थें। अब वह चुटकियों में मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि सुमन का यह आइडिया मुझे अद्भुत लगा था इसलिए हमने इसे बनाने की मंजूरी दी थी। यह एप्लीकेशन हिंदी, अंग्रेजी, आसामी और बोडो भाषा में उपलब्ध है। यह इतना सरल है कि कोई भी व्यक्ति इसका इस्तेमाल कर सकता है। सुमन शेखर का जन्म मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा अम्बा तथा औरंगाबाद के सिन्हा कॉलेज में हुई। उन्होंने राजस्थान के जयपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। बचपन से ही कुछ अलग करने का चाह थी, इसलिए गुरुग्राम में अभास्त्रा फाउंडेशन की नींव डाली। अपने फाउंडेशन के माध्यम से स्कूल, कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, लॉजिस्टिक, रेलवे प्रोजेक्ट के अलावा राजनीति में तकनीकी उपयोग पर भी कई काम किए।

# ऑटो की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सदर प्रखंड के जम्होर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी स्व. सुभाग ठाकुर के पुत्र गनौरी ठाकुर के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर वे घर के पास स्थित चापाकल पर हाथ-पैर धोने के बाद पानी लेकर खाना खाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार ऑटो की चपेट में आ गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव की ओर से आ रहा ऑटो काफी तेज गति में था। बुजुर्ग जैसे ही सड़क पार कर रहे थे, तभी ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। घटना के तुरंत बाद ऑटो चालक ने तत्परता दिखाते हुए घायल बुजुर्ग को अपने वाहन से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल में चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंच गए और शव से लिपटकर चीत्कार करने लगे। परिजनों के करुण क्रंदन से अस्पताल परिसर गमगीन हो उठा। मृतक के पुत्र बृजमल ने बताया कि जिस ऑटो से दुर्घटना हुई, वह पड़ोसी गांव पिरौटा के एक युवक का है। रामपुर गांव का ही विकास नामक युवक उक्त ऑटो चलाता है। परिजनों का आरोप है कि ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पिस्टल की नोक पर दंपति से ज़ेवर की छिनतई

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच -19 पर दधपी मोड़ के समीप बाइक पर सवार पति-पत्नी किसी शादी समारोह में मनिका जा रहे थे। इस दौरान बाइक से दो अपराधी औरंगाबाद से पिछा करते आ रहे थे। ज्योंहि दधपी मोड़ के पास पहुंचे की अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर पहले बाइक रुकवाया और फिर महिला की सारे सोने-चांदी की ज़ेवर छिनतई कर लिया तथा दहशत फैलाने के लिए अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार , औरंगाबाद कुंडा निवासी जनार्दन सिंह अपनी पत्नी के साथ मनिका शादी समारोह में शिरकत करने जा रहे थे। इसी दौरान अपरधियों ने अपने मंसूबों को अंजाम दिया। पीड़िता के अनुसार, इस घटना में एक लाख रुपये से अधिक का जेवर लेकर बाइक सवार अपराधी फरार हो गए। सूचना पर मदनपुर एसडीपीओ चंदन कुमार और थानाध्यक्ष राजेश कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी कैमरे की मदद ली जा रही है। जल्द ही बाइक सवार अपराधी पकड़े जाएंगे।

# त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया कटौती प्रस्ताव का विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा के चालू सत्र में स्वास्थ्य को लेकर चल रही चर्चा के दौरान औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने विपक्ष के कटौती प्रस्ताव के विरुद्ध बोलते हुए पूर्व और वर्तमान स्वास्थ्य व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 के पहले लगभग पंद्रह वर्षों तक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिसके कारण एक लंबा रिक्त काल बना और उसकी भरपाई अब तक पूरी तरह नहीं हो पाई है। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि एक चिकित्सक को तैयार होने में कम से कम पांच वर्ष लगते हैं, जबकि एक शिक्षक के तैयार होने में कम से कम आठ वर्ष का समय लगता है। इसके बाद सुपर स्पेशलिटी के लिए तीन वर्ष और लगते हैं तथा प्रोफ़ेसर के पद तक पहुंचने में अतिरिक्त पांच वर्ष का समय और लगता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल चिकित्सकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पारा मेडिकल, फार्मासिस्ट, नर्सिंग सहित विभिन्न संकायों की आवश्यकता होती है, जिनका विस्तार भी उस अवधि में बहुत कम हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में एक ओर कटौती प्रस्ताव पर विचार करना और दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं के विकास की बात करना, दोनों एक साथ प्रासंगिक नहीं हैं। औरंगाबाद विधायक ने यह भी कहा कि बिहार सरकार का स्वास्थ्य विभाग पिछले कुछ वर्षों में रोजगार सृजन के क्षेत्र में काफी हद तक सफल रहा है और राज्य के बड़े रोजगार देने वाले विभागों में शामिल होकर उभरा है। अंत में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तृत चर्चा का अवसर देने के लिए आसन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वंचितों की आवाज थे जननायक कर्पूरी ठाकुर : डॉ सुरेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पटना के बापू सभागार में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय जनता दल द्वारा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने जननायक कर्पूरी ठाकुर प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव थे। कहा कि आज हम सब पूरे बिहार से बड़ी संख्या में एक ऐसे महान व्यक्तिव के पुण्यतिथि पर एकत्रित हुए हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन गरीब, पिछड़े, दलित, वंचित एवं मेहनतकश समाज के हक और अधिकार के दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर सिर्फ़ एक नेता नहीं बल्कि वे जनता की आवाज़, एक विचार, एक आंदोलन तथा एक प्रेरणास्त्रोत थे। कर्पूरी ठाकुर का जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति सत्ता पाने का साधन नहीं बल्कि समाज का सेवा करने का संकल्प है। वे एक ऐसे नेता थे जो मंच से नहीं बल्कि जनता के बीच से बोलते थे। उनके चेहरे पर दिखावा नहीं, सादगी के भाव दिखते थे, उनके शब्दों में नफ़रत नहीं समरसता थी और उनके फैसलों में स्वार्थ नहीं, समाजिक न्याय था। आज के समय में जब राजनीति में दिखावा छल, कपट, घृणा और नफ़रत बढ़ रहा है तब कर्पूरी ठाकुर का जीवन हमारे लिए रौशनी की तरह साबित हो रहा है। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए यह वादा करते हैं कि हम जननायक के विरासत को टूटने नहीं देंगे। हम सब मिलकर समाज में भाईचारा बनाए रखेंगे। हम सब हर उस ताक़त का विरोध करेंगे जो गरीब एवं कमजोर वर्गों को दबाने की कोशिश करेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ :-

धर्मेन्द्र कुमार
वरीय सहकारिता पदाधिकारी
जमुई (बिहार)

सहकारी सदस्य किसानों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता